करमा आज



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 03 सितंबर 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 147 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


### ब्रीफ न्यूज

## एनडीए ने कल बुलाया दोपहर तक बिहार बंद

**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी की मां को गाली दिए जाने के मामले में एनडीए ने कड़ा विरोध जताते हुए बिहार बंद का आह्वान किया है. बंद की घोषणा मंगलवार को पटना में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई. एनडीए नेताओं ने बताया कि 4 सितंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिहार बंद रहेगा. इस दौरान आपातकालीन सेवाओं को बाधित नहीं किया जाएगा. बंद शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से होगा.

## कर्ज में डूबे किसान ने खुदकुशी कर ली

**लखनऊ।** यूपी के बागपत में चार लाख रुपये सरकारी कर्ज के बोझ तले दबे किसान ने राजस्व कर्मियों के उत्पीड़न से परेशान होकर खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. इस घटना के बाद किसान के परिजन और गांव के लोग घर के बाहर कर्ज को माफ करने और राजस्व कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दे रहे थे. इसी दौरान किसान की चाची को हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी भी मौत हो गई. गमगीन माहौल में दोनों के शवों को अंतिम संस्कार कर दिया गया.

## उमर और शरजील इमाम को बड़ा झटका

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी कथित साजिश के मामले में अहम फैसला सुनाया. कोर्ट ने जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित कई अन्य आरोपियों को बेल देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया.

### कैबिनेट : हेमंत सरकार ने 67 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन का रास्ता हुआ साफ

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के विस्थापितों को राज्य सरकार जल्द ही उनका हक और अधिकार देगी. मॉनसून सत्र में भी विस्थापन आयोग का मुद्दा उठा था. मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुर्नवास आयोग गठन कार्य एवं दायित्व नियमावली 2025 के गठन को मंजूरी दी गई. इसमें अध्यक्ष सहित दो सदस्य रहेंगे. अध्यक्ष को 10 साल का पुर्नवास से संबंधित विषयों का अनुभवन होना अनिवार्य होगा. दो सदस्यों में से एक सेवानिवृत्त प्रशासनिक सेवा के और दूसरा सेवानिवृत्त जिला सत्र न्यायाधीश होंगे.

इस समिति का अधिकतम कार्यकाल अधिकतम तीन साल का होगा. कैबिनेट की बैठक में कुल 66 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. पूर्व सीएम शिबू सोरेन को आजीवन आबंटित आवास को अब उनकी पत्नी रूपी सोरेन को आजीवन आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई.

**कला भाषा और साहित्य पर जोर :** कैबिनेट की बैठक में कला भाषा साहित्य से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. ललित कला को बढ़ावा देने के लिए झारखंड राज्य ललित कला अकादमी के गठन की स्वीकृति दी गई. झारखंड साहित्य अकादमी और झारखंड राज्य संगीत नाटक अकादमी के गठन की स्वीकृति दी गई. इसके अलावा झारखंड पर्यटन विकास एवं निबंधन संशोधन अधिनियम की स्वीकृति दी गई.

**35 बांधों के पुर्नवास के लिए 238 करोड़ :** कैबिनेट की बैठक में राज्य के 35 बांधों के पुर्नवास के लिए 238 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई. यह राशि बांध पुर्नवास सुधार परियोजना के फेज वन और फेज टू के लिए दी गई है. इसमें 70 फीसदी राशि वर्ल्ड बैंक देगा. 30 फीसदी राशि राज्य सरकार वहन करेगी. पुनासी योजना के लिए 1891 करोड़ 67 लाख की स्वीकृति दी गई.

**जेएसएससी अब दो चरणों में लेगा परीक्षा :** झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग विशिष्ट योग्यता वाले पदों के लिए दो चरणों पीटी और मेंस के रूप में परीक्षा लेगा. लेकिन अगर 50 हजार के कम आवेदन आए तो पीटी की परीक्षा नहीं ली जाएगी. मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत जिन 50 छात्रों को विदेश जाने के लिए राज सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है, उनकी कोटि निर्धारण कर दिया गया है. 20 एसटी के छात्र, 10 एससी के, 6 अल्पसंख्यक और 14 ओबीसी कोटि के छात्र होंगे.

-कैबिनेट के प्रमुख फैसले देखें पेज 2 पर

### पुनासी जलाशय योजना के लिए 1851 करोड़ की स्वीकृति



झारखंड पर्यटन विकास एवं पंजीकरण अधिनियम संशोधन विधेयक एवं बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना के तहत 232 करोड़ की राशि स्वीकृत की गयी है. कैबिनेट ने पुनासी जलाशय योजना के लिए 1,851 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी है. मुख्यमंत्री झारखंड अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक निधि के गठन के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी है. रामगढ़ में बरियातू से हुंडरू पथ के निर्माण के लिए 34 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है.

**5 डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने का प्रस्ताव स्वीकृत :** झारखंड कैबिनेट ने डॉ. फरहान, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. भावना, डॉ. इंद्रनाथ प्रसाद और डॉ. रिंकू सिंह को सेवा से बर्खास्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी. बता दें कि पिछली कैबिनेट की बैठक में भी तीन डॉक्टरों को बर्खास्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी.

### मुंबई ही नहीं तेलंगाना और तमिलनाडु में दो झारखंड भवन बनेगा, जहां जरुरी है नियुक्ति होगी : मुख्यमंत्री

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि मुंबई ही नहीं जहां जहां झारखंड के लोग अधिकतर जाते हैं, वहां वहां झारखंड भवन बनाएंगे. तेलंगाना के सीएम ने अपने राज्य में झारखंड भवन के लिए जमीन देने का आश्वासन दिया है. तमिलनाडु में जमीन मिल चुकी है. जमीन मिलने पर वहां भी झारखंड भवन बनाएंगे. मालूम हो कि मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में नवी मुंबई में झारखंड भवन निर्माण के लिए 159 .28 करोड़ की स्वीकृति दी गयी. मुख्यमंत्री कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे. नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े सवाल पर हेमंत ने कहा, विभागों का काम सुचारु रूप से चले, इसके लिए जहां जहां भी जरूरत होगी, हम नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाएंगे. मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत पहले 25 छात्रों को पढ़ने के लिए विदेश भेजा जाता था, अब इसकी संख्या 50 कर दी गयी है. बिहार चुनाव में झामुमो कितनी सीटों पर लड़ेगा और एसआईआर का क्या झारखंड विरोध करेगा, इस के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि समय आने पर हम बताएंगे.

### सीएम हेमंत सोरेन ने 975 शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र, टॉपर्स को मिले स्कूटी-लैपटॉप और 3 लाख, कहा-



# युवाओं की पढ़ाई व कमाई पर फोकस

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है. इस पर कई कदम उठाए गए हैं और इसके मिल रहे सकारात्मक नतीजे शिक्षा व्यवस्था को और उत्कृष्ट बनाने के लिए हमें प्रेरित कर रहे हैं. हमारी कोशिश शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है. सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण-सह - मेधा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे. मौके पर मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना और झारखंड ई- शिक्षा महोत्सव 2025 का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री ने किया.

उन्होंने कहा कि झारखंड विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े, इसमें हर व्यक्ति को जिम्मेदारी निभानी होगी. सामूहिक प्रयासों से ही झारखंड एक अग्रणी और मजबूत राज्य बनेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है. उन्होंने नेतरहाट आवासीय विद्यालय में को-एजुकेशन करने की घोषणा की. वहां लड़कियों को भी प्रवेश मिलेगा. उन्होंने कहा, नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर तीन और स्कूल खोले जाएंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय अब सीबीएसई से संबद्ध है और वहां विद्यार्थी अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई कर रहे हैं. इसके पीछे सरकार की यही कोशिश है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे किसी भी मामले में निजी स्कूलों से पीछे नहीं रहें.

सीएम सोरेन ने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित करने का काम हमारी सरकार कर रही है. इस कड़ी में बोर्ड के टॉपर्स को सम्मान राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दे रहे हैं, ताकि वे और भी बेहतर तरीके से पढ़ाई कर सकें. वहीं, विदेश में उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जा रही है. इसके साथ गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में विभिन्न कोर्सेंज को करने के लिए 15 लाख रुपए तक का शिक्षा लोन बिना किसी गारंटी के देने की व्यवस्था है. मौके पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर, संजय प्रसाद यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह एवं राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन मौजूद थे.

### नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अब को-एजुकेशन

- स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना व झारखंड ई-शिक्षा महोत्सव का शुभारंभ, नेतरहाट की तर्ज पर खुलेंगे तीन और विद्यालय, नेतरहाट में अब लड़कियों का भी होगा नामांकन, झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, सभी के प्रयासों से ही झारखंड एक अग्रणी और मजबूत राज्य बनेगा, सरकारी स्कूलों को भी निजी विद्यालयों की तरह बनाने की दिशा में उठाए जा रहे हैं कई कदम.

### शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र, मेधावी हुए सम्मानित

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने में 33 पीजी प्रशिक्षित शिक्षक, 909 सहा. आचार्य (गणित-विज्ञान) और 33 लैब सहायकों में से कुछ को सांकेतिक नियुक्ति पत्र दिया. 10 वीं व 12 वीं के टॉपर्स को 3 लाख रुपये की सम्मान राशि के साथ लैपटॉप और स्मार्टफोन दिए गए. जैक बोर्ड के टॉपर्स को स्कूटी भी मिली. मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस के 10 वीं तथा 12 वीं के टॉपर्स को लैपटॉप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. विभिन्न बोर्डों की 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शत- प्रतिशत रिजल्ट देने वाले विद्यालय भी हुए सम्मानित. झारखंड सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल विद्यार्थी किए गए सम्मानित. विद्यालय प्रमाणीकरण योजना अंतर्गत स्वर्ण श्रेणी में सफल विद्यालयों को सम्मानित किया गया.




### झारखंड के छह जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के की दिशा में बढ़ा कदम, केंद्र का सकारात्मक रुख

# धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और जमशेदपुर में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्य सरकार के प्रस्ताव को बताया सकारात्मक

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल शुरू होने जा रही है. राज्य सरकार ने धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिलों में नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था. इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए प्रस्ताव की गंभीरता से समीक्षा कराने का आश्वासन दिया है.

- **पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा प्रोजेक्ट :** नगर विरकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्र से अनुरोध



किया कि छह जिलों के जिला अस्पतालों को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेजों में बदला जाए. यह योजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर आधारित होगी और इसके लिए प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों विभाग को भेजा गया है.

### राज्य को चाहिए 39 मेडिकल कॉलेज

शहरी विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखकर बताया कि झारखंड की 3.92 करोड़ की आबादी के मुकाबले सिर्फ 9 मेडिकल कॉलेज (7 सरकारी और 2 निजी) हैं, जबकि राष्ट्रीय मानक के अनुसार राज्य को कम से कम 39 मेडिकल कॉलेजों की जरूरत है. मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य में प्रति 1000 की आबादी पर मात्र 0.18 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 0.96 है. इसी तरह अस्पतालों में प्रति हजार जनसंख्या पर बेड की उपलब्धता भी राष्ट्रीय औसत 1.5 से काफी नीचे है.

### नड्डा ने दी सकारात्मक प्रतिक्रिया

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पत्र के जवाब में कहा कि झारखंड सरकार का प्रस्ताव प्राप्त हो गया है और इसे संबंधित विभाग द्वारा जांचा जा रहा है. उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है. राज्य सरकार को उम्मीद है कि इन मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अपने ही राज्य में बेहतर अवसर मिलेंगे.

### स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है. उन्होंने केंद्रीय मंत्री की प्रतिक्रिया को राज्य के लिए उत्साहजनक बताया और उम्मीद जताई कि केंद्र का सहयोग आगे भी मिलता रहेगा.

## कैबिनेट के प्रमुख फैसले



- विद्यालयों की मान्यता नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई, जिससे अब स्कूलों को मान्यता देने की प्रक्रिया और अधिक स्पष्ट और प्रभावी होगी.
- झारखंड आकस्मिक निधि से 20 करोड़ की निकासी को घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.
- राज्य सड़क सुरक्षा कोष के प्रारूप को मंजूरी मिली.
- 2004 के बाद नियुक्त 31 अतिरिक्त लिपिकों को निबंधन कार्यालय में अस्थायी लिपिक का दर्जा मिलेगा.
- जनगणना अधिसूचना के पुनः प्रकाशन को स्वीकृति दी गई.
- उच्च न्यायालय के निर्देश पर नवल किशोर और जेम्स डेनियल टोप्पो की सेवा को नियमित किया गया.
- गिरिडीह में पदस्थापित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. फरहाना, डॉ. भावना, और डॉ. इंद्रनाथ प्रसाद को सेवा से बर्खास्त किया गया.
- झारखंड विशिष्ट अंग प्रत्यारोपण गाइडलाइन को कैबिनेट की मंजूरी मिली.
- मैनुअल स्केवेंजर्स को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग में शामिल किया गया.
- मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना को मंजूरी दी गई, जिससे प्रवासी मजदूरों को राज्य सरकार की ओर से सीधी आर्थिक सहायता मिल सकेगी.
- रामगढ़ के बरियातू पथ निर्माण के लिए 34 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति मिली.
- देवघर में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए राशि स्वीकृत.
- झारखंड राज्य ललित कला अकादमी के गठन को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई. इससे राज्य में कला, पेंटिंग, मूर्तिकला और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा.
- झारखंड राज्य साहित्य अकादमी के गठन को मंजूरी दी गई है. यह संस्था राज्य में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेगी.
- झारखंड राज्य संगीत नाटक अकादमी की स्थापना को भी हरी झंडी मिल गई है, जिससे नाट्य, संगीत और लोक कला को संरक्षित व प्रोत्साहित किया जा सकेगा.
- इन अकादमियों के अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्षों का निर्धारित किया गया है.
- झारखंड पर्यटन विकास एवं निबंधन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक भी कैबिनेट से पारित हो गया है.
- बांध सुधार एवं पुनर्वास सुविधा योजना के तहत राज्य के 28 बांधों के रख-रखाव और पुनर्वास कार्य के लिए कैबिनेट ने राशि की मंजूरी दी है.
- 16वें वित्त आयोग के झारखंड दौरे पर हुए व्यय को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई है.
- डॉ. रिंकू कुमारी सिंह को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है.
- झारखंड कोचिंग सेंटर (विनियमन) विधेयक को घटनोत्तर मंजूरी दी गई है. इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में कोचिंग संस्थानों को नियामक ढांचे के तहत लाना है ताकि छात्रों को बेहतर और सुरक्षित शिक्षा माहौल मिल सके.
- हाता-चाईबासा लिंक रोड के निर्माण के लिए 75 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है. यह सड़क परियोजना आदिवासी बहुल क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और क्षेत्रीय विकास को गति देगी.
- मुंबई में झारखंड भवन के निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 159 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है.
- विभिन्न जिलों से प्राप्त अधियाचना के आलोक में आकस्मिकता निधि से कुल 20 करोड़ रुपये अग्रिम के रूप में स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी.
- झारखंड कोचिंग सेंटर बिल, 2025 पर मंत्रिपरिषद् की घटनोत्तर स्वीकृति.

### घाटशिला उपचुनाव : मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत

## 29 सितंबर को होगी अंतिम सूची प्रकाशित



**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद होने वाले घाटशिला (अजजा) विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है. निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि 2 सितंबर को प्रारूप मतदाता सूची जारी की गई है. पात्र नागरिक 2 से 17 सितंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं. इनका निपटारा 25 सितंबर तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 29 सितंबर 2025 को प्रकाशित होगी.

बता दे कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में इस बार कुल 2,51,367 मतदाता पंजीकृत हैं. इनमें 1,23,314 पुरुष, 1,28,050 महिलाएं और 3 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं. इसके अतिरिक्त 2,648 दिव्यांग और 636 वरिष्ठ मतदाता भी सूचीबद्ध हैं. बेहतर सुविधा के लिए 12 नए मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं. मतदान केंद्रों को 291 से बढ़ाकर 300 किया गया हैं.

वोटर प्रपत्र-6, 6ए, 7 और 8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है. यह आवेदन बीएलओ, एईआरओ और ईआरओ के पास निःशुल्क जमा किया जा सकता है. साथ ही मतदाता voters.eci.gov.in पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. जानकारी और सहायता के लिए निर्वाचन विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 1950 उपलब्ध कराया है.

### झारखंड में विस्थापन आयोग अंततः जमीन पर उतरा

# विस्थापितों की समस्याओं का हरसंभव निराकरण बताएगा

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड सरकार ने 8 जुलाई 2024 को ही कैबिनेट की बैठक में झारखंड विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन का निर्णय लिया था. अन्यान्य में लिए गए इस निर्णय के बाद बात आगे नहीं बढ़ी थी. लेकिन मंगलवार को राज्य सरकार ने आज वास्तविक रूप में झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग(गठन, कार्य, दायित्व) नियमावली 2025 को मंजूरी दे दी. आयोग के गठन का उद्देश्य बताते हुए राज्य सरकार ने कहा कि झारखंड में विभिन्न परियोजनार्थ भूमि का अधिग्रहण होते रहा है. इसके कारण होनेवाले विस्थापन से उत्पन्न स्थिति का समाधान जरूरी है. हालांकि पहले से भूमि अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत कई तरह की अनुश्रवण समितियां गठित है. लेकिन झारखंड में भू-अर्जन से होने वाले विस्थापन का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कोई प्रावधान नहीं है. इसलिए वर्षों से विस्थापन



आयोग के गठन की मांग की जाती रही है. इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में आयोग के गठन का फैसला किया. साथ ही इसके कार्य एवं दायित्व संबंधी नियमावली को भी मंजूरी दी. मालूम हो कि राज्य में एनएचएआई, एनटीपीसी, गेल, सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल की योजनाओं के कारण लाखों लोग विस्थापित हुए. इसके अलावा विभिन्न डैमों एवं सिंचाई परियोजनाओं के कारण भी भारी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं.

**कार्य एवं दायित्व :** आयोग भू-अर्जन से विस्थापित व्यक्ति, परिवार एवं कुटुंब का सामाजिक, आर्थिक अध्ययन एवं सर्वेक्षण करेगा. सामाजिक रूप से पिछड़े व्यक्ति, परिवार या समुदाय की पहचान करेगा. उस क्षेत्र की पहचान करेगा एवं उनके पुनर्वास का सुझाव देगा. अनुसंधान एवं योजना बनाने के लिए सरकारी संस्थाओं को आंकड़े उपलब्ध कराएगा. पुनर्वास योजनाओं के किर्यान्वयन एवं उन्मुखीकरण की समीक्षा करेगा.

### कौन होगा आयोग का अध्यक्ष और सदस्य

सामुदायिक विकास कार्यक्रमों एवं विस्थापन तथा पुनर्वास के क्षेत्र में 10 वर्षों का कार्य अनुभव रखनेवाले व्यक्ति को राज्य सरकार आयोग का अध्यक्ष बनाएगी. आयोग में प्रशासनिक सेवा का रिटायर अधिकारी जो संयुक्त सचिव स्तर से कम का न हो सदस्य होंगे. इसी तरह जिला जज स्तर के विधि विशेषज्ञ इसके दूसरे सदस्य होंगे. इसके अलावा जरूरी समझने पर आयोग में एसटी, एससी एवं ओबीसी समुदाय से तीन सदस्य नामित किए जाएंगे. साथ ही संबंधित क्षेत्र के डीसी, जिला परिषद के अध्यक्ष, संबंधित प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष एवं पारंपरिक ग्राम प्रधान, मानकी मुंडा इसके सदस्य होंगे. सरकार की ओर से अनुदान के रूप में आयोग को समय समय पर राशि उपलब्ध करायी जाएगी.

### बीएड कॉलेजों में नियमितताओं पर सुनवाई पूरी

## एनसीटीई को जांच का निर्देश

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों से संबद्ध बीएड कॉलेजों में एनसीटीई (राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद) के नियमों की अनदेखी और शिक्षक नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस याचिका को निष्पादित कर दिया. यह जनहित याचिका प्रार्थी अनंत राज जेजावारे द्वारा दायर की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि रांची विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, सिदो कान्हू विश्वविद्यालय, विनोद बिहारी विश्वविद्यालय और कोल्हन विश्वविद्यालय समेत राज्य के बीएड कॉलेजों में एनसीटीई एक्ट की धारा 14 के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है. छात्रों के अनुपात में शिक्षक नहीं हैं और कॉलेजों का संचालन अव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है. प्रार्थी के अधिवक्ता उत्पल कांत ने अदालत से अनुरोध किया कि राज्य सरकार और विश्वविद्यालयों को नियमों के अनुरूप शिक्षक नियुक्ति और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए. सुनवाई के दौरान एनसीटीई की ओर से अदालत को आश्वासन दिया गया कि यदि बीएड कॉलेजों की सूची और शिकायतों का ब्योरा उपलब्ध कराया जाए, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. इसके बाद अदालत ने याचिका को निष्पादित करते हुए प्रार्थी को एनसीटीई के ईस्टर्न रीजनल कमेटी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने की छूट दी.

### 11वीं जेपीएससी के उम्मीदवारों की याचिका पर सुनवाई कोर्ट के आदेश पर नियुक्ति प्रक्रिया हो सकती है प्रभावित

**रांची।** 11वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में असफल रहे राजेश प्रसाद सहित कुल 54 अभ्यर्थियों की याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेपीएससी की नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेपीएससी के अधिवक्ता को निर्देश दिया कि अगर अगली सुनवाई तक काउंटर एफिडेविट दायर नहीं किया गया, तो आयोग को और अवसर नहीं दिया जाएगा.

### आमने-सामने

### सरकार सिर्फ कमीशनखोरी के लिए टाल रही नगर निकाय चुनावः प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सोरेन सरकार पर नगर निकाय चुनाव को लेकर तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा लोकतंत्र को मजबूत करने की नहीं, बल्कि अफसरशाही और कमीशनखोरी को बढ़ावा देने की है. प्रतुल ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझ कर ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी नहीं कर रही, ताकि चुनाव को बार-बार टाला जा सके और जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की जगह नौकरशाही शासन करती रहे. शाहदेव ने झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए बताया कि 4 जनवरी 2024 को अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि तीन सप्ताह के भीतर चुनाव कराए जाएं. सरकार की अपील खारिज होने के बाद भी 16 जनवरी 2025 को कोर्ट ने फिर आदेश दिया कि जिन नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में समाप्त हो चुका है, वहां मई 2025 तक चुनाव करा लिए जाएं. इसके बावजूद सरकार ने चुनाव नहीं कराए.कहा कि अदालत ने कई बार राज्य सरकार की लापरवाही पर नाराज़गी जताई है और आज की सुनवाई में भी कोर्ट ने सरकार के टालमटोल रवैये को गंभीर अपराध बताया. उन्होंने कहा कि भाजपा मांग करती है कि सरकार अविलंब चुनाव की तिथि घोषित करे और पिछड़ों को उनका संवैधानिक आरक्षण सुनिश्चित करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करे.

### हेमंत सरकार कर रही न्यायपूर्ण चुनाव की तैयारी, भाजपा को सत्ता की जल्दी : विनोद



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव व प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा को लोकतंत्र की नहीं, बल्कि सत्ता हथियाने की जल्दी है. उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा मचाया जा रहा शोर-शराबा उनकी हताशा और निराशा को दर्शाता है. हेमंत सोरेन की सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और वह समाज के हर वर्ग, पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है. सरकार "ट्रिपल टेस्ट" प्रक्रिया के तहत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है, जबकि भाजपा चाहती है कि बिना तैयारी के चुनाव कराए जाएं, ताकि सामाजिक न्याय को दरकिनार किया जा सके.

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को शुरू से ही आरक्षण और पिछड़ों की भागीदारी से आपत्ति रही है. यही कारण है कि जब राज्य सरकार सामाजिक न्याय की दिशा में आगे बढ़ रही है, तो भाजपा बौखला गई है. पांडेय ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं को अफसरशाही और पूंजीपतियों की जेब में रखना चाहती है, जबकि झामुमो सरकार सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सरकार चुनाव की दिशा में ठोस कदम उठा रही है. भाजपा को लोकतंत्र की दुहाई देने से पहले अपने कार्यकाल को देखना चाहिए, जब उसने जानबूझकर निकाय चुनाव टालकर पिछड़ों को उनके अधिकार से वंचित किया था. झामुमो सरकार हर हाल में न्यायपूर्ण, आरक्षण आधारित और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत नगर निकाय चुनाव कराएगी.

### झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति का सम्मेलन

## स्थानीय नीति, भाषा-संस्कृति व अधिकारों पर जोर

**शुभम संदेश। रांची**

प्रेस क्लब मोरहाबादी, रांची में झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति के बैनर तले मंगलवार को आंदोलनकारी साथियों का जुटान हुआ. इस मौके पर झारखंड राज्य गठन के मूल उद्देश्य को पूरा करने और स्थानीय नीति व अधिकारों की रक्षा के लिए पुनः एकजुट होकर आंदोलन तेज करने का आह्वान किया गया.

**भूमि अधिग्रहण पर रोक की मांगः** महतो ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसी भी राजस्व मौजा में निजी संपत्ति, जमीन, बन भूमि या खनिज संसाधन, जिन पर आदिवासी और मूलवासी वर्षों से आश्रित हैं, का अधिग्रहण नहीं कर सकती. पेसा कानून के अनुसार पांचवी अनुसूची क्षेत्र के सभी निवासियों को समान अधिकार प्राप्त हैं और इसमें किसी जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव की गुंजाइश नहीं है.

**शिक्षा में स्थानीय भाषाओं को शामिल करने की मांगः** वक्ताओं ने यह भी कहा कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक छह जनजातीय भाषाओं (कुड़ुख, कुरमाली, हो, मुंडारी, संथाली, खड़िया) और तीन क्षेत्रीय भाषाओं (पंचपरगनियां, नागपुरी, खोरठा) को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए. साथ ही, नियोजन नीति में भी इन भाषाओं के आधार पर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की गई, ताकि रोजगार के अवसर मिलें और भाषा-संस्कृति की रक्षा हो सके.

**आजसू के पुनर्गठन की घोषणाः** सम्मेलन में एक स्वर से यह निर्णय लिया गया कि गैर राजनीतिक स्वतंत्र छात्र संगठन ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) का पुनर्गठन किया जाएगा. इसके जरिए छात्र और युवा पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी ताकि झारखंड राज्य गठन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघर्ष जारी रखा जा सके.

**प्रमुख आंदोलनकारी रहे शामिलः** इस मौके पर ललित कुमार महतो के साथ हीरा नाथ साहू, रामजी भगत, ऐनुल अंसारी, रंजीत उरांव, सागर महतो, छब्बू लाल महतो समेत दर्जनों आंदोलनकारी साथी मौजूद थे.



### भाषा- संस्कृति झारखंडियों की पहचानः ललित

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) बृहत झारखंड के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी संपर्क समिति के मुख्य संयोजक ललित कुमार महतो ने कहाः भाषा, संस्कृति और खतियान झारखंडियों की पहचान है. इनके आधार पर ही स्थानीय एवं नियोजन नीति लागू करनी होगी. उन्होंने आगे कहा कि पेशा कानून और बन अधिनियम 2006 का पूर्ण रूप से पालन होने पर ही ग्राम सभा का अधिपत्य स्थापित होगा और झारखंडवासियों का वास्तविक कल्याण संभव होगा.

### दिशा की बैठक में शामिल हुईं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

# विकास योजनाओं की समीक्षा की

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मंगलवार को रांची जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में शामिल हुईं और रांची जिले की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, उनकी समीक्षा और उन्हें गति देने पर चर्चा की. बैठक में कृषि मंत्री ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि स्वीकृत लक्ष्य और अब तक पूर्ण योजनाओं की समीक्षा आवश्यक है. उन्होंने प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स गठित करने का सुझाव दिया, जिससे कि योजना के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति



सामने आ सके. साथ ही उन्होंने पीएम आवास की राशि 1.20 लाख (एक लाख बीस हजार) रुपये से बढ़ाने की मांग की और कहा कि इसके लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों को केंद्र सरकार से विशेष पहल करनी चाहिए.

कृषि मंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि वर्तमान में ग्रामीण इलाकों के लोग पीएम आवास की तुलना में अबुआ आवास योजना को प्राथमिकता दे रहे हैं. उन्होंने अतिवृष्टि से प्रभावित मकानों के सर्वे पर भी सवाल उठाए और कहा कि पूर्ण क्षति वाले मकानों को आंशिक बताना प्रभावित परिवारों का दर्द बढ़ाता है. उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर फोटोयुक्त रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया.

मनरेगा पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की उपेक्षा के कारण सामग्री मद का भुगतान लंबित है, जिससे योजना अपने लक्ष्य पर खरा नहीं उतर पा रही है. उन्होंने जोर देकर कहा कि दिशा की बैठक राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मंच न बने, बल्कि जन-उपयोगी साबित हो. बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद कालीचरण मुंडा, समेत कई विधायक और सांसद मौजूद थे.

### त्योहारों को ले अलर्ट मोड पर प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

# डीजीपी का सख्त निर्देश : संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में करमा पूजा, ईद मिलादुन्नबी और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों को लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को सुरक्षा समीक्षा बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने की. बैठक का मकसद त्योहारों के दौरान राज्यभर में शांति, सौहार्द और विधि-व्यवस्था बनाए रखना था.

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि त्योहारों के दौरान प्रदेशभर में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने सभी जिलों को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में पूर्व में सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं हुई हैं, वहां अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए. उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई हो और जरूरत पड़ने पर सादे लिबास में बल की तैनाती की जाए. सभी जिला नियंत्रण कक्षों को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने, साथ ही महिला सुरक्षा पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए गए.



### डीजीपी के निर्देश

- सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई हो
- जरूरत पड़ने पर सादे लिबास में बल की तैनाती की जाए
- सभी जिला नियंत्रण कक्षों को और अधिक सक्रिय बनाया जाए
- महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष निगरानी रखी जाए


**AFFIDAVIT**

Through an Affidavit No.: 10 Dated 01.09.25 from Jamshedpur court, I, **Pradeep Kumar Singh**, S/o Shri **Murari Singh**, resident of Radhikanagar, Kharangajhar, Telco, Jamshedpur- 831004, District East Singhbhum, Jharkhand, Adhar card no. **576031597596** do hereby declare that my wife's name has been wrongly recorded as **Anita Devi** in my children's school records. Her correct name is **Anita Singh**. Henceforth, in all school records/documents of my children (**Khushi Singh**, **Muskan Singh** and **Prateek Singh**), my wife's name shall be considered as **Anita Singh** only.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, बुधवार 03 सितंबर 2025 • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 • रांची एवं पटना से प्रकाशित • वर्ष : 3, अंक : 147 • मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


# पीएम मोदी ने साधा निशानाः ये गालियां मेरी मां का नहीं, हर मां का अपमान

- पीएम मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा, मुझे पता है कि बिहार की हर मां को यह देख-सुन कर बहुत बुरा लगा है. जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है.

एजेंसियां। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस-आरजेडी के मंच से दी गई कथित भद्दी बयानबाजी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि हाल ही में बिहार में आरजेडी-कांग्रेस के मंच से उनकी मां को गालियां दी गईं. पीएम मोदी ने कहा, मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है. इस समृद्ध परंपरा वाले बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी. मेरी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, फिर भी उन्हें गालियां दी गईं.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मां को गाली नहीं सहेंगे, इज्जत पर वार नहीं सहेंगे, आरजेडी का अत्याचार नहीं सहेंगे, कांग्रेस का वार नहीं सहेंगे, मां का अपमान नहीं सहेंगे. गली-गली से ये आवाज उठनी चाहिए. प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि यह अपमान सिर्फ उनकी मां का नहीं, बल्कि देश की हर मां, बहन और बेटी का अपमान है. पीएम मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा, मुझे पता है कि बिहार की हर मां को यह देख-सुन कर बहुत बुरा लगा है. जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है. उन्होंने कहा, मुझे पता है कि आप सबको भी, बिहार की हर मां को ये देख-सुनकर कितना बुरा लगा है. मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है.

### छठी मइया से माफी मांगे कांग्रेस और राजद



### गाली वाली सोच महिलाओं को कमजोर समझती है

मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि जिस मां का अब शरीर भी नहीं है, उन्हें आरजेडी और कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह केवल व्यक्तिगत अपमान नहीं बल्कि सामाजिक अपमान है, जिसे बिहार की जनता ने भी महसूस किया है. पीएम मोदी ने कहा, मां को गाली देने वाली सोच, बहन को गाली देने वाली सोच, महिलाओं को कमजोर समझती है. ये मानसिकता महिलाओं को शोषण और अत्याचार की वस्तु मानती है. इसलिए, जब-जब महिला विरोधी मानसिकता को सत्ता मिली है, सबसे ज्यादा तकलीफें माताओं-बहनों-बेटियों को ही झेलनी पड़ी है.

**माई के स्थान, देवता पीतर से भी ऊपर होला :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एक गरीब मां ऐसे ही तपकर अपने बच्चों को शिक्षा-दीक्षा देती है, ऊंचे संस्कार देती है. इसलिए मां का स्थान देवी-देवताओं से भी ऊपर माना जाता है. बिहार के ही संस्कार हैं और हर बिहारी के मुंह से तो ये बात यूं ही निकलती है. माई के स्थान, देवता पीतर से भी ऊपर होला. उन्होंने कहा, उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था. इसलिए, मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी. इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक नई पहल दी और साथ ही विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि उनकी मां का अपमान पूरे देश की माताओं का अपमान है.

**मोदी ने राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड की शुरुआत की :** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की महिलाओं के लिए एक नई सुविधा की शुरुआत की. उन्होंने वर्चुअल माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया और संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए. इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि इस सुविधा से बिहार की हर गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को आसानी से पैसे मिल पाएंगे. उन्हें वित्तीय मदद मिलेगी, जिससे उनके काम और कारोबार को आगे बढ़ाने में काफी सहायता मिलेगी.

### कांग्रेस ने दी सफाई, कहा-सोनिया को जर्सी गाय कहने वालों को बोलने का हक नहीं

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी बीजेपी पर कड़ी आलोचना की है. उन्होंने कहा कि मोदी ने



पहले सोनिया गांधी को 'जर्सी गाय' कहकर अपमानित किया था. ऐसे लोगों को नैतिकता पर बोलने का कोई हक नहीं है. अनवर ने यह भी दावा किया कि जिस मंच पर पीएम को अपशब्द कहे गए, कांग्रेस नेता राहुल गांधी वहां मौजूद ही नहीं थे. तारिक अनवर ने बीजेपी और आरएसएस नेताओं को आईना दिखाने की जरूरत पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा, आप जैसा बोलोगे, वैसी ही प्रतिक्रिया की उम्मीद रखें. सांसद ने बीजेपी सरकार को भी निशाने पर लिया और आरोप लगाया कि यह सरकार चोरी से सत्ता में आई है. कांग्रेस सांसद ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में नेताओं को जिम्मेदारी से बोलना चाहिए और दूसरों के सम्मान का ध्यान रखना चाहिए.

### प्रधानमंत्री मोदी ने बताया 7.8% की विकास दर का राज

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया अब भारत पर भरोसा करती है और देश के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर उद्योग का भविष्य बनाने के लिए तैयार है. उन्होंने आगे कहा कि सरकार जल्द ही सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अगली पीढ़ी के सुधार शुरू करेगी. सेमीकॉन इंडिया 2025 का उद्घाटन करते हुए मोदी ने ग्लोबल चिप मार्केट में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि देश ट्रिलियन डॉलर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है. पीएम मोदी ने कहा, 2021 से स्वीकृत 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में 18 अरब डॉलर का निवेश किया जा रहा है. उन्होंने आगे कहा, दुनिया भारत पर भरोसा करती है, दुनिया भारत में विश्वास करती है और दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है.

## ब्रीफ न्यूज

### ज्वेलरी शॉप से 20 लाख की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**हजारीबाग।** जिले के बरकट्ठा में सोमवार देर रात चोरों ने एक ज्वेलरी शॉप, ज्योति ज्वेलर्स, से करीब 20 लाख रुपये के गहने और नकदी चुरा लिया. यह दुकान बैंक ऑफ इंडिया के पास स्थित है. चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है. चोरों ने योजनाबद्ध तरीके से दुकान में प्रवेश किया. उन्होंने सबसे पहले दुकान के शटर और ग्रिल पर लगे ताले को तोड़ा. ताला तोड़ने के बाद, वे अंदर घुसे और दुकान में रखे हाई सिक्योरिटी लॉकर को भी तोड़ दिया. लॉकर से चोरों ने सोने-चांदी के सभी गहने और नकदी चुरा लिए. दुकान के मालिक, संजय सोनी ने बताया कि वे हर दिन की तरह सोमवार रात 8 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे. मंगलवार की सुबह, उन्हें मकान मालिक से चोरी की सूचना मिली. जब वह दुकान पर आए, तो उन्होंने शटर का ताला टूटा हुआ पाया और देखा कि दुकान के भीतर सारा सामान बिखरा हुआ था. चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए और पूरी वारदात कैमरे में रिकॉर्ड हो गई.

### सिर्फ 50 रुपये के लिए दोस्त की चाकू मारकर हत्या, गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडराडीह गांव में महज 50 रुपये के विवाद में दोस्त ने दोस्त की जान ले ली. जानकारी के अनुसार, मृतक अनाउल अंसारी ने अपने मित्र मकसूद अंसारी को 200 रुपये उधार दिए थे. घटना वाले दिन आरोपी ने 150 रुपये लौटा दिए थे, लेकिन बचे हुए 50 रुपये को लेकर दोनों के बीच झगड़ा इतना बढ़ा कि मकसूद ने अनाउल पर चाकू से कई वार कर दिए. घायल अनाउल को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.घटना की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह एसपी ने एसआईटी का गठन किया, जिसने सोमवार को अशगंदो जंगल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

## निकाय चुनावः हाईकोर्ट ने सरकार की और समय की अपील ठुकराई

# 10 सितंबर को अगली सुनवाई

शुभम संदेश। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव कराने के लिए और समय मांगने पर कड़ी नाराजगी जताई है. कोर्ट ने राज्य सरकार के आग्रह को ठुकरा दिया है. झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें राज्य सरकार की ओर से निकाय चुनाव कराने के लिए और समय मांगा गया, लेकिन कोर्ट ने मांग को खारिज कर दिया. कोर्ट ने समय से चुनाव न कराने पर फिर से नाराजगी जताई और माना की कोर्ट की अवमानना हुई है. मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पक्ष रखा, वहीं सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने पक्ष रखा. सुनवाई में मुख्य सचिव अलका तिवारी भी मौजूद रहीं.




### 18 जुलाई को हुई थी सुनवाई

इससे पहले 18 जुलाई को मामले की सुनवाई हुई थी. हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव न कराने पर सख्त टिप्पणी की थी. अदालत ने कहा कि सरकार कोर्ट के आदेश को दरकिनार कर कानून के राज का गला घोंट रही है, जिससे संवैधानिक तंत्र विफल हो गया है. अदालत ने चुनाव में देरी को जानबूझ कर किया गया प्रयास बताया और अगली सुनवाई में मुख्य सचिव को सशरीर उपस्थित रहने का आदेश दिया था.

### क्या है मामला

हाईकोर्ट ने जनवरी में ही आदेश दिया था कि तीन सप्ताह के भीतर राज्य के सभी नगर निकायों में चुनाव कराए जाएं, लेकिन अबतक चुनाव नहीं कराए गए. झारखंड में नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में ही समाप्त हो चुका है. तय समय सीमा 27 अप्रैल 2023 तक चुनाव होने थे, लेकिन ओबीसी आरक्षण तय करने की प्रक्रिया के चलते चुनाव टल गए. सरकार ने ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया शुरू तो की, लेकिन एक साल बाद भी इसे पूरा नहीं कर सकी. वर्तमान में नगर निकायों का संचालन प्रशासकों द्वारा किया जा रहा है और पिछले ढाई वर्षों से कोई निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं है.

## हजारीबाग : सिद्धू कान्हू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

# आदिवासी समाज का फूटा गुस्सा, चौराहा जाम

शुभम संदेश। हजारीबाग



हजारीबाग में एक बार फिर असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है. पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास स्थित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया. घटना के बाद आदिवासी समाज व स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे और सिद्धू कान्हू चौक पर जाम लगा दिया. उनका कहना है कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा जाता, जाम जारी रहेगा.

घटना को लेकर कांग्रेस के त्रिपुरा, अगरतला विधायक दल के नेता सुदीप राय बर्मन ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमा खंडित करना उनके योगदानों को अपमानित करने के समान है. वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डेढ़ महीने पहले प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया. उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि इतने व्यस्त चौक पर अब तक एक भी सीसीटीवी कैमरा क्यों नहीं लगाया गया है. झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री जयप्रकाश पटेल ने कहा कि इस प्रकार की मानसिकता रखने वाले लोग जेल में रहने लायक हैं और जिला प्रशासन को तुरंत दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए. सरना समिति के जिलाध्यक्ष महेंद्र बेक ने चेतावनी दी कि डेढ़ महीने में यह दूसरी घटना है और अब आदिवासी समाज इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा.

पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष विजय सिंह भोक्ता ने कहा कि यह पूरे आदिवासी समाज का अपमान है. उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें अपने पूर्वजों की तरह तीर-धनुष लेकर सड़कों पर उतरना पड़ेगा. गौरतलब है कि 30 जून 2022 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस प्रतिमा का अनावरण किया था और इस चौक का नामकरण सिद्धू कान्हू चौक किया गया था. लेकिन प्रतिमा के लगातार क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं लोगों की भावनाओं को आहत कर रही हैं. सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि शहर के अत्यंत व्यस्त इलाके में स्थित इस महत्वपूर्ण चौक पर अभी तक एक भी सीसीटीवी कैमरा क्यों नहीं लगाया गया. फिलहाल, हजारीबाग में यह मामला गर्मा चुका है और लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है.

## गिरिडीहः चलते कोयला लदे ट्रक में लगी आग

# चालक ने कूदकर बचाई जान



शुभम संदेश। गिरिडीह

जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के संतरूपी के पास उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब चलते कोयला लदे ट्रक में अचानक आग लग गई. यह घटना मंगलवार देर रात करीब 2 से 3 बजे की बताई जा रही है. ट्रक बिहार की ओर जा रहा था. चालक ने सूझबूझ दिखाई और ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत बगोदर थाना पुलिस को सूचना दी गई. इसके बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की. कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया. लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था. लेकिन राहत की बात यह थी कि चालक सुरक्षित बाहर निकल आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया.

# सनकी आशिक ने दंपती की चाकू मारकर की हत्या, दो घायल

शुभम संदेश। दुमका

जिले के शिकारीपाड़ा थाना के सुंदरा फलान गांव में एक सनकी आशिक ने दंपती की चाकू मार कर हत्या कर दी. जबकि दो बहनों को घायल कर दिया. घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है. सूचना पर शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घायल दोनों बहनों को इलाज के लिए दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा. जहां दोनों का इलाज चल रहा है. पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर अनुसंधान में जुट गई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए फिलहाल पुलिस कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है.

मिली जानकारी के अनुसार सुंदरा फलान गांव की युवती हीरामुणि हेंब्रम का प्रेम प्रसंग पाकुड़ जिला के लोकेश मुर्मू से चल रहा था. हीरामुणि का कहना है कि लड़का दिव्यांग था इसलिए माता-



पिता उसे लड़के से बात करने से मना कर दिया. समझाया की एक दिव्यांग के साथ कैसे अपना जीवन गुजारेगी. इसके बाद हीरामुणि ने उस लड़के को स्पष्ट कह दिया कि माता-पिता की बात मानेंगे, अब तुमसे बात भी नहीं कर सकते. इससे नाराज सनकी आशिक ने सोमवार की रात सुंदरा फलन गांव स्थित साहब हेंब्रम के घर में प्रवेश किया और सबसे पहले चाकू से वार कर साहब हेंब्रम की हत्या कर दी. उसके बाद साहब हेंब्रम की पत्नी मंगली किस्कू पर भी चाकू से वार शुरू कर दिया. दोनों बहन हीरामुणि हेंब्रम और बैनी हेंब्रम ने मां की बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी चाकू से वार करने लगा. स्थिति देख दोनों बहन घर से भाग कर पड़ोस में भाभी के घर में पनाह ली. शोरगुल होने के बाद आरोपित वहां से फरार हो गया. सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी अमित लकड़ा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि मामले का अनुसंधान चल रहा है. अनुसंधान के बाद ही मामले में कुछ कहा जा सकता है. दो लोगों की चाकू मारकर हत्या की गई है. दो युवतियां घायल हैं, उनका इलाज चल रहा है.

# लातेहार : दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत से मचा कोहराम

शुभम संदेश ।लातेहार



लातेहार जिले में सड़क हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है. बीते 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जिससे इलाके में शोक की लहर है.

पहली घटना सोमवार रात की है, जब रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीय उच्च पथ पर पतकी जंगल के पास एक अज्ञात वाहन ने मनिका निवासी शक्ति किशोर यादव (20 वर्ष) को टक्कर मार दी. वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी हादसा हुआ. टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई. मृतक के भाई पिंटू यादव ने घटना की पुष्टि की.

दूसरी दुर्घटना मंगलवार सुबह सदर थाना क्षेत्र के कीनामाड़ सीआरपीएफ कैंप के पास हुई, जहां गढ़वा जिला के कांडी ग्राम निवासी प्रभात कुमार (22 वर्ष) अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए. प्रभात रेहला पोस्ट ऑफिस में पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत थे. हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो घटनास्थल पर पहुंचे और कार्रवाई शुरू की. वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह और नेता पवन कुमार ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली. पंकज सिंह ने बताया कि प्रभात हेलमेट पहने हुए थे, लेकिन टक्कर इतनी जोरदार थी कि सिर बुरी तरह कुचल गया.

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा और फिर उन्हें परिजनों को सौंप दिया. घटना के बाद से दोनों परिवारों में गहरा मातम पसरा हुआ है.

## धर्म-अध्यात्मः सामाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर शुभ है इसबार का नवरात्र

# हाथी पर सवार होकर आएंगी मां जगदंबा, नर वाहन से करेंगी प्रस्थान

मुकेश कुमार मिश्र। रांची

शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारम्भ हो रहा हैं. ओर 2 अक्टूबर को विजयादशमी हैं. सभी जानते हैं कि मां दुर्गा का वाहन सिंह है. लेकिन हर नवरात्रि पर देवी दुर्गा पृथ्वी पर अलग-अलग वाहन पर सवार होकर आती हैं. देवी के अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर आने से इसका अलग-अलग फल बताया गया है.

इस वर्ष मां दुर्गा भक्तों के लिए खुशियों का पैगाम लेकर आ रहीं हैं. परम शक्ति मां दुर्गा की आराधना के लिए नवरात्र सर्वोत्तम समय माना जाता हैं. इसमें भी शारदीय नवरात्र का सर्वाधिक महत्व है. देश के अधिकाधिक भागों में बहुलांश धर्मप्रेमी लोगों के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान किया जाता हैं. विदेशों में भी रहने वाले भारतीय इस महाव्रत को करते हैं.

कहा जाता है कि भगवान राम ने भी नवरात्र कर देवी को प्रसन्न कर विजयादशमी के दिन रावण



का संहार किया था. श्रद्धा विश्वास से ऊर्जा और शक्ति की देवी दुर्गा की उपासना से आज भी भक्त शांति और आत्म बल प्राप्त करते हैं. शारदीय नवरात्र प्रारंभ होने के पूर्व लोगों के दिलों में यह जिज्ञासा बनीं रहती हैं कि मां दुर्गा अपना पूरा परिवार किस वाहन पर सवार होकर

### शारदीय नवरात्र 2025 तिथि

| | |
|---|---|
| 22 सितंबर 2025- | मां शैलपुत्री की पूजा |
| 23 सितंबर 2025- | मां ब्रह्मचारिणी की पूजा |
| 24 सितंबर 2025- | मां चंद्रघंटा की पूजा |
| 26 सितंबर 2025- | मां कूष्मांडा की पूजा |
| 27 सितंबर 2025- | मां स्कंदमाता की पूजा |
| 28 सितंबर 2025- | मां कात्यायनी की पूजा |
| 29 सितंबर 2025- | मां कालरात्रि की पूजा |
| 30 सितंबर 2025- | मां सिद्धिदात्री की पूजा |
| 01 अक्टूबर 2025- | मां महागौरी की पूजा |
| 02 अक्टूबर 2025- | विजयदशमी (दशहरा) |

आएंगी और किस वाहन से लौटेंगी. मां दुर्गा के आगमन एवं प्रस्थान से ही आगामी वर्ष के अच्छे बुरे फल का अंदाज लगाया जा सकता हैं. बिहार के श्रीशिवशक्ति योगपीठ नवगछिया के पीठाधीश्वर एवं उत्तरतोताद्रि मठ विभीषणकुंड अयोध्या के उत्तराधिकारी रामचंद्राचार्य परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रा कलश स्थापना अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 22 सितंबर सोमवार को होने के कारण शास्त्रों में मां दुर्गा का आगमन हाथी ( गज ) पर होगा. हाथी पर सवार होकर आना अति शुभ माना जाता है, जो अच्छी वर्षा, सुख, समृद्धि और धन-धान्य में वृद्धि का प्रतीक है. विजयादशमी गुरुवार 2 अक्टूबर को हैं. मां दुर्गा अपने पूरे परिवार के साथ नर वाहन पर सवार होकर लौटेंगी.

मां दुर्गा जब मनुष्य के वाहन पर सवार होकर लौटती हैं, तो यह शुभ फलदायक होता है और देश में सुख-शांति व समृद्धि लाता है. आगमन एवं प्रस्थान समाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर दोनों शुभ हैं. इस बार दस दिनों में नवरात्रा सम्पन्न होग. कुल मिला कर असुर पर सुर, बुराई पर अच्छाई के विजय का प्रतीक नवरात्रा आत्मसाधना हैं. मां दुर्गा सभी देशवासियों को सुख-समृद्धि प्रदान करें.

# 'ऑपरेशन रेड हंट' के तहत पुलिस ने 9 लाल वारंटियों को किया गिरफ्तार

शुभम संदेश। सिमडेगा

जिले की पुलिस ने 'ऑपरेशन रेड हंट' के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन दशक से अधिक समय से फरार 09 लाल वारंटियों को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में एसपी सिमडेगा एम. अर्शी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि दशकों से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है.

इस अभियान के तहत ठेठईटांगर थाना कांड संख्या 22/1990 के दहेज प्रताड़ना मामले में 35 वर्षों से फरार शांति खड़ियाइन और विलो देवी को गिरफ्तार किया गया है. वहीं, बानो थाना कांड संख्या 25/2009 के हत्या मामले में 16 वर्षों से फरार अजय टोप्पो, कोलेबिरा थाना कांड



संख्या 56/2001 के डकैती मामले में 24 वर्षों से फरार इंदु नायक, सिमडेगा थाना कांड संख्या 51/2010 के जमीन विवाद के मामले में 15 वर्षों से फरार महावीर मेहर, पाकरटांड़ थाना कांड संख्या 128/2008 के हत्या मामले में 17 वर्षों से फरार अमासु ग्वाला, बोलबा थाना कांड संख्या 11/2000 के पैसे के गबन के मामले में 25 वर्षों से फरार रामविलास बड़ाइक और बोलबा थाना कांड संख्या 143/1995 के हत्या मामले में फरार बानीफास मिंज को भी गिरफ्तार किया गया है.

पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. एसपी ने बताया कि इस अभियान के दबाव में एक लाल वारंटी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण भी किया है, जबकि सात लाल वारंटियों की मृत्यु हो चुकी है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन रेड हंट अभियान जिले में आगे भी लगातार जारी रहेगा.

# राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान उत्सव में शामिल महिला स्वयं सहायता समूहों को मिला सम्मान

शुभम संदेश। रांची



राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान में 26 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक आयोजित स्ट्रीट फूड फेस्टिवल एवं स्वयं सहायता समूह उत्पाद प्रदर्शनी में झारखंड के नगर निकायों की महिला समूहों ने अपनी भागीदारी से राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान बनाई. इस अवसर पर दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, झारखंड की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की अच्छी मांग के कारण महिलाओं का उत्साह देखने लायक रहा. प्रदर्शनी से रांची पहुंचने पर सभी प्रतिभागियों ने निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय नैंसी सहाय से मिलकर अपने अनुभव को साझा किया. निदेशक ने शहरी महिला समूहों एवं पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा – यह सम्मान झारखंड की शहरी महिला समूहों की मेहनत, लगन एवं आत्मनिर्भरता का परिणाम है. इससे स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिली है और आने वाले समय में और भी समूह राष्ट्रीय स्तर पर प्रेरित होंगे.

इस प्रदर्शनी में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बुंडू की मां वैष्णवी महिला समिति को एप्रिशिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया. इसके साथ ही मानगो नगर निगम की भारती महिला समिति, लातेहार की सितारा महिला समिति एवं गुमला की नारी शक्ति महिला समिति को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया. झारखंड टीम ने अपने पारंपरिक हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ एवं स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन कर लगभग 1.50 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की. यह उपलब्धि न केवल राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली रही, बल्कि महिलाओं के आत्मनिर्भरता मॉडल को भी मजबूती प्रदान करने का कार्य किया.

### मंत्रालय से मिली सराहना

ईशा कालिया, संयुक्त सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने झारखंड स्टॉल का भ्रमण कर महिला समितियों की उत्कृष्ट भागीदारी की सराहना की. उन्होंने कहा – झारखंड की महिला समितियों द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता विशेष उल्लेखनीय है. यह राष्ट्रीय मंच पर झारखंड की सशक्त पहचान है. इस अवसर पर नगर मिशन प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह, निर्मल कुमार एवं राहिल डुंगडुंग को भी मंत्रालय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया.

## जेसीपीडीए अध्यक्ष संजय अखौरी ने जीएसटी स्लैब में कटौती का स्वागत किया

**रांची।** झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (जेसीपीडीए) के अध्यक्ष संजय अखौरी ने केंद्र सरकार और जीएसटी काउंसिल द्वारा जीएसटी स्लैब में की गई कटौती का स्वागत करते हुए इसे उपभोक्ताओं के हित में बताया. अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि इससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और महंगाई कम होगी. उन्होंने सुझाव दिया कि एफएमसीजी उत्पादों पर और जीएसटी दर कम की जानी चाहिए. साथ ही, ई-वे बिल की अनिवार्यता समाप्त कर व्यापारियों पर बोझ कम किया जाए. एक्सरसाइज बुक, कृषि उपकरण, मोटर पार्ट्स और हेलमेट पर करमुक्ति की मांग भी की गई. इसके अलावा, 1000 रुपये तक के कपड़े और फुटवेयर पर 5% जीएसटी की सीमा 5000 रुपये तक बढ़ाने की बात कही गई.

## एक नजर

### आदिवासी छात्र संघ ने राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आदिवासी छात्र संघ, रांची विश्वविद्यालय समिति का एक शिष्टमंडल मनोज उरांव के नेतृत्व में राजभवन में भेंट की और राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 से संबंधित ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 पर छात्र संगठनों, शिक्षक संगठनों एवं बुद्धिजीवियों ने अपना विरोध दर्ज किया है. शिष्टमंडल का कहना था कि यह विधेयक विश्वविद्यालय की स्वायत्तता, छात्र संघ चुनाव और राज्यपाल के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है. इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने राज्यपाल ध्यान विश्वविद्यालय प्रशासन, प्रवेश परीक्षा तथा सत्र नियमितीकरण से संबंधित मुद्दों पर भी आकृष्ट कराया.



### कैरम टूर्नामेंट में अंजनी–शंकर ने मारी बाजी

**रांची।** रांची के अरगोड़ा स्थित डिपाटोली में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ओक एलीगेंस रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मंगलवार को दो दिवसीय कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इस आयोजन में सोसाइटी की 10 टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. यह जानकारी सोसायटी के दिलीप बंका ने दी. उन्होंने बताया कि फाइनल मुकाबले में अंजनी कुमार और शंकर भगत की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर विजेता का खिताब जीता है. जबकि गौतम कुमार और जय किशन की जोड़ी उपविजेता बनी.इस अवसर पर सोसाइटी की नवगठित समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष सुनील सहाय ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से सामुदायिक एकता, आपसी सहयोग और खेल भावना को बढ़ावा मिलता है. इसलिए आगे भी सोसाइटी इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करेगी. विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया.

### शिक्षक दिवस पर संत पॉल्स कॉलेज में होगा प्रतिभा महोत्सव



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के बहुबाजार स्थित संत पॉल्स कॉलेज में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा. इस समारोह को प्रतिभा महोत्सव का नाम दिया गया है, जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी रचनात्मकता और बहुआयामी कौशल का प्रदर्शन करेंगे. संत पॉल्स कॉलेज में 5 सितंबर को कार्यक्रम सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा. मंगलवार को कॉलेज में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्राचार्या (प्रिंसिपल) डॉ. अनुज तिग्गा ने इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि प्रतिभा महोत्सव में डांस प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 300 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे. इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा. साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएनआई चर्च के बिशप बीबी बास्के होंगे, जबकि प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडली में अलिशा गौतम, अभिजल कंडुलना और मयंक टोप्पो (इंडिया टैलेंट फेम) मौजूद रहेंगे. प्राचार्या ने बताया कि इस बार शिक्षक दिवस को पारंपरिक कार्यक्रम से आगे बढ़कर शैक्षणिक मेले का रूप देने की योजना है. इससे छात्रों को ना सिर्फ सांस्कृतिक मंच मिलेगा, बल्कि उन्हें फूड स्टॉल लगाने का भी अवसर मिलेगा. इन फूड स्टॉलों का संचालन खुद छात्र करेंगे.

### रांची में इंडिगो का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा

**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया. दिल्ली से रांची पहुंची इंडिगो फ्लाइट करते वक्त रनवे पर हार्ड लैंडिंग हुई, जिससे विमान में बैठे 95 यात्रियों की जान खतरे में आ गई. बताया जा रहा है कि विमान संख्या 6ई5066 अपने निर्धारित समय से 9 मिनट पूर्व रांची पहुंचा. रांची एयरपोर्ट पर लैंड करते वक्त रनवे पर विमान की हार्ड लैंडिंग हुई. जिससे यात्रियों को काफी जोर का झटका लगा. हालांकि कुर्सी की पेटी बंधी होने के कारण किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आयी. पायलट ने अपनी समझदारी से विमान को बड़ी दुर्घटना होने से बचा लिया. और विमान रनवे पर ही रहा. वहीं मंगलवार को बताया जा रहा है कि विमान में कोई तकनीकी खराबी आ गई थी. जिसके बाद उसे एप्रोन पर लाया गया और एक-एक कर यात्रियों की विमान से उतरने के बाद जांच की गयी. जांच के बाद इंजीनियरों ने तकनीकी खराबी के कारण विमान को ग्राउंडेड घोषित कर दिया. हालांकि उस समय तक रांची से दिल्ली जाने वाले यात्रियों की चेकिंग और बोर्डिंग हो चुकी थी. वहीं प्रशासन की तरफ से घोषणा की गयी कि विमान को तकनीकी खराबी के कारण ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया है. इसके बाद सभी यात्रियों को दोपहर में 3:26 बजे विमान संख्या 6ई5062 से दिल्ली ले जाया गया.

### कांके में 35 लाख की चोरी का पर्दाफाश, 2 गिरफ्तार

रांची । रांची के कांके थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर, अरसंडे में 18 अगस्त को बंद घर से 35 लाख रुपये मूल्य के जेवर और नकद चोरी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है. मामले में सुखदेवनगर निवासी सन्नी कुमार साहु (23, पिता स्व. भोला साहु, साकेत फ्रेंड्स कॉलोनी) और आलोक कुमार सिंह (20, पिता सुरेश सिंह, बिरसा नगर, देवकमल अस्पताल के समीप) को एसआईटी ने 1 सितंबर को गिरफ्तार किया.गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे अपने गिरोह के साथ बंद घरों की रेकी कर चोरी करते थे और जेवर बिहार के नवादा व रांची के कोकर इलाके में बेचते थे. चोरी के जेवर बेचकर मिले 12 लाख रुपये में से 7.47 लाख रुपये और चोरी का मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद कर लिया.

नई शराब नीति लागू, 138 दुकानों में बिक्री शुरू

## अब रात 11 बजे तक मिलेगी शराब

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार की नई उत्पाद नीति सोमवार से राजधानी रांची में लागू हो गई. इसके तहत जिले की 150 शराब दुकानों को ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया गया है. इनमें से 138 दुकानों का लाइसेंस और साइट वेरिफिकेशन पूरा हो गया है और सोमवार से वहां बिक्री शुरू हो गई. बाकी दुकानों में भी जल्द ही बिक्री शुरू कर दी जाएगी.

**पहले दिन देरी से शुरू हुई बिक्री:** सोमवार को सप्लाई देर से पहुंचने के कारण शराब की बिक्री शाम 5 बजे से शुरू हो पाई. इसके बावजूद दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ नजर आई.

नई नीति के अनुसार, अब शराब की दुकानें रात 11 बजे तक खुली रहेंगी. पहले दुकानें रात 10 बजे तक ही चलती थीं. समय बढ़ने से ग्राहकों को थोड़ी सहूलियत मिलेगी.

**कीमतें बढ़ीं, फिर भी भीड़:** सरकार ने शराब की कीमतों में कुछ बढ़ोतरी की है, लेकिन इसके बावजूद पहले दिन दुकानों पर लंबी कतारें लगीं. ग्राहकों का कहना है कि ब्रांड की उपलब्धता और दुकानों के समय में बढ़ोतरी से उन्हें राहत मिलेगी.

### कौन-कौन से ब्रांड मिलेंगे?

**नई दुकानों पर कई लोकप्रिय ब्रांड उपलब्ध हैं**

- बियर : किंगफिशर, ब्लॉक बस्टर, हंडर, काल्सबर्ग
- व्हिस्की : रॉयल चैलेंज, रॉयल स्टैग, ब्लैक डॉग, ब्लेंडर्स प्राइड, 8 पीएम, बी–7, 100 पाइपर्स

## गोला पुलिस ने रांची के क्लर्क की कार से पकड़ 51 लाख, आयकर विभाग को सौंपा

**रांची।** रामगढ़ जिले में एक बार फिर कार से मोटी रकम बरामद हुई है. गोला पुलिस ने जांच के दौरान डीवीसी चौक पर एक कार से यह रकम बरामद की गई. यह पैसा किसका है इसकी जांच करने के लिए मंगलवार को पुलिस ने आयकर विभाग को पूरी रकम सौंप दी है. रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि 28 अगस्त की रात पीवीसी चौक पर जांच के दौरान पुलिस को एक गाड़ी से 51 लाख रुपये मिले. वह गाड़ी रांची से बोकारो जा रही थी. मिली जानकारी के अनुसार बोकारो उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत अपर डिविजन क्लर्क राजेश कुमार पांडे के पास इतनी मोटी रकम कहां से आई इसकी जांच की जा रही है.28 अगस्त की रात को गोला पुलिस की ओर से जांच के दौरान एक लक्जरी कार से नकद 51 लाख रुपये जब्त किये गये थे. कार में बोकारो डीसी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी राजेश कुमार पांडेय ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष इसे अपना होने का दावा किया. उन्होंने बताया कि यह पैसा उसे अपनी मां की जमीन बेचने से मिली है. इसे लेकर वह बोकारो जा रहा थे. हालांकि वह पुलिस को इस नकद राशि के सिलसिले में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सके. इसके बाद पुलिस ने आयकर विभाग को पत्र लिखकर जब्त नकद राशि की जांच का अनुरोध किया.

मृत्यु उपरांत नेत्रदान को बनाएं अपने परिवार की परंपरा

# ‘रन फॉर विजन- 2025’ का आयोजन सात को संत जेवियर्स कॉलेज ग्राउंड में

शुभम संदेश। रांची



40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा (25 अगस्त – 8 सितंबर 2025) के अंतर्गत आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा आयोजित ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विज़न – 2025 का आयोजन 7 सितंबर को संत जेवियर्स कॉलेज परिसर में होगा. इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री श्री इरफ़ान अंसारी, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह उपस्थित रहेंगे.

**23 वर्षों की निरंतरता, नेत्रदान के लिए समर्पण :** 2002 से ‘रन फॉर विज़न’ के माध्यम से नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता फैलाई जा रही है. इस आयोजन का रांची में लगातार 7वां ब्लाइंड फोल्डेड संस्करण होगा, जो आम लोगों को दृष्टिहीनता के अनुभव से रूबरू कराकर नेत्रदान की महत्ता को उजागर करता है.

**नेत्रदान करने वालों को किया जाएगा सम्मानित:** इस अवसर पर मृत्यु उपरांत नेत्रदान करने वाले परिवारों और नेत्रदान से जुड़ी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने समाज को नई दृष्टि देने में अहम भूमिका निभाई है.

उल्लेखनीय उपलब्धियां

**अब तक 1015 कॉर्निया ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक संपन्न**

- बीते पांच वर्षों में 490 नेत्र प्रत्यारोपण
- 1996 में झारखंड-बिहार में पहला नेत्र प्रत्यारोपण डॉ. भारती कश्यप एवं डॉ. बीपी कश्यप द्वारा
- आधुनिक कॉर्निया ट्रांसप्लांट तकनीक डीसेक एवं डीमेक की शुरुआत का श्रेय कश्यप मेमोरियल को
- झारखंड सरकार को इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं मानव संसाधन पर व्यय नहीं करना पड़ता, यह कश्यप आई बैंक की बड़ी देन है

### नेत्रदान कर जरूरतमंदों की दुनिया रोशन करें : डॉ भारती कश्यप

कश्यप मेमोरियल आई बैंक की डायरेक्टर डॉ. भारती कश्यप ने कहा कि “नेत्रदान आपको अपनी आंखों से दो बार देखने का अवसर देता है. मृत्यु उपरांत नेत्रदान को अपने परिवार की परंपरा बनाएं और दूसरों की दुनिया रोशन करें.”

एचईसी के विस्थापितों की समस्या को लेकर मंत्री से मिले

## सकारात्मक आश्वासन मिला



**रांची।** रखंड विस्थापित जनकल्याण समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिला. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एचईसी विस्थापितों की पुरानी समस्याओं के साथ-साथ दस लेन सड़क निर्माण परियोजना पर भी अपनी चिंता जाहिर की. समिति का कहना है कि इस सड़क निर्माण के कारण विस्थापित आदिवासी और मूलवासी परिवारों के मकान और दुकान उजड़ने का खतरा है.

मंत्री दीपिका ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस मामले पर जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बैठक कराई जाएगी, ताकि प्रभावित विस्थापितों की समस्या का समाधान निकाला जा सके. बैठक में समिति के अध्यक्ष कुणाल नाथ शाहदेव, महासचिव कृष्णा मिर्धा, सचिव महाबीर लोहारा, रामेश्वर नाथ शाहदेव, महेंद्र मिर्धा और निवर्तमान पार्षद सुचिता रानी उपस्थित रहे. सभी ने संयुक्त रूप से मंत्री को एक ज्ञापन सौंपते हुए विस्थापितों के हक और अधिकार की रक्षा की मांग रखी.

## कोर्ट के आदेश पर सीसीएलकर्मी से खाली कराया गया कब्जा किया घर

शुभम संदेश। रांची



गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड में एक सीसीएल कर्मचारी अनिल कुमार द्वारा करीब छह साल से कब्जा किए गए एक फ्लैट को मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मदद से खाली कराया गया. मंगलवार को कोर्ट के आदेश पर फ्लैट खाली कराया गया. यह फ्लैट एक विधवा महिला, नमिता मुखर्जी का है, जिनके पति सीआईएसएफ में असिस्टेंट कमांडेंट थे और उनका निधन 26 फरवरी 2020 को हो गया था.

**सीसीएल कर्मचारी, अनिल कुमार ने फ्लैट खाली करने से मना कर दिया:** नमिता मुखर्जी झारखंड की मूल निवासी हैं और उनके पति तपन मुखर्जी के निधन के बाद उन्होंने अपने फ्लैट, फ्लैट संख्या 303-C में वापस आने का फैसला किया. हालांकि उनके फ्लैट में रहने वाले सीसीएल कर्मचारी, अनिल कुमार ने फ्लैट खाली करने से मना कर दिया. अनिल कुमार ने शुरुआत में कुछ महीने तक किराया दिया, लेकिन उसके बाद उन्होंने चार साल से अधिक समय तक किराया देना बंद कर दिया. नमिता मुखर्जी ने उनसे कई बार फ्लैट खाली करने का अनुरोध किया, लेकिन हर बार उनका अनुरोध अनसुना कर दिया गया. आखिरकार नमिता मुखर्जी को न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा. लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद अदालत ने नमिता मुखर्जी के पक्ष में फैसला सुनाया. अदालत ने अनिल कुमार को न केवल फ्लैट खाली करने का आदेश दिया, बल्कि उन्हें बकाया किराया, जो लगभग पांच लाख रुपये है, का भुगतान करने का भी आदेश दिया.

**एसडीओ उत्कर्ष कुमार के निर्देश पर एक साल के अंदर हुई कार्रवाई**

फ्लैट पर कब्जा को लेकर साल 2024 में कोर्ट में शिकायत की गई थी, जिसके बाद रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के निर्देश पर एक साल के अंदर पूरे मामले का निपटारा किया गया और पीड़ित पक्ष को उनके फ्लैट पर उनका हक दिलवाया गया.

**मजिस्ट्रेट की देखरेख में खाली कराया गया फ्लैट :** अदालत के आदेश के बाद आज मजिस्ट्रेट की देखरेख में गोंदा थाना की पुलिस टीम ने फ्लैट को खाली करवाया. इस घटना की सभी लोगों ने निंदा की है, खासकर इसलिए क्योंकि एक सरकारी कर्मचारी ने एक विधवा महिला को इतने सालों तक परेशान किया.

## राजस्थान मित्र मंडल इस वर्ष शिक्षा जरूरी पर बचपन उससे ज्यादा थीम पर बना रहा है पंडाल

शुभम संदेश। रांची



राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर पंडालों का निर्माण शुरू हो गया है. हर इलाके में पूजा पंडाल का निर्माण कार्य शुरू है. पूजा समितियां एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण करने में जुटी हैं. इसी क्रम में बड़ा तालाब स्थित राजस्थान मित्र मंडल इस साल दुर्गा पूजा में शिक्षा जरूरी है पर बचपन उससे ज्यादा के थीम पर पंडाल का निर्माण कर रहा है. बड़ा तालाब के पास करीब 45 लाख रुपये के खर्च से भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है. राजस्थान मित्र मंडल ने दुर्गा पूजा में एक भावनात्मक थीम को चुना है, जिससे हर एक लोग अपने बचपन याद कर पाएंगे. पंडाल में एक ऐसा दृश्य दिखाया गया है, जहां एक बच्चा भारी बस्ते और लैपटॉप के साथ थका हुआ बैठा है. यह आज के बच्चों पर बढ़ते शिक्षा के दबाव और खोते बचपन की सच्चाई को दर्शाता है. पंडाल में मां दुर्गा के साथ भगवान गणेश, भगवान कार्तिक, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी विराजमान होंगी. मां दुर्गा के हाथ में छोटा बच्चा भी होगा। मूर्ति 12 फीट ऊंची होगी. इसके साथ पंडाल में पढ़ते बच्चों के 60 मॉडल मूर्तियां भी होंगी। पंडाल के बाहर मुख्य गेट के पास भारत मां की 7 फीट की ऊंची मूर्ति स्थापित होगी, जो अखंड भारत का संदेश देगी. मूर्ति रांची का मूर्तिकार पिंटू बना रहे हैं.

समिति के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने मंगलवार को बताया कि थीम का उद्देश्य है कि शिक्षा बोझ न बने और हर बच्चा अपना बचपन जी सके. बड़े शहरों और महानगरों की ओर रुख करने वाले खुद को स्वयं इससे जोड़ पाएंगे. 47 साल से पूजा का आयोजन धूमधाम से की जा रही है. उन्होंने बताया कि पंडाल को मेदनीपुर के 50 कारीगर बना रहे हैं. मेदनीपुर गांव की 60 महिलाएं पंडाल के लिए डिजाइन सहित अन्य वस्तुएं बना रही हैं. पंडाल का कार्य 50 प्रतिशत तक पूरा हो गया है. उन्होंने बताया कि लाइटिंग में तीन लाख, पंडाल निर्माण में 35 लाख, प्रतिमा दो लाख और पूजा सहित अन्य पर 5 लाख कुल लागत लगभग 45 लाख आयेगा. उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को पंडाल का पट खुलेगा. अष्टमी को महाभोग, नवमी को खिचड़ी और दशमी को खीर का भोग लगाया जाएगा.

एक समय शराब का गढ़ रहा पथरा गांव बना नशामुक्त, अब लाइसेंसी दुकान खुलने की आशंका से हडकंप

# ग्रामीणों ने सीएम से लगाई गुहार, ग्रामसभा ने सीएम को पत्र लिखकर शराबबंदी की मांग की

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने राज्य भर में कुल 1343 शराब दुकानों की बंदोबस्ती कर दी है. इस नई व्यवस्था को जबरदस्त जनसहयोग भी मिल रहा है और एक सितंबर से नई दुकानों का संचालन शुरू हो चुका है. विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 4000 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह का लक्ष्य रखा है. हालांकि, इस निर्णय से पलामू जिले के पथरा गांव के लोग गहरे असंतोष में हैं. गांव की ग्रामसभा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मांग की है कि उनके गांव में शराब की दुकान न खोली जाए.

**ग्रामसभा ने सीएम को क्यों लिखा पत्र?** पथरा पंचायत के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में लिखा है- हमारा गांव बिहार के औरंगाबाद जिले से तीन ओर से घिरा हुआ है. बिहार में शराबबंदी के बाद हमारे गांव को शराब माफियाओं ने अपना ठिकाना बना लिया था. यहां 24 घंटे लोग नशे में धुत रहते थे. गांव अवैध शराब निर्माण और बिक्री का अड्डा बन गया था. करीब 5 करोड़ रुपये सालाना की कमाई शराब के काले कारोबार से होती थी.

ग्रामीणों ने आगे लिखा, ‘बच्चों के भविष्य को देखते हुए गांव के लोगों ने साल 2020 में नशा विरोधी अभियान चलाया और 2021 तक पथरा पंचायत को पूरी तरह नशामुक्त बना दिया. लेकिन अब जानकारी मिली है कि यहां एक लाइसेंसी शराब दुकान खोली जा रही है, जिससे गांव फिर से पुराने हालात में लौट सकता है.’ गांव के लोगों का दावा है कि पहले शराब की वजह से कई परिवार देह व्यापार तक में शामिल हो गए थे और गांव का आत्मसम्मान पूरी तरह खत्म हो गया था. इसी कारण ग्रामसभा ने शराब दुकान खोलने की अनुमति किसी भी हाल में नहीं देने की मांग की है.

**पत्र पर 136 ग्रामीणों के हस्ताक्षर:** सीएम को भेजे गए पत्र में 136 ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें विजय पासवान, विनोद कुमार, आलोक कुमार, कन्हाई मेहता, मनोज चौधरी, अखिलेश राम, काजल कुमारी, रनिता देवी, उषा देवी और अनिता कुमारी शामिल हैं.

### मुखिया ने उठाई आवाज

पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि यह पंचायत झारखंड–बिहार की सीमा पर स्थित है. ‘दस कदम चलते ही बिहार की सीमा शुरू हो जाती है. पंचायत में कुल सात राजस्व गांव और दस टोले हैं. मुखिया ने दावा किया कि 2021 से पथरा पंचायत पूरी तरह नशामुक्त है, लेकिन अब नए सिस्टम के तहत यहां शराब दुकान के लिए टेंडर पास हो गया है .उन्होंने बताया कि यह लाइसेंस बिहार के एक कारोबारी को मिला है और गांव के लोग आशंकित हैं कि कहीं पहले जैसे हालात न लौट आएं, जब नशे की वजह से गांव में आए दिन हिंसा और असामाजिक गतिविधियां होती थीं.

महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में करम पूर्व संध्या पर कार्यक्रम

# छात्र-छात्राओं ने मिलकर आदिवासी संस्कृति व परंपरा को जीवंत किया

शुभम संदेश। रांची



सरला बिरला विश्वविद्यालय के अंतर्गत महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी में आज करम परब की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो. सी जगनाथन, कुलसचिव प्रो. श्रीधर बी. डांडिन, प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा, प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, उप प्राचार्या मीनल श्वेता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मिलकर आदिवासी संस्कृति और परंपरा को जीवंत किया. संस्थान की छात्राओं द्वारा आदिवासी परंपरा पर आधारित गीत और नृत्य भी प्रस्तुत किया गया.

प्रो. गोपाल पाठक ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि करम परब केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भाई-चारे, एकता और प्रकृति के संरक्षण का प्रतीक है. उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की सीख दी. प्रो सी जगनाथन ने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे आयोजनों के माध्यम से अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहा है तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत को हमें न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी जीवित रखने की पुरजोर कोशिश करनी होगी. करम परब के महत्व पर संस्थान की प्राचार्या ने प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व प्रकृति के संरक्षण, भाईचारे और सामूहिक एकता का प्रतीक है.

## भाजपा महिला मोर्चा की आक्रोश रैली, कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



पलामू जिले में भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए एक रैली निकाली और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. यह रैली महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीना किशोर के नेतृत्व में आयोजित की गई, जो स्थानीय गीता भवन से प्रारंभ होकर छः मुहान चौक तक गई. रैली के समापन पर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की और प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया.

इस दौरान जिलाध्यक्ष रीना किशोर ने कांग्रेस नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां को लेकर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह न केवल प्रधानमंत्री का, बल्कि पूरे देश की मातृशक्ति का अपमान है. उन्होंने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की और राहुल गांधी को ₹राजनीति के लिए अयोग्य₹ बताया. साथ ही कांग्रेस पर बिहार चुनाव प्रचार के दौरान स्तरहीन राजनीति करने का आरोप लगाया.आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए पूर्व मेयर अरुण शंकर ने कहा कि कांग्रेस का यह कृत्य उसकी मानसिकता और राजनीतिक दिवालियापन को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी करने वाले नेताओं को पार्टी से बाहर किया जाना चाहिए.

प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की रैली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की मां के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग पूरे देश की नारी शक्ति को आहत करता है. उन्होंने इंडिया गठबंधन से भी नैतिकता की अपेक्षा जताते हुए कहा कि अगर उनमें थोड़ी भी संवेदनशीलता है, तो उन्हें इस शर्मनाक कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगनी चाहिए.

प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह ने कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री की मां का नहीं, बल्कि सभी माताओं का अपमान है. इस प्रकार की ओछी राजनीति भारतीय संस्कृति और समाज के मूल्यों पर कुठाराघात है. जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की यह हरकत निंदनीय है और इससे पूरा देश शर्मसार हुआ है. उन्होंने कहा कि भाजपा न केवल देश की सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए भी पूरी तरह सजग है. इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहीं, जिनमें संध्या सिंह, रेनू देवी, नीलम देवी, मंजू गुप्ता, रेखा गुप्ता, उषा मखाड़िया, सुनीता सिंह, प्रिया श्रीवास्तव, किरण अग्रवाल, ललिता सहाय, उपासना सिंह, नीलिमा झा, पुष्पा सिंह, चिंतामणि देवी, प्रेमलता, बिंदु देवी, बेबी देवी आदि शामिल थीं.

पुरुष नेताओं में परशुराम ओझा, विजय ठाकुर, धर्मेंद्र उपाध्याय, सोमेश सिंह, जितेंद्र तिवारी, श्वेतांग गर्ग और सरवन गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे. सभी ने एक स्वर में कांग्रेस की आलोचना करते हुए मातृशक्ति के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही.

## एक नजर

### शत-प्रतिशत परिणाम पर सीएम ने एसओई लातेहार की प्राचार्य को किया सम्मानित



**लातेहार ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2 सितंबर को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की वर्ष 2025 की मैट्रिक और इंटर परीक्षा के टॉपर्स को सम्मानित किया. यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन, रांची के नये सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के तीन प्राचार्यों को भी सम्मानित किया गया. इस अवसर पर एसओई, लातेहार की प्राचार्य श्रीमती तृप्ति भारती को मैट्रिक व इंटर परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम दिलाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. प्राचार्य को सम्मानित किए जाने पर विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है. प्राचार्य तृप्ति भारती ने इस उपलब्धि को विद्यालय के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया. उन्होंने शिक्षकों और शिक्षिकाओं को इस सफलता का पूर्ण श्रेय देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और टीम वर्क से ही यह संभव हो पाया है. विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष टैगोर, उपाध्यक्ष दीप्ति कुमारी और अन्य सदस्यों ने प्राचार्य को बधाई दी. सभी ने विद्यालय की निरंतर प्रगति और भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणामों की कामना की.

### आदि कर्मयोगी अभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, प्रतिभागियों को दिया गया प्रमाण पत्र

**लातेहार ।** जनजातीय समुदाय के विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के उद्देश्य से आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 2 सितंबर को किया गया. यह प्रशिक्षण 1 सितंबर से जिले के सभी 10 प्रखंडों में प्रारंभ हुआ था. समापन कार्यक्रम में संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे. कार्यशाला में सेविका, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सेविका, बीआरपी, सीआरपी और पंचायत सचिवों को सहभागी पद्धति से प्रशिक्षित किया गया. प्रशिक्षण में बताया गया कि अभियान से जुड़कर विभिन्न विभागों के साथ सेवा कार्य किया जा सकता है. प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण की बारीकियों को आत्मसात करते हुए भविष्य में समर्पित भाव से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई. प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय समाज में सशक्तिकरण और जागरूकता लाना है.

### कुएं से युवक का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**चंदवा (लातेहार) ।** चंदवा थाना क्षेत्र के शिवा टोली स्थित शराब दुकान के पीछे खेतों में एक कुएं से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है. ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकाला. शव की पहचान सुजीत कुमार (35) पुत्र बुटन प्रजापति, ग्राम डुमारो के रूप में हुई है. बताया गया कि सुजीत बचपन से चंदवा के सरोज नगर में अपने रिश्तेदार के यहां रहता था. परिजन बताते हैं कि वह पिछले रविवार दोपहर से घर से लापता था. स्थानीय लोगों ने कुएं में शव देखा और सूचना दी. शव के हालत से प्रतीत होता है कि वह दो-तीन दिन पहले पानी में डूबा था, क्योंकि उसका शरीर फूल गया था और अकड़न आ गई थी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारणों का खुलासा होगा. मामले की जांच पुलिस द्वारा जारी है.

### हुकामाड़ ने जीता सरना क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल, कुई भटको को हराया एक गोल से

**सतबरवा ।** मुरमा मलय डैम स्पीलवे के पास खेल मैदान में आयोजित सरना क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में हुकामाड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुई भटको की टीम को एक गोल से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया. विजेता टीम को 10,000 नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, वहीं उपविजेता टीम को भी पुरस्कार प्रदान किया गया. मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, महेश यादव, रिंकी यादव एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य करते हैं. उन्होंने कहा कि खेल से केवल जीत-हार ही नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और संघर्ष की प्रेरणा मिलती है. खिलाड़ी मैदान में प्रतिद्वंदी होते हैं, लेकिन मैदान के बाहर वे सब साथी होते हैं. यही खेल की खूबसूरती है. इस मौके पर राजेंद्र सिंह, सेठा यादव समेत सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.

### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पर अंगरक्षकों से मारपीट का आरोप, पुलिस एसोसिएशन ने दर्ज कराया आवेदन

**लातेहार ।** लातेहार में कांग्रेस के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पर दो अंगरक्षकों के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। पलामू पुलिस एसोसिएशन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लातेहार थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि लातेहार के जुबली चौक पर जाम के दौरान मंत्री ने ड्यूटी में तैनात अंगरक्षकों से मारपीट की। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर 1 से 1:30 बजे के बीच हुई। वहीं, केएन त्रिपाठी ने मारपीट का आरोप खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने केवल डांट-फटकार की थी। उन्होंने सुरक्षा गार्डों की कमी का भी आरोप लगाया और कहा कि पलामू एसपी ने सुरक्षा में कटौती की है। लातेहार थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो चुका है और मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब से महिला का शव बरामद, इलाके में सनसनी

**बरवाडीह (लातेहार) ।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी पंचायत अंतर्गत प्रसिद्ध शिवसागर तालाब से मंगलवार को एक महिला का शव बरामद हुआ. शव की पहचान शोभा मुशहरी (उम्र लगभग 40 वर्ष), पति–सुखलाल मुशहरी, निवासी शिवसागर टोला सराईडीह के रूप में की गई है. घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए. ग्रामीणों ने तुरंत बरवाडीह थाना को सूचना दी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनुप कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया. शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

## पलामू की टीम झारखंड स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए रवाना

## यह ऐसा खेल है जो धैर्य, अनुशासन व मानसिक संतुलन की मांग करता है : देव



शुभम संदेश। मेदिनीनगर

रांची के खेलगांव स्थित टिकेट सिंह शूटिंग रेंज में 2 से 6 सितंबर तक आयोजित होने वाली झारखंड स्टेट राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप (ओपन साइड गन – 10 मीटर रेंज) में भाग लेने के लिए पलामू की शूटिंग टीम मंगलवार को रवाना हुई. टीम को रवाना करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया. पलामू राइफल शूटिंग संघ के जिलाध्यक्ष अविनाश देव ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शूटिंग एक ऐसा खेल है जो धैर्य, अनुशासन और मानसिक संतुलन की मांग करता है. उन्होंने विश्वास जताया कि हमारे खिलाड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पलामू का नाम गौरवान्वित करेंगे. संघ के सचिव सुमित बर्मन ने खिलाड़ियों को तकनीकी सुझाव देते हुए कहा कि शूटिंग में फोकस और संतुलन ही सफलता की कुंजी हैं. उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान शांत चित्त और एकाग्रता बनाए रखने की सलाह दी. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में संत मरियम स्कूल के कौशल चौरसिया, अभिजीत पासवान, साहिल कुमार पासवान, सक्षम सिंह, अंश जायसवाल और हिमांशु पासवान शामिल हैं. इनके अलावा पलामू राइफल शूटिंग एसोसिएशन से पंकज कुमार, मोहित कुमार और मृत्युंजय कुमार भी टीम का हिस्सा हैं.

## लातेहार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन

# 12 मामलों पर हुई सुनवाई

शुभम संदेश । लातेहार



जिले में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में किया गया. यह कार्यक्रम समाहरणालय स्थित सभागार में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं.

इस बार कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से जाति प्रमाण पत्र निर्गत, भूमि अधिग्रहण, आपसी जमीन विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी समस्याएं, तथा रोजगार संबंधी मुद्दे शामिल रहे. उप विकास आयुक्त ने सभी आवेदकों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें विश्वास दिलाया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराते हुए यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा.

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ताओं को समयबद्ध तरीके से संतोषजनक जवाब मिले. उन्होंने यह भी कहा कि जन शिकायत निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य है आम नागरिकों की समस्याओं को बिना किसी दलाल या मध्यस्थ के सीधे प्रशासन तक पहुंचाना और समाधान प्रदान करना.

उप विकास आयुक्त ने लोगों को जानकारी दी कि उपायुक्त के निर्देशानुसार अब प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों के कार्यालयों में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें. उन्होंने कहा कि यह पहल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करती है. इससे पारदर्शिता बढ़ती है और प्रशासनिक जवाबदेही भी सुनिश्चित होती है. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन को धन्यवाद दिया और विश्वास जताया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा.

### भूमि अधिग्रहण की धीमी प्रक्रिया पर डीसी ने जताई चिंता

**मेदिनीनगर ।** जिला उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को एनएच-75 फोरलेन, आरओआर, आरओबी व राज्य सरकार की सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा वर्चुअल मोड में की गई. डीसी ने भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान में हो रही देरी पर नाराजगी जताई. उन्होंने बताया कि सदर अंचल में 400, नवाबजार में 200 और विश्रामपुर में 100 से अधिक एलपीसी लंबित हैं. जिले में 70 करोड़ रुपये से अधिक मुआवजा अभी तक लाभुकों को नहीं मिला है. उन्होंने भू-अर्जन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय से लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करें. विश्रामपुर अंचल से जुड़े एक विशेष मामले में उन्होंने स्थल निरीक्षण कर त्वरित समाधान का आदेश दिया. डीसी ने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अंचलाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

### ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस मना

**मेदिनीनगर ।** ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस नगर भवन में धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन डीआईजी नौशाद आलम ने दीप प्रज्वलित कर किया. उन्होंने बच्चों को मोबाइल के दुरुपयोग से बचने की नसीहत दी और कहा कि इससे भविष्य खतरे में पड़ सकता है. उन्होंने संघर्ष को सफलता की कुंजी बताया. विद्यालय निदेशक विनोद मिश्रा ने स्कूल की स्थापना की जानकारी साझा करते हुए कहा कि संस्था जल्द ही प्लस टू स्तर की शिक्षा भी शुरू करेगी. बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांधा. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित थे. संचालन शार्दुल सिंह ने किया.

### अरुणा शंकर ने ठेला दुकानदार को दी आर्थिक सहायता

**मेदिनीनगर ।** निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने हमीदगंज पहुंचकर ठेला दुकानदार विक्की चंद्रवंशी को आर्थिक मदद प्रदान की. दो दिन पूर्व बिजली पोल गिरने से उनका ठेला क्षतिग्रस्त हो गया था, जो उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है. विक्की ने बताया कि वह पिछड़ी जाति से हैं, लेकिन क्षेत्र के किसी भी जनप्रतिनिधि ने हालचाल तक नहीं पूछा. अरुणा शंकर ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि वह हर वर्ग के लोगों के साथ दुख-सुख में खड़ी रहती हैं. मौके पर कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे और इस मानवीय कदम की सराहना की.

### विद्यार्थियों को मिट्टी में 16 तत्वों के महत्व की जानकारी दी

**मेदिनीनगर।** प्रखंड के सरजा में पीएम श्री राजकीयकृत महात्मा गांधी प्लस टू हाई स्कूल में आत्मा पलामू द्वारा एक दिवसीय स्कूल स्वाइल हेल्थ कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने मिट्टी में 16 तत्वों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी. कार्यक्रम में 50 विद्यार्थी और शिक्षक शामिल थे. एग्री क्लीनिक के किशोर रंजन ने मृदा परीक्षक किट से मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन, नाइट्रोजन आदि तत्वों की जांच दिखाई.

### भूमि संरक्षण पदाधिकारी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## संपत्ति जांच की मांग को लेकर समाजसेवी रवि डे हुए मुखर

शुभम संदेश ।लातेहार

झारखंड विकास संघर्ष मोर्चा के नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार डे ने लातेहार के भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं. उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि श्री मिश्रा ने भूमि संरक्षण विभाग को भ्रष्टाचार के चरम पर पहुंचा दिया है और विभागीय योजनाओं में भारी अनियमितताएं की गई हैं. श्री डे ने मांग की है कि मिश्रा के कार्यकाल की जांच कराई जाए, साथ ही उनके द्वारा अर्जित व्यक्तिगत संपत्तियों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से करवाई जाए. उन्होंने दावा किया कि यदि निष्पक्ष जांच हुई, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं. इस संबंध में जब मीडिया ने भूमि संरक्षण पदाधिकारी से संपर्क किया, तो विवेक मिश्रा भड़क गए और शिकायतकर्ता पर एफआईआर दर्ज कराने की बात कही. उन्होंने पत्रकार से भी दुर्व्यवहार किया और सभी आरोपों से इनकार कर दिया. रवि कुमार डे, चंदवा प्रखंड निवासी, लातेहार जिला निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक रह चुके हैं. वे जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्षरत रहे हैं. इससे पूर्व उन्होंने लातेहार के तत्कालीन एसडीओ जय प्रकाश झा, डीईओ निर्मला बरेलिया (स्व.), डीएसई कमला सिंह, करमा मिंज और सुशील कुमार जैसे अधिकारियों के खिलाफ झारखंड लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी, जिन पर संज्ञान भी लिया गया. श्री डे ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पूर्व अभियंता प्रमुख, अधीक्षण अभियंता व अन्य अभियंताओं के खिलाफ भी भ्रष्टाचार के आरोपों में मामले दर्ज कराए हैं.

### विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**विश्रामपुर/पलामू ।** रेहला खुर्द के 60 वर्षीय अनिरुद्ध गिरी की विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से मंगलवार को मौत हो गई. वे अपने धान के खेत में घास निकाल रहे थे, तभी जर्जर तार में फंसे और विद्युत प्रवाहित हो गया. परिजन उन्हें विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. रेहला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच भेज दिया है. ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल के आस-पास के तार और पोल जर्जर हैं, कई तार नीचे झूल रहे हैं. कई बार बिजली विभाग को आवेदन देने के बाद भी सुधार नहीं हुआ. ग्रामीण मृतक के परिजन को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं.

### यूरिया की किल्लत सोची-समझी साजिश : डॉ मेहता

**मेदिनीनगर।** पांकी के भाजपा विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने पलामू जिले में यूरिया की किल्लत को जानबूझकर की गई साजिश बताया है. अप्रैल से अगस्त तक जिले को 8179.34 मीट्रिक टन यूरिया मिला, लेकिन किसानों को 500 रुपये किलो तक महंगा यूरिया खरीदना पड़ रहा है और पर्याप्त मात्रा नहीं मिल रही है. डॉ. मेहता ने जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) और प्रशासन पर पारदर्शिता की कमी और वितरण में अनियमितताओं का आरोप लगाया. उन्होंने निजी कंपनियों के स्टॉकिस्टों को अधिक आवंटन और सहकारी संस्था इफको को कम यूरिया मिलने की शिकायत की.

### बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया

**मेदिनीनगर ।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की पलामू जिला कमेटी की बैठक सोमवार को छः मुहान स्थित स्वागत होटल में हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद शर्मा एवं संचालन जिला महासचिव उमेश शर्मा ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित देवराज शर्मा मौजूद थे. बैठक में संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. आचार्य पंडित महेश्वर शर्मा, पंडित देवराज शर्मा, डोमन शर्मा, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, स्वर्गजीत शर्मा, कृष्ण शर्मा, भोला प्रसाद, नन्दलाल विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे. बैठक के अंत में संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया.

### हिसरा बरवाडीह में पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक

**पाटन/पलामू ।** प्रखंड के ग्राम हिसरा बरवाडीह में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई. बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी. बैठक में मनोज मेहता, सतेंद्र मेहता, नंदकिशोर शुक्ला, मुन्ना सिंह, उपेंद्र शुक्ला, चंदन कुमार, गुड्डू मेहता, संजय शुक्ला, अंकित शुक्ला, नरेंद्र मेहता और रौशन सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे. दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक बालगोविंद मेहता, आनंद सिंह, राजकिशोर सिंह, उदय नारायण सिंह, गोरख सिंह और पूर्व कैप्टन बृजबिहारी सिंह भी शामिल हुए.

### ज्योति आईटीआई के 63 प्रशिक्षु टाटा मोटर्स में चयनित

**मेदिनीनगर।** ज्योति आईटीआई, मेदिनीनगर में 1 सितंबर 2025 को कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया गया, जिसमें पलामू जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए अभ्यर्थियों ने भाग लिया. टाटा मोटर्स, जमशेदपुर की टीम ने कुल 63 युवाओं का चयन किया. संस्थान की सचिव ज्योति पांडेय ने चयनित प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि संस्थान का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ छात्रों को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाना है.

**समापन** महुआडांड में गणेश प्रतिमाओं का धूमधाम से हुआ विसर्जन

## शांतिपूर्ण माहौल में गणेश महोत्सव संपन्न

शुभम संदेश ।महुआडांड (लातेहार)



सुख और समृद्धि के देवता विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया. महुआडांड प्रखंड में गणेश महोत्सव शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ. भगवान गणेश की विदाई शंखनाद, जयघोष और आस्था के साथ की गई. इस वर्ष महुआडांड थाना चौक स्थित माँ महाकाली नवयुवक संघ और मुख्य बाजार शिव मंदिर में आर्यन संघ द्वारा गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर सात दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया था. समापन दिवस पर विभिन्न आयोजन और शोभायात्रा के बाद प्रतिमाओं का विधिपूर्वक विसर्जन किया गया.

विसर्जन कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए महुआडांड थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती रही. कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्यन संघ के प्रमुख सदस्य अभिषेक कुमार, अमित पांडेय, विकास कुमार भोला, सत्यम कुमार, हंस कुमार, निकेश कुमार, भोला केशरी, और संतोष जायसवाल समेत कई युवाओं का सराहनीय योगदान रहा.

स्थानीय प्रशासन और युवाओं के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन शांतिपूर्वक और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ.

### करमा व ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

**डीजे पर रहेगा प्रतिबंध**

**बरवाडीह (लातेहार)।** करमा और ईद मिलादुन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को बरवाडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रेखा रेशमा मिंज ने की। इस मौके पर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी भरत राम, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह, थाना प्रभारी अनुप कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बेतला, पोखरी कला, कुटमू, खुरा, छेचा जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से निकलने वाले जुलूस के मार्ग और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। प्रशासन ने जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध और निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की.

## करम व ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक, शांतिपूर्ण आयोजन का लिया संकल्प

शुभम संदेश। चंदवा



आगामी करम पर्व एवं ईद मिलादुन्नबी के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर मंगलवार को प्रखंड सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी सुमित झा ने की. इस दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से जिले में भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया. बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी सुमित झा, थाना प्रभारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने सभी को करम पर्व और ईद मिलादुन्नबी की अग्रिम शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि ये दोनों पर्व हमारी सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक हैं, जिन्हें मिल-जुलकर मनाना चाहिए. किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई. बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग मिले. पर्व के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर विशेष तैयारी करने की बात कही गई.

इस बैठक में चंदवा पश्चिमी की मुखिया संगीता लकड़ा, अलौदिया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, नगर पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं धर्मगुरु उपस्थित थे. सभी ने प्रशासन को सहयोग देने और शांति बनाए रखने का भरोसा दिलाया.

# उपायुक्त ने जनता दरबार में आमजन की समस्याओं का किया त्वरित निराकरण

शुभम संदेश।कोडरमा

उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनता अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों के साथ पहुंची. इस मौके पर उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए सख्त निर्देश दिए. उन्होंने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है ताकि जनता को प्रशासनिक प्रक्रिया में सुविधा मिल सके.

जनता दरबार के दौरान भूमि, राजस्व, पेंशन, आवास, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत एवं अन्य विभागों से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुईं. कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जबकि अन्य लंबित मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट समय सीमा निर्धारित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने सभी विभागों को यह भी कहा कि वे प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें और आवेदकों को उनकी शिकायतों के समाधान की जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि प्रशासनिक पारदर्शिता बनी रहे.

इस आयोजन में उपायुक्त ने अधिकारियों को जनता के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और तत्परता से कार्य करने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान विलंबित न हो और जनता को किसी प्रकार की असुविधा न झेलनी पड़े. इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा ताकि लोगों को अपने अधिकारों की प्राप्ति में कोई दिक्कत न हो. इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया. उन्होंने जनता की समस्याओं को सुनते हुए समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया. जनता दरबार के सफल आयोजन से जिले के लोगों को राहत मिली है और यह प्रशासन की जनता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है.



## जन शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु उपायुक्त ने की एमईईटीए पोर्टल की समीक्षा, विभागों को दिए कड़े निर्देश

शुभम संदेश।कोडरमा

आमजन की शिकायतों के शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के लिए उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में एमईईटीए पोर्टल के अंतर्गत जन शिकायत कोषांग की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, लघु सिंचाई, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय समेत विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त शिकायतों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई. उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निपटारा समयबद्ध, पारदर्शी और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए. दाखिल-खारिज, भूमि विवाद और अंचल कार्यालयों में लंबित मामलों पर विशेष जोर देते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे मामलों का शीघ्र समाधान कर आम जनता को राहत प्रदान करें. उपायुक्त श्री ऋतुराज ने कहा, "जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. एमईईटीए पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए. इसके लिए विभागों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है ताकि किसी भी शिकायत का समाधान बाधित न हो." बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह, अपर समाहर्ता श्रीमती पूनम कुजुर, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक कुमारी तिर्की सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे.



## डीसी ने करमा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज डीईआईसी का किया निरीक्षण, कहा- कार्य में तेजी लायें

**कोडरमा** । उपायुक्त श्री ऋतुराज ने बीती रात करमा स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) एवं नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की. उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता और संवेदक कंपनी के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूर्ण किए जाएं. उन्होंने कहा कि ये संस्थान जिले के स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होंगे. ऐसे में कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माण स्थल की व्यवस्थाओं, सामग्री की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं कार्यरत श्रमिकों की स्थिति की भी समीक्षा की. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण हों ताकि लोगों को शीघ्र सुविधा मिल सके. सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और प्रगति रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया.

## हॉट मिक्स प्लांट में आग लगी, लाखों का नुकसान

**मरकच्चो (कोडरमा)** । मुरकमनाई पंचायत के बरियारडीह स्थित हॉट मिक्स प्लांट में मंगलवार को अचानक आग लगने से भारी नुकसान हुआ. प्लांट में खड़ी एक विटूमिन लोड ट्रक सहित लाखों का सामान जलकर राख हो गया. यह प्लांट पिछले पांच वर्षों से सड़क निर्माण सामग्री तैयार करता रहा . सोमवार को यहां मिक्सिंग की तैयारी चल रही थी, जिसमें टैंकर से अलकतरा को एलडीओ तेल में मिलाने के लिए आग लगाई गई थी.आग लगाने के बाद ट्रक का उपचालक मौके से चला गया. कुछ ही देर में आग एलडीओ और अलकतरा के संपर्क में आकर विकराल रूप ले लिया.

## चहेते योगेश त्रिपाठी का प्रेरणादायक सफर

**हजारीबाग** । मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है, जहां लाखों लोग अपने सपनों को पूरा करने आते हैं. ऐसे में योगेश त्रिपाठी ने अपनी मेहनत और लगन से खास मुकाम हासिल किया है. वे एन टीवी के लोकप्रिय शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह के किरदार से घर-घर में पहचाने जाते हैं. योगेश ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि जब वे 2004 में मुंबई आए, उनके पास केवल सपने और खुद पर विश्वास था. उनका पहला काम 95 रुपये का था और थियेटर में उन्हें 75 रुपये मिलते थे.

# हजारीबाग में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने, चला हाई वोल्टेज ड्रामा

## भाजपा का आरोप : महिला कार्यकर्ताओं से किया अभद्र व्यवहार

## कांग्रेस ने गाली गलौज करने, झंडा-बैनर फाड़ने का आरोप लगाया





प्रदीप सिन्हा।हजारीबाग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के प्रति कांग्रेस मंच से की गई अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने हजारीबाग शहर में प्रशासन से अनुमति लेकर आक्रोश प्रदर्शन किया. भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ता सहित अन्य नेता कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम के समक्ष पुतला दहन सह प्रदर्शन के लिए पहुंचे. महिला मोर्चा नेत्रियों का आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा महिला कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया. भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की हरकत न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि महिला गरिमा पर सीधा प्रहार है. उधर कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस ऑफिस के सामने प्रदर्शन का उन्होंने विरोध किया तो भाजपा नेताओं ने न सिर्फ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि गाली-गलौज भी की. भाजपा नेताओं की हरकत से गुस्साए हजारीबाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव के नेतृत्व नेता-कार्यकर्ता सदर थाना पहुंचें और वहां धरना दिया गया. थाना में आवेदन देकर पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विरोध मार्च सह पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपाइयों ने कांग्रेस कार्यालय में लगे कांग्रेस पार्टी के झंडे और बैनर को फाड़ दिया, जो संकुचित मानसिकता का परिचायक है. मना करने पर गाली-गलौज की और धमकी भी दी.

उधर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा थाने में शिकायत किया जाने की जानकारी मिलते ही भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित कई पदाधिकारी-कार्यकर्ता के साथ थाना पहुंचीं. थाना प्रभारी से मुलाक़ात कर शेफाली गुप्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही. उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरा देश किसी भी प्रकार के असम्मान को सहन नहीं करेगा और लोकतांत्रिक तरीकों से विरोध जताना उनका संवैधानिक अधिकार है. भाजपा महिला मोर्चा नेत्रियों ने एक स्वर में कहा कि यह लड़ाई एक पार्टी के साथ- साथ महिला गरिमा और भारतीय मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है.

## मनीष जायसवाल ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण, समस्याओं का लिया जायजा



**विष्णुगढ़** । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को अपने मांडू विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान विष्णुगढ़ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया.इससे पहले उन्होंने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भी किया. विद्यालय परिसर में पहुंचते ही छात्राओं ने स्कूल बैंड के साथ फूलों की माला पहनाकर सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया. सांसद ने सबसे पहले कस्तूरबा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद उन्होंने विद्यालय की वार्डन और शिक्षिका ज्योति वर्मा के साथ बैठक की, जिसमें वार्डन ने पेयजल की कमी और डाइनिंग हॉल की खराब व्यवस्था जैसी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया. सांसद मनीष जायसवाल ने वार्डन को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे. उन्होंने छात्राओं से संवाद किया और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता पर भी जानकारी ली. पूरे विद्यालय परिसर का निरीक्षण करने के बाद, विद्यालय परिवार ने सांसद को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया. सांसद ने कहा कि कुल 445 छात्राओं के हित में आवश्यक कार्य किए जाएंगे ताकि बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकें.

## रामगढ़ में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**रामगढ़** । सामाजिक सुरक्षा शाखा के तहत विभिन्न पेंशन योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में सहायक निदेशक शंकर प्रसाद और डीआरपी रोमा बारला ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया और उसके महत्व की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के साथ-साथ राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के लाभुकों का अंकेक्षण किया जाना है. इस दौरान अंकेक्षण से जुड़े सभी प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उपस्थित अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया.

## चतरा : झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से मासूम की मौत

**चतरा** । चतरा जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली. प्रतापपुर प्रखंड के बभने पंचायत निवासी अविनाश कुमार ने बताया कि उनकी बहन के चार वर्षीय पुत्र ऋषि कुमार को पेट दर्द की शिकायत पर 1 सितंबर को सलैया गांव के झोलाछाप डॉक्टर प्रदीप विश्वकर्मा के पास ले जाया गया. डॉक्टर ने बच्चे को बिना उचित जांच के तीन इंजेक्शन लगाए और कुछ दवाइयाँ दीं. सुई लगने के बाद बच्चा अचानक सुस्त हो गया. डॉक्टर ने इसे सामान्य प्रतिक्रिया बताकर घर भेज दिया. कुछ देर बाद बच्चा तड़पने लगा, तो परिजन दोबारा डॉक्टर के पास पहुंचे. इस बार डॉक्टर ने मिर्गी का दौरा बताकर बच्चे को बाहर ले जाने की सलाह दी. परिजन बच्चे को इलाज के लिए बिहार ले गए, लेकिन कोई प्राइवेट क्लिनिक उसे भर्ती करने को तैयार नहीं हुआ. अंततः मगध मेडिकल कॉलेज में बच्चे को भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. अस्पताल के डॉक्टरों ने मौत का कारण ओवरडोज और दवा रिएक्शन बताया. घटना के बाद परिजनों ने शव के साथ वशिष्ठ नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई. थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है. आरोपी झोलाछाप डॉक्टर एक स्कूल में पारा शिक्षक भी है और खाली समय में अवैध रूप से क्लिनिक चलाता था.

## हजारीबाग जिले में 57 स्वास्थ्य उप केंद्रों के निर्माण को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**हजारीबाग** । जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए 57 नए स्वास्थ्य उप केंद्रों का निर्माण किया जाएगा. इस संबंध में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने 2 सितंबर को वेबिनार के माध्यम से सभी अंचलाधिकारियों और संबंधित चिकित्सा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विवादमुक्त सरकारी भूमि की पहचान करें और प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के साथ समन्वय कर जल्द से जल्द भूमि रिपोर्ट उपलब्ध कराएं. उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण की स्वीकृति दी है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा. साथ ही, उन्होंने पूर्व पीएम-अभीम एवं 15वें वित्त से निर्मित स्वास्थ्य अधोसंरचना की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए ताकि उनकी कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के 24x7 संचालन पर जोर देते हुए चिकित्सक, दवा और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा. रात्रिकालीन चिकित्सकों की अनुपस्थिति पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा, आयुष्मान योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए राशन कार्ड धारियों का आधार सीडिंग और ई-केवाईसी कराने का निर्देश भी दिया गया. उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को तेजी से करने और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए भी कहा. इस प्रकार जिला स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यापक तैयारी जारी है.

## संगठन सृजन 2025 के तहत कांग्रेस की प्रेसवार्ता आयोजित, बूथ स्तर तक मजबूत होगा संगठन : बर्मन

**हजारीबाग** । जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत मंगलवार को प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं त्रिपुरा के अगरतल्ला विधायक सुदीप राय बर्मन उपस्थित रहे. प्रेस को संबोधित करते हुए श्री बर्मन ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है. उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत अल्पसंख्यक, ओबीसी, एससी, एसटी, महिलाएं और युवा वर्ग को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सके. उन्होंने कहा कि हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता की राय लेकर एक समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिससे कोई भी ईमानदार कार्यकर्ता संगठन से वंचित न हो. उन्होंने भरोसा जताया कि संगठन सृजन 2025 कांग्रेस के लिए मील का पत्थर साबित होगा. विधायक बर्मन ने हजारीबाग में शहीद सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की.

## बरही अनुमंडल में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

**हजारीबाग** । ईद मिलाद-उन-नबी 2025 के पावन अवसर को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के संयुक्त निर्देशानुसार बरही अनुमंडल के दंडाधिकारी जोहन टुडू ने नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत 4 सितंबर से 7 सितंबर 2025 तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है. इसका उद्देश्य पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकना है. निषेधाज्ञा के तहत कई कड़े प्रावधान किए गए हैं. इनमें बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कोई जुलूस या झांकी निकालना वर्जित है. कोई भी व्यक्ति या संगठन बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार नहीं कर सकता.

## विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स

**रामगढ़** । रामगढ़ महाविद्यालय के उर्दू विभाग में स्नातक प्रथम समसत्र (2025-29) के विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य समारोह आयोजित किया गया.अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. शाहनवाज खान ने की, जबकि संचालन उम्मे सलमा और अरसला शाकरीन ने किया. मौके पर विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के टिप्स दिए गए. मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडेय ने कहा कि यह महाविद्यालय जिले का एकमात्र अंगीभूत संस्थान है, जहां विद्यार्थियों को समानता का माहौल मिलता है. उन्होंने कॉलेज की व्यवस्था की प्रशंसा की.

# एक नजर

## कोडरमा में कोटपा एक्ट के तहत कार्यालयों में छापेमारी, तंबाकू सेवन पर वसूला गया जुर्माना



**कोडरमा** । राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत कोटपा एक्ट 2003 एवं झारखंड संशोधन अधिनियम 2021 के अंतर्गत कोडरमा में अनुमंडल पदाधिकारी सह विशेष नोडल पदाधिकारी श्रीमति रिया सिंह के नेतृत्व में विभिन्न सरकारी कार्यालयों में छापामारी अभियान चलाया गया. इस अभियान के दौरान कई कर्मचारियों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पाद का सेवन करते हुए पाया गया, जो कि कोटपा एक्ट की धारा 4 का स्पष्ट उल्लंघन है. उल्लंघनकर्ताओं से प्रति व्यक्ति 500 का जुर्माना वसूला गया. निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को बताया गया कि कोटपा एक्ट की धारा 4 के तहत हर कार्यालय में ₹धूम्रपान निषेध₹ संकेतक बोर्ड लगाया जाना अनिवार्य है.

## सलवार गांव में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से गर्भवती महिला की हो गयी मौत, प्राथमिकी दर्ज

**चतरा**। हंटरगंज थाना क्षेत्र के सलवार गांव में झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से एक गर्भवती महिला की मौत हो गई. मृतका की पहचान धर्मेंद्र यादव की 20 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है. बताया गया कि बिना डिग्री वाले डॉक्टर रणधीर यादव और सुनील कुमार ने महिला का ऑपरेशन कर नवजात की डिलीवरी कराई. ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ती गई. डॉक्टरों ने पहले गया और फिर पटना ले जाने की सलाह दी, लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया. ग्रामीणों ने झोलाछाप डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने दोनों फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. हंटरगंज चिकित्सा प्रभारी ने कहा है कि बिना डिग्री वाले चिकित्सकों के क्लिनिक जल्द ही सील किए जाएंगे. तीन दिनों में झोलाछाप डॉक्टरों से हुई यह तीसरी मौत है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश है. प्रशासन से अवैध क्लिनिकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है.

## हफुआ में एक लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त

**चतरा** । जिले के हफुआ क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लाख सीएफटी अवैध रूप से भंडारित बालू जब्त किया है. यह छापेमारी सिमरिया और चतरा अनुमंडल के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। टीम में सिमरिया के एसडीओ सन्नी राज, सीओ गौरव कुमार राय, चतरा एसडीओ जहूर आलम, सीओ अनिल कुमार और थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह शामिल थे।.जानकारी के अनुसार, सिमरिया और चतरा प्रखंड की सीमा पर हफुआ में बालू का अवैध भंडारण किया गया था, जिसकी गुप्त सूचना अधिकारियों को मिली थी. तत्काल कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई और भारी मात्रा में बालू जब्त किया गया.

## पांडू में प्रखंड में अवैध क्लिनिकों पर शिकंजा झोलाछाप डॉक्टर फरार, दवा दुकान सील

**पांडू**। पांडू प्रखंड में अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की गई है. इस कार्रवाई के लिए गठित जांच दल का नेतृत्व पांडू थाना प्रभारी विगेश कुमार राय, अंचल अधिकारी रणवीर कुमार एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया. जांच के दौरान रतनाग पंचायत के रतनाग गांव में ओमप्रकाश विश्वकर्मा द्वारा संचालित एक अवैध दवा दुकान और क्लिनिक में डॉक्टर और अन्य दस्तावेज फर्जी पाए गए. क्लिनिक संचालक झोलाछाप डॉक्टर मौके से फरार हो गया. डॉ. संजय कुमार सिंह ने क्लिनिक को सील कर दिया. वहीं, कलाकजरू स्थित आर्यन मेडिकल की भी जांच की गई. दुकानदार ने दवा दुकान का लाइसेंस तो दिखाया, लेकिन डॉक्टर होने का कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका.

## जयनगर में स्कूली छात्र से मारपीट व अपहरण के प्रयास में तीन आरोपी युवक भेजे गए जेल

**जयनगर (कोडरमा)** । सरस्वती पब्लिक उच्च विद्यालय, पावर हाउस डंडाडीह के कक्षा 6 के छात्र अंकित कुमार के साथ मारपीट और अपहरण के प्रयास के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को जेल भेज दिया है. आरोपियों में जयनगर बेला मोहल्ला के आसिफ खान (20), इरफान अंसारी (20) और कटहाडीह के फरहान खान शामिल हैं. सोमवार को इन तीनों ने छात्र अंकित (पिता- बाबू चंद्र साव, निवासी- कंझियाडीह) की बेरहमी से पिटाई की और घायल अवस्था में उसे अगवा करने की कोशिश की.

## नदी से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**चतरा** । सदर अंचलाधिकारी अनिल कुमार और थाना प्रभारी विपिन कुमार के नेतृत्व में अवैध बालू उठाव और परिवहन के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया. इस दौरान कच्चा नदी से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया. प्रशासन को सूचना मिली थी कि कच्चा नदी से अवैध रूप से बालू निकालकर पास में बन रहे पीसीसी पथ निर्माण कार्य में आपूर्ति की जा रही है. सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें एक ट्रैक्टर पकड़ा गया, जबकि कई अन्य ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर भाग निकले.

## कुएं में डूबने से 16 वर्षीय छात्र की मौत, शोक की लहर

**चतरा** । चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरी गांव में मंगलवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 16 वर्षीय छात्र साहिल कुमार की कुएं में डूबने से मौत हो गई मृतक अशोक लाल का पुत्र था और पहली बार तैरने का प्रयास कर रहा था वह अपने पांच दोस्तों के साथ कुएं में स्नान के लिए गया था, तभी गहरे पानी में चला गया और डूब गया. घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना के सब-इंस्पेक्टर बीर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पंप की मदद से कुएं का पानी निकालकर शव को बाहर निकाला गया परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया. इस दुखद घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है जानकारी मिलते ही जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया उन्होंने अधिकारियों से संपर्क कर परिवार को सरकारी लाभ दिलाने की बात कही. मौके पर कोबना पंचायत के मुखिया बब्लू कुमार मेहता, समाजसेवी भोला यादव, प्रमोद पासवान समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे ग्रामीणों ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया

## विष्णुगढ़ में 15वां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**विष्णुगढ़** । सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत 15वां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट मंगलवार को विष्णुगढ़ +2 उच्च विद्यालय खेल मैदान में शुभारंभ हुआ. इस बार 70 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 अधिक हैं. उद्घाटन मैच पिपराटांड़ और खरकी टीम के बीच खेला गया. सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर, मशाल जलाकर और फुटबॉल किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. सांसद ने खिलाड़ियों से नशा मुक्त जीवन का संकल्प लेने को कहा. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बैंड टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जबकि एंबीशन स्कूल की छात्राओं ने झारखंडी नृत्य प्रस्तुत किया.

## चौपारण में 10 पंचायतों में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित

**चौपारण** । प्रखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 10 पंचायतों में नए स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे. इसके लिए अंचलाधिकारी संजय यादव ने सरकारी भूमि की खोज तेज कर दी है. दादपुर, जवनपुर, चैथी, ताजपुर, जगदीशपुर, पड़रिया, बेलाही, डेबो, गोबिंदपुर और बच्छई पंचायतों में ये उपकेंद्र प्रस्तावित हैं. इन इलाकों में अभी पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं, जिससे ग्रामीणों को इलाज में कठिनाई होती है. संजय यादव ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इन पंचायतों में सरकारी जमीन की जानकारी हो तो अविलंब सूचित करें. उन्होंने उन पंचायतों की भी जानकारी मांगी है जहां अभी स्वास्थ्य उपकेंद्र नहीं है, ताकि भविष्य में वहां भी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें.

## अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई, 12 हाइवा जब्त

**चतरा** । जिला प्रशासन ने अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 12 हाइवा बोल्डर से लदा हुआ जब्त किया है. यह कार्रवाई उपायुक्त कीर्तिश्री जी के निर्देश पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार के नेतृत्व में चतरा-गया मुख्य सड़क के पखा पुल के पास छापामारी कर की गई. छापामारी टीम में चतरा एसडीओ जहूर आलम, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज और खनन विभाग की टीम भी शामिल थी. जब्त किए गए वाहनों को वशिष्ठ नगर में रखा गया है.

ब्रीफ न्यूज

## हादसे को आमंत्रण, पथ निर्माण विभाग पर निशाना

**गुमला ।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी एवं झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने घाघरा प्रखंड के चांदनी चौक स्थित एक सप्ताह से गड्ढे में तब्दील सड़क का दौरा कर तत्काल मरम्मत की मांग की है. उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग जानबूझकर सड़क की स्थिति सुधारने में देरी कर रहा है, जिससे आम जनता को खतरे में चलना पड़ रहा है. विजय सिंह ने सांसद और विधायक पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें ऐसी समस्याएं नजर नहीं आतीं. उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सड़क को तुरंत दुरुस्त करने की अपील की है. विजय सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो घाघरा के सैकड़ों लोग चक्का जाम करेंगे. इस मौके पर बसंत बड़ाईक, धर्मपाल उरांव, रोपना उरांव, कहरु मुंडा समेत कई ग्रामीण भी मौजूद थे.

## हुरहुरी में करंट लगने से दो बिजली मिस्त्री घायल

**रातू ।** के हुरहुरी में कार्यरत दो बिजली मिस्त्री मंगलवार को एक गंभीर हादसे का शिकार हो गए. काम करते समय वे 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए, जिससे दोनों पोल के ऊपर से नीचे गिर पड़े. स्थानीय लोगों की तुरंत मदद से दोनों घायलों को गंभीर हालत में रातू सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार बताया. उनका कहना है कि जिस हाई टेंशन लाइन पर काम चल रहा था, उसे बंद नहीं किया गया था और लाइन पूरी तरह चालू थी. विभाग की इस अनदेखी से दो परिवारों के लिए संकट खड़ा हो गया है.

## एसबीयू में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नामकुम ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय अंतर्गत महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी में करम परब की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, कुलसचिव प्रो. श्रीधर बी. डांडीन, प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा, प्रशासक आशुतोष द्विवेदी और उप प्राचार्या मीनल श्वेता ने दीप प्रज्वलित कर की. इस अवसर पर छात्राओं ने पारंपरिक आदिवासी गीतों और नृत्यों के माध्यम से करम पर्व की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया.

## पारा शिक्षकों को भर्ती में प्राथमिकता देने की मांग

**रांची ।** जनता दल (यू) के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने शिक्षक भर्ती 2016 में हुई गड़बड़ियों को लेकर सरकार से पारा शिक्षकों को प्राथमिकता देने की मांग की है. उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वयं स्वीकार किया है कि प्राथमिक शिक्षकों के लिए आरक्षित 3704 सीटें सरेंडर कर दी गई हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. ऐसे में इन सीटों पर 2016 की भर्ती परीक्षा में शामिल योग्य पारा शिक्षकों को नियुक्ति का अवसर दिया जाना चाहिए. तिवारी ने बताया कि झारखंड में हजारों पारा शिक्षक वर्षों से प्राथमिक एवं उच्च विद्यालयों में निष्ठा से पढ़ा रहे हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया में उनकी उपेक्षा होती रही है. उन्होंने सवाल उठाया कि सरकारी शिक्षकों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण संभव है, तो पारा शिक्षकों को यह मौका क्यों नहीं दिया गया.

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक

# आपदा से पीड़ित परिवारों को त्वरित लाभ दिलाएं : डीसी

शुभम संदेश। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई. इस बैठक में जिले में विभिन्न आपदाओं से हुए नुकसान और मृतकों के मामले पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में हाथी द्वारा मारे गए लोगों, करंट लगने से हुए मृतक, सड़कों पर दुर्घटनाओं में मारे गए व्यक्तियों, पानी में डूबने के कारण मृत्यु, वज्रपात से हुई मानव और पशु मौत, ओलावृष्टि से हुए नुकसान और मुआवजा वितरण जैसे विषयों पर समीक्षा की गई.

उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने सभी पदाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आपदा प्रभावित परिवारों और आश्रितों को निर्धारित मुआवजा राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए. उन्होंने कहा कि संबंधित अभिलेखों को शीघ्रता से प्राप्त कर मामले का त्वरित निपटान किया जाए ताकि किसी भी स्तर पर विलंब न हो. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आपदा प्रबंधन के मामलों में प्रशासन पूरी तरह से गंभीर और संवेदनशील है तथा किसी भी पदाधिकारी को इन मामलों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला परिषद अध्यक्ष रीता कुमारी, आईपीएस वेदांत शंकर, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू, सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप, जिला कृषि पदाधिकारी



कालेन खलखो, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी प्रमोद दास, जिला पशुपालन पदाधिकारी रमेश उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

बैठक के दौरान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभी सदस्यों ने आपदा प्रभावित परिवारों के शीघ्र राहत एवं पुनर्वास के लिए समन्वित प्रयासों को और प्रभावी बनाने पर बल दिया. उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे आपदा प्रबंधन से जुड़े मामलों में अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सक्रियता और तत्परता दिखाएं. डॉ. ताराचंद ने कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों को राहत उपलब्ध कराने का काम सरकार की प्राथमिकता है और इसमें कोई भी देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी. उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर निरंतर निगरानी और फीडबैक प्रणाली लागू की जाए, जिससे किसी भी समस्या का त्वरित समाधान हो सके.

इस बैठक में मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी लिए गए. साथ ही, आपदा से बचाव और बचाव कार्यों को बेहतर करने के लिए आगामी योजनाओं पर भी चर्चा हुई. जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के बेहतर कल्याण के लिए विशेष कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई.

अंत में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर आपदा प्रबंधन कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने और प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता प्रदान करने का आह्वान किया. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिले के प्रत्येक पीड़ित को सरकारी सहायता बिना किसी बाधा के मिले और वे जल्द से जल्द सामान्य जीवन की ओर लौट सकें.

### गुमला में जीवन परियोजना का शुभारंभ

# बच्चों के बेहतर पोषण की दिशा में एक सार्थक पहल

शुभम संदेश। गुमला

गुमला समाहरणालय सभागार में सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से राज्य द्वारा अनुमोदित जीवन परियोजना का औपचारिक शुभारंभ किया गया. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने किया. जीवन परियोजना का मुख्य उद्देश्य गुमला जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना है. यह परियोजना भोजन की गुणवत्ता, मात्रा और विविधता पर विशेष रूप से केंद्रित है, ताकि बच्चों को पर्याप्त एवं संतुलित आहार मिल सके और कुपोषण की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके.

कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एकजुट संस्था द्वारा किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है. उन्होंने



आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन जीवन परियोजना के सफल क्रियान्वयन में हरसंभव सहयोग करेगा. उन्होंने यह भी कहा कि यदि सभी विभाग मिलकर कार्य करें तो गुमला को कुपोषणमुक्त बनाया जा सकता है.

समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह परियोजना तभी सफल होगी जब सभी विभाग एकजुट होकर सामूहिक रूप से कार्य करेंगे. उन्होंने समुदाय और विभागीय समन्वय को इस परियोजना की रीढ़ बताया. इस कार्यक्रम का संचालन एकजुट संस्था द्वारा किया गया, जो इस परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी है. राज्य स्तर से राजकुमार गोप, डॉ. प्रणाली और तरुण झा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया. वहीं गुमला की स्थानीय टीम से प्रभास, दीपक सिन्हा, सिद्धार्थ सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे जिन्होंने परियोजना की कार्ययोजना और आगामी कार्यों की जानकारी साझा की. इस अवसर पर लगभग 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें बाल विकास परियोजना की लेडी सुपरवाइजर, स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक, चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, तथा एकजुट संस्था के टीम के सदस्य शामिल थे.

जीवन परियोजना, राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जो गुमला जिले में कुपोषण से लड़ने और बच्चों को स्वस्थ भविष्य देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी. यह परियोजना विभागों के आपसी समन्वय और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से कार्य करेगी ताकि बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और संपूर्ण विकास का अधिकार मिल सके. इस कार्यक्रम ने गुमला जिले में पोषण के क्षेत्र में एक नई शुरुआत की है और उम्मीद की जा रही है कि जीवन परियोजना के माध्यम से आने वाले समय में कुपोषण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकेगा.

## 4 सितंबर को लोहरदगा में भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन : इंदु तिवारी

शुभम संदेश। लोहरदगा

आगामी 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे लोहरदगा प्रखंड कार्यालय के सामने टाउन हॉल में साहित्य, कला, संस्कृति और समाज सेवा के लिए समर्पित दिल्ली स्थित अखिल भारतीय स्वयंसेवी संस्था सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट की झारखंड इकाई द्वारा भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम की प्रभारी और ट्रस्ट की लोहरदगा जिला अध्यक्ष इंदु तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम लोहरदगा के लिए अनोखा और सराहनीय होगा. मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ. ताराचंद और विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी शंकर शर्मा उपस्थित रहेंगे.

कार्यक्रम में लोहरदगा के साथ-साथ बाहर के कई नामचीन कवि अपनी काव्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे. यह काव्य गोष्ठी लोहरदगा के साहित्य प्रेमियों और कवियों को एक मंच उपलब्ध कराएगी, जिससे वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे. इंदु तिवारी ने सभी साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम स्थल पर नियत समय पर पहुंचने की अपील की है.

# ऑल इंडिया अंडर-14 गर्ल्स फुटबॉल चैंपियन बनी झारखंड टीम



शुभम संदेश . लोहरदगा

झारखंड की अंडर-14 महिला फुटबॉल टीम ने ऑल इंडिया अंडर-14 गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया है. इस टीम का हिस्सा रहीं लोहरदगा जिले की यंग वॉरियर फुटबॉल क्लब की प्रतिभावान खिलाड़ी अंशु उरांव ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई. झारखंड टीम के विजयी अभियान के बाद जब टीम लोहरदगा पहुंची तो खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया. लोहरदगा आगमन पर अंशु उरांव को जिले के सांसद एवं जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष माननीय सुखदेव भगत ने अपने आवास पर सम्मानित किया. उन्होंने अंशु की उपलब्धि को जिले और राज्य के लिए गौरव का क्षण बताया. सांसद भगत ने कहा कि लोहरदगा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच देने की. उन्होंने बताया कि जिला फुटबॉल संघ लगातार ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है. गौरतलब है कि सांसद सुखदेव भगत ने यंग वॉरियर क्लब के दो खिलाड़ियों को धनबाद में आयोजित ट्रायल में भेजा था, जिसमें से एक अंशु उरांव का चयन झारखंड टीम के लिए हुआ.

## फादर लेव भेंगरा के निधन पर कांग्रेस ने जताई गहरी संवेदना

**खूंटी।** आदिवासी कांग्रेस के संरक्षक और संत जोसेफ हाई स्कूल तोरपा के पूर्व प्रधानाध्यापक फादर लेव भेंगरा के निधन पर सांसद सहित खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी ने गहरी संवेदना व्यक्त की है. फादर लेव भेंगरा सेवानिवृत्त होने के बाद खूंटी कैथोलिक चर्च में सहायक फादर के रूप में कार्यरत थे. सोमवार की रात मांडर के मियान अस्पताल में उनका निधन हो गया. कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि आदिवासी कांग्रेस कमेटी लगातार मजबूत हो रही थी और ऐसे महत्वपूर्ण व्यक्तित्व का जाना बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने कहा, हमने अपना अभिभावक खो दिया है. इस दुखद मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जेम्स तोपनो, विक्टर कंडीर, सुनीता गोप, हेलेन तिडूं, सुषमा भेंगरा, मगरीता खेस, अनीता नाग, सुसारी पूर्ति, शांता खाखा सहित कई अन्य नेता और सदस्य शामिल होकर अपने श्रद्धांजलि अर्पित किए.

# खूंटी में 15 को 1.5 लाख बच्चों-किशोरों को दी जाएगी कृमि निरोधी दवा



शुभम संदेश। खूंटी

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मंगलवार को अधिकारियों और चिकित्सकों की बैठक हुई. बैठक में सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी ने बताया कि जिले में 15 सितंबर को विशेष अभियान चलाकर एक से 19 वर्ष तक के कुल 1,51,455 बच्चों-किशोरों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल दी जाएगी. जो बच्चे इस दौरान दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 19 सितंबर को फिर से दवा दी जाएगी.

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया. उन्होंने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों सहित ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया, ताकि अभिभावक अपने बच्चों को दवा लेने के लिए प्रेरित करें.

बैठक में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, डॉक्टर, सीडीपीओ समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी भी मौजूद थे. सभी ने अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने का संकल्प लिया. उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसे सफल बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है.

जागरूकता | समाज से सक्रिय भागीदारी की अपील

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

शुभम संदेश । कुड़ू/लोहरदगा

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति की रोकथाम के उद्देश्य से प्रखंड सभागार कुड़ू में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा के निर्देश पर बाल विकास विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ.

कार्यक्रम की शुरुआत कुड़ू के अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष उरांव, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी (सांस्थानिक देख-रेख) अनुरंजन कुमार, डियाट्रिक्ट प्रोजेक्ट एसोसिएट अभिलाषा और स्थानीय धार्मिक गुरुओं द्वारा दीप प्रज्वलन कर की



गई. उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह रोकने की शपथ भी दिलाई गई.

इस अवसर पर बीडीओ संतोष उरांव ने बाल विवाह को गंभीर सामाजिक बुराई बताते हुए इसके खिलाफ एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को प्रभावित करता है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य को भी खतरे में डालता है.

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तृत जानकारी दी और कहा कि इसे रोकने में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्होंने सभी वर्गों से बाल विवाह की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की.

कार्यक्रम में विधि सह पर्यवेक्षक अधिकारी अफान खान, चाइल्ड हेल्पलाइन जिला समन्वयक रवि कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहलता तिग्गा, डीएलएसए से हफीजुल अंसारी, दीपक कु. साहू, प्रभुदयाल पासी, धनेश्वर साहू, कनिष्ठ अभियंता मोहम्मद आसिफ सहित बाल संरक्षण से जुड़े कई अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाकर एक सुरक्षित और समान अवसरों वाला वातावरण तैयार करना था.

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिली आर्थिक सहायता

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर रांची के डोरंडा निवासी कैंसर पीड़ित मोहम्मद अजीज को तत्काल 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है. इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनके इलाज के लिए 15 लाख रुपये की बड़ी राहत भी प्रदान की जाएगी. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस कठिन समय में मरीज और उसके परिवार की मदद कर उन्हें संतोष मिला है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार गरीब और जरूरतमंदों के इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के हित में काम करने से वे कभी पीछे नहीं हटेंगे.

एक नजर

## डीएवी गुमला में करमा पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाई-बहन के प्रेम का उत्सव




**गुमला ।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में करमा पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के नन्हें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमाकांत साहु ने करमा पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है. बहनें अपने भाइयों की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए करमा पूजा करती हैं. प्राचार्य ने आगे कहा कि करमा पर्व आदिवासी परंपरा से जुड़ा एक प्रमुख फसल उत्सव भी है, जिसमें प्रकृति और करम वृक्ष की पूजा की जाती है. यह पर्व विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति और प्रकृति से जोड़ने का अवसर प्रदान करता है. साथ ही, इस तरह के कार्यक्रम छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं और उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं. शिक्षिका संजुक्ता खटुआ ने कहा कि करमा पर्व के आयोजन से झारखंडी संस्कृति की झलक मिलती है. यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम को दर्शाता है.

## गुमला में सड़क सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम

**गुमला ।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर मंगलवार को नरसिंग कौशल कॉलेज में सड़क सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा, मानव तस्करी, बाल श्रम और शराब पीकर वाहन चलाने जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक करना था. इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की भारी भागीदारी रही. कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, इंस्पेक्टर राहुल दासौंधी और एसआई ममता कुमारी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रिपल लोडिंग और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों पर विस्तार से चर्चा की गई.

## गुमला में 67 वाहन चालकों से 1.27 लाख जुर्माना वसूला

**गुमला ।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ और यातायात व्यवस्था को अनुशासित बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर मंगलवार को एक सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जायसवाल ने बायपास रोड क्षेत्र में किया. अभियान के दौरान दोपहिया चालकों द्वारा बिना हेलमेट चलाने, ट्रिपल राइडिंग, भारी वाहनों में ओवरलोडिंग, प्रेशर हॉर्न और अवैध परिवहन जैसी लापरवाहियों की गहन जांच की गई. इसके अतिरिक्त, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, परमिट, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और रोड टैक्स जैसे जरूरी दस्तावेजों की भी कड़ाई से जांच हुई. कार्यवाही के तहत 67 वाहन चालकों पर विभिन्न उल्लंघनों के लिए कुल ₹1,27,000 का जुर्माना वसूला गया. डीटीओ जायसवाल ने मौके पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया और नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी.

## करौंदा बेड़ा में श्रद्धा के साथ मनाया गया 31वां शहीद दिवस

**पालकोट/(गुमला)।** करौंदा बेड़ा में मंगलवार को तीन महान शहीदों फादर लोरेन्श कुजूर, फादर जोसेफ डुंगडुंग और बदर अमर अनूप इंदवार की स्मृति में 31वां शहीद दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया. इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर शहीदों को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में रांची धर्माध्यक्ष बिशप विन्सेन्ट आइंद ने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता. उन्होंने युवाओं से नशा से दूर रहने और समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा, ₹सच्चे ईश्वर में विश्वास करने वाला कभी डरता नहीं. उन्होंने शहीदों की तुलना गेहूं के उस दाने से की जो मिट्टी में दबकर विशाल वृक्ष बन जाता है. गुमला धर्माध्यक्ष बिशप बिनुष पिंगल और हजारीबाग के बिशप आनंद जोजो ने भी श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए शहीदों की जीवनी और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला.

## कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाना मकसद: मोहन

**किस्को/लोहरदगा ।** किस्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर और छत्तीसगढ़ के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम विशेष रूप से मौजूद थे. साथ ही झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फुरकान अंसारी और मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह भी उपस्थित थे.मोहन मरकाम ने कहा कि संगठन सृजन 2025 के तहत जिला अध्यक्ष का चयन पारदर्शिता से किया जाएगा और पार्टी को  तक सक्रिय बनाने पर जोर दिया गया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि ऐसा नेतृत्व चुना जाए जो पार्टी को मजबूत कर केंद्र में कांग्रेस का शासन स्थापित कर सके. बैठक में सभी कार्यकर्ताओं की राय भी ली गई ताकि संगठन में मजबूती आए. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, प्रदेश महासचिव पीयूष कोरसे समेत अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## इटकी में धूमधाम से करम पर्व कार्यक्रम का आयोजन

**इटकी ।** चचगुरा महरा पतरा मैदान में मंगलवार को 24वां करम पूर्व संध्या का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिवासी नेता बिगा मिंज ने करम पर्व को भाई-बहन के प्रेम और आदिवासी संस्कृति की महत्वपूर्ण पहचान बताया. उन्होंने कहा कि आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज और वेशभूषा ही उनकी असली पहचान है, जिसे सभी को मिलकर सुरक्षित रखना होगा. जेएलकेएम नेता और मांडर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गुना भगत ने भी करम पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला. ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव ने भी कार्यक्रम में अपनी बात रखी.

## करम पूर्व संध्या समारोह में शामिल हुए सुदेश महतो

**सिकिदिरी ।** सिकिदिरी बैंक मैदान में करम महोत्सव की पूर्व संध्या पर समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया. समारोह में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. महतो ने समारोह में उपस्थित लोगों के साथ-साथ पूरे प्रदेशवासियों को करम पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि करम पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान और भाईचारे का प्रतीक है, जो समाज में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश देता है. करम पर्व समाज को जोड़ने और समरसता भरने का माध्यम है.इस अवसर पर रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, रीना केरकेट्टा, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, सोमदेव, ज्योत्स्ना केरकेट्टा, रूपा, बबिता, राजू नायक, अभिषेक, रोहन समेत पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## बारिश में भी आंगनबाड़ी सहायिका-सेविका का धरना

**खूंटी ।** राज्य की हेमंत सरकार की उपेक्षा के खिलाफ आंगनबाड़ी सहायिका और सेविकाओं ने मूसलाधार बारिश के बीच भी समाहरणालय के सामने धरना दिया. खूंटी जिला आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की अध्यक्ष रंजीता देवी ने बताया कि यदि उनकी मांगों पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया, तो 10 सितंबर से पूरे राज्य में सेविका-सहायिकाएं विधानसभा के सामने धरना देकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगी. उनका यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं. धरने में झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की अध्यक्ष वीणा सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे. रंजीता देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं को 26 हजार रुपये और सहायिकाओं को 20 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाना चाहिए तथा उन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाना चाहिए. साथ ही वेतन के साथ ग्रेच्यूटी का लाभ भी मिलना चाहिए. उन्होंने जोर देकर कहा कि अब मानदेय नहीं, बल्कि नियमित वेतन चाहिए. सेविका-सहायिकाओं की ये मांगें लंबे समय से पूरी नहीं हो रही हैं, जिसके कारण वे मजबूर होकर संघर्ष पर उतरी हैं. इस दौरान बारिश के बावजूद सभी ने अपनी मांगों के समर्थन में दृढ़ता दिखाई.

मंथन

# विपक्ष की एकजुटता से ही बचेगा हमारा लोकतंत्र

बिहार वोटर अधिकार यात्रा की समापन रैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भाषण केवल राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को झकझोरने वाला संदेश था. उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि वे जेल नहीं गए होते, तो झारखंड में लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता नहीं खुलता. यह बयान उस गहरी सच्चाई की ओर इशारा करता है कि सत्ता का खेल अब नीतियों और कार्यों से नहीं, बल्कि एजेंसियों और धनबल से संचालित हो रहा है. मुख्यमंत्री ने जिस तरह वोट चोरी की बात उठाई, वह लोकतंत्र के मूल अधिकार पर सीधा प्रश्नचिह्न है. वोट किसी पार्टी का नहीं, बल्कि देश और संविधान का है. यदि इसमें ही हेरफेर होगा तो लोकतंत्र का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा. राहुल गांधी द्वारा सामने लाए गए तथ्यों ने इस आरोप को और गहराई दी है. चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि देश की दिशा और दशा तय करने वाली प्रक्रिया है. सोरेन ने सही कहा कि आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के लिए चुनाव केवल मतदान का अधिकार नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है. यही वजह है कि उन्होंने बिहार चुनाव को देश बचाने का संकल्प करार दिया. आज जरूरत इस बात की है कि सत्ता की ताकतवर संस्थाओं के दबाव और प्रलोभन से ऊपर उठकर जनता अपने मताधिकार का सही उपयोग करे. यह लड़ाई केवल राजनीतिक दलों की नहीं, बल्कि आम नागरिकों की है. लोकतंत्र को बचाने का हथियार केवल एकजुटता और जागरूकता है. यदि जनता संगठित होगी तो कोई भी ताकत न संविधान तोड़ पाएगी, न देश की दिशा भटका पाएगी. हेमंत सोरेन का यह संदेश बिहार ही नहीं झारखंड तक गया है.

नजरिया

# आत्मसमर्पण की राह पर झारखंड में नक्सलवाद

लातेहार जिले से आई खबर लोकतंत्र और शांति की दिशा में बड़ी उपलब्धि है. एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत जेजेएमपी संगठन के नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया. यह कदम न केवल जिले में नक्सली हिंसा के अंत की ओर संकेत करता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि बंदूक की राह छोड़कर विकास और मुख्यधारा से जुड़ना ही भविष्य का रास्ता है. लातेहार कभी घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में गिना जाता था. लेकिन पुलिस, सीआरपीएफ और जनता के संयुक्त प्रयासों ने हालात बदले. गांव-गांव जाकर सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार किया गया, परिजनों को समझाया गया और पुनर्वास का भरोसा दिलाया गया. यही कारण है कि सरेंडर की राह चुनने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है. जनवरी 2025 से अब तक 75 नक्सलियों की गिरफ्तारी, कई बड़े इनामी नक्सलियों का ढेर होना और अब नौ उग्रवादियों का आत्मसमर्पण, यह सब बताता है कि सुरक्षा एजेंसियों की रणनीति प्रभावी रही है. इस सफलता का सबसे बड़ा संदेश यह है कि हिंसा और आतंक की कोई स्थायी जगह नहीं होती. जब सरकार ठोस नीति बनाए और प्रशासन संवेदनशीलता से उसे लागू करे, तो भटके हुए लोगों का विश्वास जीता जा सकता है. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनर्वास और सम्मानजनक जीवन का अवसर देकर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना अब अगला बड़ा कदम होना चाहिए.

# आदिवासी जीवन का दर्शन है करमा पर्व

डॉ मयंक मुरारी



आदि दर्शन, प्रकृति के साथ प्रगति की प्रतिध्वनि का प्रवाह करमा पर्व

**करमा पर्व जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैकल्पिक समाधान है. जहां लोकगीत, लोककथा, लोकज्ञान और लोक परंपरा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के उपाय, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास का सहज ही पाठ पढ़ाया जाता है.**

आप पेड़ों को समझे बिना मानव विकास और हमारे भविष्य को नहीं समझ सकते. पेड़ों का अध्ययन किसी प्राकृतिक आश्चर्यलोक में पलायन नहीं है, बल्कि यह दुनिया में क्या सुंदर है और क्या टूटा हुआ है, यह देखने का एक तरीका है, ताकि आगे बढ़ने का रास्ता खोजा जा सके. करमा पर्व यह अवसर प्रदान करता है कि हम एकबार पीछे मुड़कर देखे. पहले के समय में लोग प्रकृति के साथ ज्यादा जुड़े रहते थे, लेकिन अब हम उससे दूर हो गए हैं. फिर भी हमारा दिमाग और शरीर अभी भी प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है. करमा के साथ वनस्पति, प्रकृति, परंपरा, अध्यात्म का जो एक अनवरत अनुष्ठान है, उसमें हम अपने आंतरिक जीवन को विशुद्ध करते है, तथा सामाजिक जीवन के साथ खुद का आरोहण करते हैं.
हरियाली, वनस्पति और वनजीवन के साथ हमारा संबंध हमारे स्वास्थ्य को सुधारता है, साथ ही हमारी मानसिक क्षमता का संवर्द्धन करता है जो आधुनिक जीवन के भागमभाग में घटता जा रहा है. करमा के माध्यम से यह संदेश मिलता है कि प्रकृति के साथ ही शांति है. जब पड़-पौधों, पक्षियों की आवाज और खुली हवा के बीच होते हैं, तो हमारा मन हल्का हो जाता है. यह हमें याद दिलाती है कि जिंदगी सिर्फ भागदौड़ नहीं, बल्कि सुकून और संतुलन भी है. आदिवासी समाज में मनुष्य भी इस अस्तित्व का एक अंग है, जो श्रेष्ठ नहीं है. इस भाव के कारण ही आदिवासी संसार में प्रकृति के सौंदर्य और सुवास को पहचानने की शक्ति प्राप्त होती है.
उनके हृदय में एक नैसर्गिक सौंदर्य एवं ज्ञानबोध होता है जिसकी अनौपचारिक शिक्षा उन्हें उनके पुरखों और प्रकृति से मिलती रही है. यही कारण है कि वे वनस्पति के साथ ताल एवं लय मिलकर चलते है. पेड़ों के गीतों में वे लिखते हैं, जंगल की टहनियों के जल-रक्त उनके हृदय की धड़कन के साथ धड़कता है. जंगल की ध्वनि के साथ गुनगुनाते हैं. उनके लिए पेड़ की टहनियां महज लकड़ी नहीं है. वे गतिशील हैं, लकड़ी एक जीवंत पदार्थ है. बढ़ती टहनियों में चैबीसों घंटे एक स्पंदनशील लय होती है, जो दिन में पानी के प्रवाह संकरी होती जाती है, और रात में फूल जाती है. डेविड हास्केल ने एक किताब लिखी है. उसक नाम है - द सॉन्ग्स ऑफ ट्रीज: स्टोरीज ऑफ नेचर्स. इसमें वह वनस्पति जीवन का एक अहम सच्चाई सामने रखते हैं, जो आदिवासी जीवन का हिस्सा रहा है. वह कहते है कि मनुष्य और पेड़ प्रकृति के समान रूप से अंग हैं, और यह सोचना कि हम अलग हैं, दूसरे शब्दों में, पेड़ों को अन्य के रूप में देखना, अनादर की ओर ले जाता है. अगर हम खुद को पेड़ों के साथ संबंध, रिश्ते और समुदाय के रूप में देखते हैं, जैसा कि हम वास्तव में हैं, तो हम उनके द्वारा हमारे और ग्रह के लिए किए गए कार्यों की सराहना करेंगे, और हम उन्हें हल्के में लेने के बजाय उनका सम्मान करेंगे.मनुष्य भी प्रकृति का उतना ही हिस्सा हैं जितना कि जानवर और पेड है. और यह भी सही है कि हम प्रकृति को और अधिक नुकसान पहुँचाये बिना मनुष्यों को नहीं हटा सकते.
आदिवासी जीवन में यह मान्यता है कि मनुष्य और प्रकृति का एक ही रचयिता है. मनुष्य उन्हीं एक कोशिकीय जीवों से विकसित हुए हैं जैसे जानवर और पौधे थे. ऐसे में मनुष्य और प्रकृति को अलग मानने का कोई मतलब नहीं है. आदिवासी जीवन में प्रकृति से जुड़े पर्व, संस्कार, कथाएं, अनुष्ठान ये स्मरण कराते हैं कि हमारी तेज रफ्तार जिंदगी के संतुलन में बाहर की ताजी हवा और हरियाली का असीम योगदान है. हम सब जब अपने काम और जिम्मेदारियों में इतने उलझे रहते हैं कि अपने लिए समय निकालना भूल जाते हैं. दिन भर घर या दफ्तर की चार दीवारी में रहने से हमारा शरीर और दिमाग थक जाता है. ऋतुओं के संग बदलती प्रकृति, प्रकृति से जुड़े अनुष्ठान और अनुष्ठान के साथ जीवन का अर्थ ही हमको सच्चा और अच्छा जीवन जीना सीखाता है. आदिवासी दर्शन यह नहीं कहते कि प्रकृति को नष्ट करना चाहिए या ऐसा करना उचित है. इसके बजाय, उनका तर्क है कि जब मनुष्य इस अस्तित्व में एकात्मकता को स्वीकार करते हैं, तो उन्हें प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण ढंग से रहना आ जाता है. हम सभी एक ही मूल से जुड़े हुए हैं. यही कारण है कि आदिवासी जीवन में पर्व, त्योहार, आस्था, भोजन, दर्शन सब प्राकृतिक के साथ एकात्म हो जाता है. उनके लिए साल, पीपल, महुआ आदि जीवन, पुनर्जन्म और प्रकृति की आराधना का प्रतीक है तो मुरुग, बैल और भैंसा शक्ति, कृषि और उपज से जुड़ा है.
आदिवासी की झोपड़ी की आकृति सरल जीवन और प्रकृति से जुड़ा हुआ होता है. दीया और अग्नि पवित्रता और शक्ति का प्रतीक है तो ढोलक, मांदर और नगाड़ा सामूहिकता और उत्सव का प्रतीक माना जाता है. पगचिन्ह में पूर्वजों, देवी-देवताओं की मौजूदगी देखी जाती है. इसी प्रकार सर्प और नाग जैसे विषधर आकृति आदिवासी जीवन में प्रकृति, सुरक्षा और चेतना का हिस्सा बन जाती है. आदिवासी देवताओं के प्रतीक में धरती माता मिट्टी, हल, बीज, धूप, अग्नि, सूर्य चिन्ह, नदियां मछली, लहरें, जल पात्र, वन देवता होते हैं. प्रकृति में समय बिताने की आदत को आज गुड हैबिट्स माना जाता है. आज यह सिखाया जाता है कि सुबह किसी पेड़ के नीचे या घास पर बैठ कर ध्यान करें. गहरी सांस लें और आस-पास की आवाजों पर ध्यान दें- जैसे पत्तों की सरसराहट या पक्षियों की चहचहाहट.
विज्ञान कहता है कि ग्रीन स्पेस में ध्यान करने से मानसिक सेहत में सुधार होता है और एकाग्रता बढ़ती है. आदिवासी जीवन की परंपरा में यह बात सहज ही सबको पता थी कि प्रकृति में समय बिताना तनाव से राहत देता है, खुशी बढ़ती है और सेहत को दुरुस्त रखती है. प्रकृति हमारी सच्ची दोस्त है, जो हमें प्यार और सुकून देती है. करमा पर्व जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैकल्पिक समाधान है.जहां लोकगीत, लोककथा, लोकज्ञान और लोक परंपरा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के उपाय, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास का सहज ही पाठ पढ़ाया जाता है.

## आज का इतिहास

- **1767:** कर्नल स्मिथ ने चंगमा की लड़ाई में निजाम व हैदर अली की सेना को हराया.
- **1833:** अमेरिका में बेंजामिन एचडे ने पहला अखबार 'न्यूयार्क सन' शुरू किया.
- **1971 :** कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना.
- **1998 :** मंडेला ने गुट निरपेक्ष शिखर सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाया,पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने कड़ी आपत्ति जताई.
- **2006 :** भारतीय मूल के भरत जगदेव ने गुयाना के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली.
- **2007 :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा जिया और उनके पुत्र अराफ़ात रहमान भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ़्तार.
- **2008 :** राजेंद्र पचौरी संयुक्त राष्ट्र की संस्था जलवायु परिवर्तन के अन्तर सरकारी पैनल के दोबारा प्रमुख चुने गए.
- **2020:** भारत और रूस ने अत्याधुनिक एके-203 राइफल भारत में बनाने के लिए एक बड़े समझौते को अंतिम रूप दिया.

## स्वर्ग जाना है, तो जीते जी ही अच्छे कर्म कीजिए

चिंतन


महात्मा बुद्ध के समय में मृत्यु के बाद आत्मा को स्वर्ग में प्रवेश कराने के लिए कर्मकांड होते थे. एक घड़े में कुछ छोटे पत्थर डाल दिए जाते. पूजा-हवन करने के बाद उस पर किसी धातु से चोट की जाती, अगर घड़ा फूट जाता. पत्थर निकल जाते तो यह माना जाता था कि आत्मा पाप से मुक्त हो गयी. उसे स्वर्ग मिल गया है. ऐसा कराने के बदले में पंडित खूब दान-दक्षिणा लेते.
अपने पिता की मृत्यु के बाद एक युवक ने सोचा क्यों न आत्मा-शुद्धि के लिए बुद्ध की मदद ली जाए. इसी सोच के साथ वो बुद्ध के पास पहुंचा. हे महात्मन! मेरे पिता जी नहीं रहे, आप ऐसा उपाय बताएं कि उनकी आत्मा को स्वर्ग में स्थान मिले. युवक बोला. बुद्ध बोले, ठीक है, तुम उन पंडितों से दो घड़े लेकर आना. एक में पत्थर और दूसरे में घी भर देना. दोनों घड़ों को नदी में इतना डुबोना कि बस उनका ऊपरी भाग ही दिखे. उसके बाद पंडितों ने जो मन्त्र सिखाए हैं उन्हें बोलना और अंत में धातु की हथौड़ी से उनपर नीचे से चोट करना. ये सब करने के बाद मुझे बताना कि क्या देखा? युवक खुश था कि उसके पिता के पाप कट जाएंगे. उनकी आत्मा को स्वर्ग की प्राप्ति होगी. अगले दिन युवक ने वैसा ही किया और सब करने के बाद वह बुद्ध के पास आया. आओ पुत्र, बताओ तुमने क्या देखा? बुद्ध ने पूछा. युवक बोला, मैंने पत्थर और घी से भरे घड़ों को पानी में डाल कर चोट की. जैसे ही मैंने पत्थर वाले घड़े पर प्रहार किया घड़ा टूट गया और पत्थर पानी में डूब गए. उसके बाद मैंने घी वाले घड़े पर वार किया, वह घड़ा भी फूट गया और घी नदी के बहाव की दिशा में बहने लगा. बुद्ध बोले, अब जाओ और उन पंडितों से कहो कि कोई ऐसी पूजा, यज्ञ करें कि वे पत्थर पानी पर तैरने लगें और घी नदी की सतह पर जाकर बैठ जाए. युवक बोला, आप कैसी बात करते हैं? पत्थर पानी पर नहीं तैर सकता और घी नदी की सतह पर नहीं बैठ सकता. बुद्ध बोले, बिल्कुल सही, और ठीक ऐसा ही तुम्हारे पिताजी के साथ है. उन्होंने अपने जीवन में जो भी अच्छे कर्म किये वो उन्हें स्वर्ग की तरफ उठाएंगे और जो भी बुरे कर्म किये वे नरक की ओर खीचेंगे. कर्मकांड उनके कर्मफल को नहीं बदल सकते. युवक बुद्ध की बात समझ गया कि स्वर्ग जाने का सिर्फ एक ही मार्ग है और वो है जीवित रहते हुए अच्छे कर्म करना.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #तेजा_दशमी
2. #JagoHindu
3. #HBDPawanKalyan
4. #खेजड़ली_बलिदान_दिवस
5. Dharma Ki Raksha
6. #MitchellStarc
7. Sanatan Sanskriti
8. वीर तेजा
9. लोक आस्था
10. अमृता देवी बिश्नोई

# बहुरंग




## 'जॉली एलएलबी 3' के नए वीडियो ने मचाया धमाल

हाल ही में रिलीज़ हुआ 'जॉली बनाम जॉली' वाला प्रोमो वीडियो इंटरनेट पर छा गया है. रिलीज़ के कुछ ही घंटों के भीतर वीडियो ने सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ व्यूज़ बटोर लिए. अक्षय कुमार और अरशद वारसी की दमदार नोकझोंक ने लोगो का दिल जीत लिया. वीडियो में अक्षय कुमार अपने जॉली मिश्रा वाले अंदाज़ में कानपुर का झंडा बुलंद करते हैं और ज़बरदस्त अंदाज़ में शहर का गुणगान करते दिखाई देते हैं. वहीं अरशद वारसी का जॉली त्यागी पूरे जोश और ठेठ मेरठिया स्टाइल में मेरठ की साइड पकड़कर भिड़ जाते है. दोनों की इस नोकझोंक में हंसी-मज़ाक, व्यंग्य और देसी तड़के का ऐसा कॉम्बिनेशन है कि दर्शक देखते ही रह जाते हैं.

**जज त्रिपाठी हुए परेशान, जनता पर छोड़ा फैसला :** मामला तब और मज़ेदार हो जाता है जब वीडियो में एंट्री होती है जज त्रिपाठी यानी सौरभ शुक्ला की. दोनों जॉलीज़ की बहस से तंग आकर जज साहब आख़िरकार हार मान लेते हैं और गुस्से में यह ऐलान कर देते हैं कि अब फैसला जनता करेगी. इसके साथ ही मेकर्स ने दर्शकों के लिए एक लिंक शेयर किया है www.jollyvsjolly.com जहां लोग वोट कर सकते हैं कि ट्रेलर लॉन्च कानपुर में होना चाहिए या मेरठ में. यह सिर्फ़ एक मज़ेदार मार्केटिंग कैंपेन नहीं है, बल्कि जॉली एलएलबी फ्रेंचाइज़ी की जड़ों से भी जुड़ा हुआ है. 2013 में आई 'जॉली एलएलबी' में मेरठ से आए वकील जॉली त्यागी यानी अरशद वारसी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही. इसके बाद 2017 में रिलीज़ हुई 'जॉली एलएलबी 2' में कानपुर से आए जॉली मिश्रा यानी अक्षय कुमार ने एंट्री की और यह उनकी पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई. अब 2025 में आ रही 'जॉली एलएलबी 3' में दोनों जॉली पहली बार आमने-सामने होंगे.

**दमदार स्टार कास्ट :** स्टार स्टूडियो 18 द्वारा प्रस्तुत और सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी 3' में अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जुगलबंदी देखने लायक होगी. उनके साथ हुमा कुरैशी, अमृता राव और सौरभ शुक्ला जैसे अनुभवी कलाकार भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं. निर्माताओं का कहना है कि यह फिल्म दर्शकों को कोर्टरूम ड्रामा, धारदार डायलॉगबाज़ी, पुरानी यादों का तड़का और दो बड़े परफ़ॉर्मर्स की धमाकेदार भिड़ंत एक साथ परोसेगी. फिल्म को लेकर दर्शकों में पहले से ही जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. ट्रेलर का बेसब्री से इंतज़ार है और अब यह नया वीडियो चर्चा को और बढ़ा रहा है. 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितम्बर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.

## मेना मसूद ने एमिली शाह से रचाई शादी

हॉलीवुड फिल्म 'अलादीन' के अभिनेता मेना मसूद ने अपनी प्रेमिका और अभिनेत्री एमिली शाह के साथ शादी के बंधन में बंध गए हैं. यह शादी काफी निजी और गुपचुप तरीके से हुई थी. इस साल जुलाई में इस जोड़े ने अपने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में इटली के खूबसूरत शहर टस्कनी में शादी की. खास बात यह रही कि इस शादी में हिंदी और ईसाई दोनों रीति-रिवाजों को ध्यान में रखकर कार्यक्रम आयोजित किया गया. शादी की यह जानकारी दोनों ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की. मेना और एमिली ने अपनी शादी का एक खूबसूरत वीडियो पोस्ट किया, जिसे उनके फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स काफी प्यार दे रहे हैं. वीडियो में शादी की सभी झलकियां, दोनों की खुशिया और उत्सव का माहौल साफ देखा जा सकता है.

वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एमिली शाह ने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार लाल साड़ी पहनकर शादी की रस्में निभाईं, जबकि मेना मसूद ने शेरवानी पहनकर उनके साथ खड़े थे. इसके बाद, ईसाई रीति-रिवाज से शादी के लिए दोनों ने सफेद रंग के पारंपरिक कपड़े पहने और वहां की प्रथाओं के अनुसार विवाह हुआ. इस तरह दोनों ने अपनी दो संस्कृतियों का समन्वय करते हुए अपने खास दिन को और भी यादगार बना दिया. पोस्ट के कैप्शन में मेना और एमिली ने लिखा, हमारे सपनों की शादी. यह कैप्शन उनके फैंस के बीच उत्साह और खुशी का कारण बन गया है. गौरतलब है कि मेना मसूद और एमिली शाह ने साल 2023 में सगाई की थी. इस शादी ने सोशल मीडिया पर तेजी से सुर्खियां बटोरी हैं और फैंस दोनों को ढेर सारा प्यार और बधाई संदेश भेज रहे हैं. टस्कनी की खूबसूरती, दोनों



की मुस्कान और शादी के रिवाजों का मेल इस वीडियो को बेहद खास और यादगार बना देता है.

## चक्रधर समारोह : डॉ.विपुल कुमार राय के संतूर वादन से गूंजा रायगढ़

**रायगढ़ ।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में आयोजित चक्रधर समारोह 2025 के छठवें दिन दिल्ली के सुप्रसिद्ध संतूर वादक डॉ. विपुल कुमार राय ने अपनी अनुपम प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया. सुर, ताल और लय की दिव्य साधना ने वातावरण को अलौकिक संगीत प्रवाह से सराबोर कर दिया. आकाशवाणी के ग्रेड ए कलाकार एवं भारतीय संस्कृति मंत्रालय के उत्कृष्ट श्रेणी के कलाकार डॉ.राय ने संतूर वादन की ऐसी विलक्षण शैली प्रस्तुत की, जिसमें परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम झलका. उनकी प्रस्तुति में रागों की शुद्धता, छंदों का मधुर प्रयोग और लयकारी की अनूठी बारीकियाँ निरंतर उजागर होती रहीं. सूफियाना घराने के मशहूर संतूर वादक पद्मश्री पं.भजन सोपोरी के शिष्य डॉ.राय ने दिल्ली विश्वविद्यालय से मास्टर, एमफिल और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है. उन्होंने देश-विदेश के प्रमुख मंचों पर भारतीय शास्त्रीय संगीत की गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाई दी है. अपने योगदान के लिए उन्हें बिहार कला पुरस्कार, संगीत कला गौरव, पद्मश्री फड़के कला सम्मान, संगीत कला रत्न और स्वराधीराज सम्मान सहित अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अलंकरणों से सम्मानित किया जा चुका है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. मनोरथ सिद्घि का योग है. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-3-6-8

**वृष :** अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. सम्पत्ति से लाभ. शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुखदायी समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. शुभांक-2-4-6

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. स्थान परिर्वतन की संभावना हैं. शुभांक-3-5-7

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. यात्रा का योग है. शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शुभांक-4-5-7

**धनु :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. थोड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे. शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा. शुभांक-2-4-6

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. बौद्घिक उलझनें बनी रहेंगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी. शुभांक-1-3-5

**कुंभ :** विद्यार्थियों को लाभ. मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. नैतिक दायरे में रहें. मेहमानों का आगमन होगा. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. पारिवारिक विवाद टालें. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. शुभांक-2-6-9

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. किसी पर सोच समझ कर ही भरोसा करें. शुभांक-2-4-6



# रिश्ते में फिर से नए रंग भरना चाहती हैं तो आजमाइए ये टिप्स

**जीवन में मध्य काल को पार करने के बाद बहुत से दंपती की रोमांस में दिलचस्पी का कम होते जाना स्वाभाविक है। बहुत से दंपती यह सोचते हैं कि कब उनके साथ प्यारभरी बातें की थीं। शायद महीनों हो गए। नतीजा रिश्तों में कड़वाहट के रूप में सामने आता है। यदि आप अपने बेजान होते रिश्ते में फिर से प्यार के नए रंग भरना चाहती हैं तो ये टिप्स आजमाइए।**

वैवाहिक जिंदगी में अगर दूरियां जगह बनाने लगें तो समझिए आप दोनों का रिश्ता लंबा नहीं चल पाएगा। रिश्ते में फिर से गर्माहट लाने के लिए अपने पार्टनर के साथ नियमित रूप से प्यारभरी बातें करें। प्यार से जहां आपको संतुष्टि मिलेगी, वहीं पार्टनर भी आपके करीब आएंगे। शादी के बाद वाला रोमांटिक मूड बनाए रखने के लिए पत्नी हमेशा पति से खूब लाड लड़ाए, पति की हर मांग और इच्छा को पूरा करने के लिए खुशीखुशी तैयार रहे। पति उसके लिए कुछ अच्छा काम करे, तो पत्नी उन्हें दिल से धन्यवाद देना न भूले। इस रोमांटिक मौसम में एक खूबसूरती सी डेट प्लान करें, रिश्ते की रूमानियत बनाए रखने की जिम्मेदारी भी तो आपकी ही है। ऐसे में एक-दूसरे के साथ टाइम बिताने के लिए डिनर डेट प्लान करें इतना बेस्ट मौका मिला है टीवी देखते समय, कार में बैठे हुए या साथ चलते हुए, एक-दूसरे का हाथ थामना न भूलें। पार्टनर का ये स्पर्श आपको उन दिनों की याद ताजा करा देगा जब एक-दूसरे का हाथ थामते ही आपके दिल की धड़कनें तेज हो जाती थीं। रोमांस करने से आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होती है। पार्टनर को अगर ऑफिस के काम का बोझ सता रहा है, तो उसकी इस परेशानी को आप बहुत हद तक सेक्स के जरिए दूर कर सकते हैं। प्यार आपको साथी के करीब तो लाता ही है, साथ ही आपका तनाव भी दूर करता है। हफ्ते में दो से तीन बार रोमांस करने से ब्लड प्रेशर बराबर रहता है, जिससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और ज्यादा खुश रहते हैं।



# सीमित आय के साथ खरीदें अपने सपनों का घर

**घर खरीदना एक बहुत बड़ा निवेश है। खासतौर पर उनके लिए जिनकी आय सीमित है। अधिकांश युवाओं का मासिक वेतन 15 हज़ार रुपये प्रति माह से शुरू होकर लगभग 3 वर्षों में 25 से 30 हज़ार रुपये प्रति माह तक पहुंचता है। इसी में कई खर्चे पूरे करने होते हैं जिसके बाद घर का सपना पूरा कर पाना लगभग नामुमकिन लगने लगता है। इसी वर्ग को ध्यान में रखकर हम एक ऐसी रणनीति तैयार करेंगे ताकि हर कोई अपने घर का सपना साकार कर सके।**

## बजट से शुरुआत

सबसे पहले अपना बजट बनाएं। इस बात का प्रयास करें कि प्रारंभ में आप ऐसा घर खरीदें, जो आपके बजट में आता हो। बाद में उसे बेचकर प्राप्त राशि को डाउन पेमेंट की तरह प्रयोग करते हुए बड़े घर के लिए बड़ा लोन लेने पर विचार कर सकते हैं।

## क्षेत्र का चयन

आमतौर पर शहर के व्यस्त या विकसित इलाकों में घरों की कीमतें अधिक होती हैं। इसलिए ऐसे इलाकों की खोज करें जहां अभी क़ीमतें कम हैं, लेकिन अगले 5 वर्षों में बढ़ने की संभावनाएं हैं।

## ऋण की पात्रता जांच लें

कोई भी बैंक घर या फ्लैट की क़ीमत का शत-प्रतिशत लोन नहीं देता है। लोन की राशि घर की क़ीमत के 80 से 90 फ़ीसदी तक हो सकती है। आपके वेतन से होने वाली कटौतियों को भी ध्यान में रखा जाता है। कुल कटौतियां 60 फ़ीसदी से अधिक न हों, कुछ मामलों में यह 70 फ़ीसदी तक स्वीकार की जा सकती है।

## डाउन पेमेंट

अब प्रश्न यह है कि घर की क़ीमत और बैंक लोन के अंतर को कैसे पाटा जाए। इस उद्देश्य से इन विकल्पों पर विचार करें-

- यदि आपके पास स्वर्ण आभूषण हैं और वो लॉकर में रखे हैं, तो उन्हें काम पर लगाएं। गोल्ड लोन आसानी से और कम ब्याज पर मिल जाता है, जिससे प्राप्त धनराशि का उपयोग आप डाउनपेमेंट अथवा मार्जिन भरने के लिए कर सकते हैं।
- पोस्ट ऑफिस के एनएससी, बीमा पॉलिसी, बैंक का फिक्स्ड डिपॉज़िट, शेयर और म्यूचुअल फंड के आधार पर भी लोन लेकर आप धन जुटा सकते हैं।

## ईएमआई से पहले सिप

यदि लोन लेने के लिए आपके पास कुछ भी उपलब्ध नहीं है, तो कुछ वर्षों के लिए लोन लेने के विचार को स्थगित करें। ईएमआई का तनाव लेने से अच्छा है कि आप हर महीने किसी अच्छे इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट की योजना बनाएं।

## आवास योजना भी एक विकल्प है

यह पता लगाएं कि आपके शहर में विकास प्राधिकरण की एलआईजी और एमआईजी आय वर्ग के लिए क्या कोई आवास योजना है। प्रायः सभी बड़े शहरों में निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए आवास योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिन शहरों और कस्बों में प्राधिकरण नहीं है, वहां हमें प्रधानमंत्री आवास योजना के विषय में पता करना चाहिए। अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत भी सस्ते घर बनाए जा रहे हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत बनाए जा रहे घरों की क़ीमतें काफ़ी किफ़ायती होती हैं।





# ड्रेस सलेक्ट करते समय रखें कलर का खास ख्याल

करते समय सिर्फ उस आउटफिट के वर्क और स्टाइल पर ही ध्यान नहीं दिया जाता बल्कि उसके कलर का भी खास ख्याल रखा जाता है, क्योंकि हर कलर हर महिला पर सूट करें ये जरूरी नहीं। इसलिए आउटफिट सेलेक्ट करते समय कलर का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। वैसे कलर सिर्फ आपके कॉम्प्लेक्शन को ही नहीं, बल्कि फिगर को भी कॉम्प्लीमेंट करता है। जी हां अगर आप स्लिम लुक चाहती है, तो आपको ड्रेस सलेक्ट करते समय उसके कलर का भी खास ख्याल रखना चाहिए। यदि आप कलर पर ध्यान नहीं देती है, तो ये आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। अगर आपकी बॉडी थोड़ी हैवी है, और आप स्लिम दिखना चाहती है, तो आपको आउटफिट के स्टाइल के साथ ही उसके कलर का खास ध्यान रखने की जरूरत है। आइए जानते है कुछ ऐसे कलर के बारे में जो आपको स्लिम लुक दे सकते हैं। अगर आप स्लिम लुक चाहती हैं, तो अपने वार्डरोब में डार्क कलर को जगह दें। आप डार्क कलर में स्लिम नजर आती हैं। आप डार्क कलर में ब्लैक, नेवी ब्लू, चॉकलेट ब्राउन या डार्क ग्रे शेड्स चुन सकती है। यह आपको स्लिम लुक देगा। अगर आप स्लिम लुक चाहती है तो मोनोक्रोमैटिक रंग पहनें। मोनोक्रोमैटिक शेड्स पहनने से आपके शरीर का बल्की एरिया पतला नजर आता है। जैसे की हमने पहले ही कहा की कलर के साथ स्टाइल का भी आपको ख्याल रखना है, स्लिम दिखने के लिए सिर्फ एक ही कलर पर आप टिकी न रह जाएं बल्कि इसके बजाय आप डार्क और लाइट शेड्स का कॉम्बिनेशन के साथ भी ट्राई करें। इससे आप स्लिम और स्टाइलिश लुक पा सकती है।

# दमकती त्वचा का सपना पूरा करेंगे इन फलों के छिलके

आज तक आपने अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए फलों को डाइट में शामिल करने की सलाह तो कई बार सुनी होगी पर क्या आप जानते हैं फल अगर आपको अच्छी सेहत पाने में मदद करते हैं तो फलों के छिलके आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम भी कर सकते हैं।

## पपीते का छिलका

चेहरे का रूखापन दूर करके त्वचा का ग्लो बढ़ाने का काम करता है पपीते का छिलका। इसके लिए पपीते के छिलके को सुखाकर बारीक पीस कर इसका पाउडर बना लें। अब दो चम्मच पाउडर में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर उसका गाढ़ा पेस्ट बनाकर उसे अपने चेहरे पर फेस पैक की तरह लगा लें। पैक सूख जाने पर अपना चेहरा धो लें। चेहरे की टैनिंग हटाने के लिए पपीते के छिलके को पीसकर उसमें नींबू का रस मिला कर इस्तेमाल करें।

## संतरे का छिलका

चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, मुहांसों और टैनिंग से निजात पाने के लिए संतरे के छिलके को पीसकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट में 2 चम्मच कच्चा दूध और दो चुटकी हल्दी मिलाकर इस पेस्ट को फेस पैक की तरह चेहरे पर लगाएं। पैक सूखने पर चेहरे ठंडे पानी से धो लें।

## नींबू का छिलका

टैनिंग दूर करने के लिए नींबू के छिलके को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर फेस पैक की तरह इस्तेमाल करें।

## केले का छिलका

टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप केले के छिलके के अंदरूनी सफेद भाग को चेहरे पर हल्के हाथों से बीस मिनट तक रगड़ें। इसके बाद चेहरा धो लें। ऐसा करने से चेहरे की चमक बढ़ती है।

## आम का छिलका

चेहरे की झुर्रियों को कम करने के लिए आम के छिलके को पीसकर इसका पेस्ट चेहरे पर लगाने से मुहांसों और झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। इसके लिए आम के छिलके को सुखाकर इसका पाउडर बना कर गुलाब जल के साथ, गेहूं के आटे में मिलाकर चेहरे पर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।





# परिवार और खुद को ऐसे सुरक्षित रखें

आजकल 'सायबर किडनैपिंग' शब्द काफी चर्चा में है। अन्य ऑनलाइन ठगी की तरह सायबर किडनैपिंग भी सायबर क्राइम का एक तरीका है। इसमें अपराधी इंटरनेट की मदद से व्यक्ति की सारी जानकारी इकट्ठी करता है और फिर उसे कॉल करता है। वह व्यक्ति को धमकाकर, डराकर और परिजनों को नुकसान पहुंचाने का हवाला देकर उसकी बताई हुई जगह पर जाने के लिए कहता है। वीडियो कॉल या फोटो मांगकर उस पर नज़र रखता है। वहीं दूसरी तरफ व्यक्ति के घर पर फोन करके और नकली तस्वीरें या वीडियो भेजकर उसके अपहरण का दावा करता है। जबकि असल में अपहरण होता ही नहीं है। कुछ अपराधी पीड़ित व्यक्ति की नकली तस्वीर, आवाज़ या वीडियो बनाने के लिए एआई का सहारा ले रहे हैं।

अपराधी किसी को भी अपना शिकार बना सकते हैं। लेकिन वो लोग या छात्र अधिक जोखिम में है जो परिवार से दूर अन्य राज्य या देश में रहते हैं।

## सोशल मीडिया का सावधानी से इस्तेमाल

सोशल मीडिया या मैसेंजर पर अपनी निजी जानकारी ध्यान से साझा करें। परिवार में कौन, कहां रहता है या दिनचर्या क्या है, इसे साझा करने के बचें। कई लोग घर जाने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं कि वे कितने दिनों बाद अपने घर-शहर आए हैं। कई लोग अपने प्लानर की तस्वीर भी साझा करते हैं, जिसमें कई ऐसी जानकारियां या दिनचर्या लिखी हो सकती हैं जिन पर अपराधी की नज़र जा सकती है। किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचें। मोबाइल का सॉफ्टवेयर अपडेटेड रखें। मज़बूत पासवर्ड रखें। इनकी मदद से भी ठग आप तक पहुंच सकता है।

## कैसे बच सकते हैं सायबर किडनैपिंग से

### पहले सबूत जुटाएं...

ठग से सबूत के तौर पर पीड़ित से बात कराने के लिए कहें। अगर वो किसी और व्यक्ति को पीड़ित बनाकर बात कराए तो उससे निजी सवाल के जवाब मांग सकते हैं। सवाल ऐसे होने चाहिए जिनका जवाब केवल पीड़ित और आप जानते हों, जैसे कि कोई यादगार लम्हा या हास्य पल आदि। अगर बात करने से वो इंकार करता है तो उसे सवाल पूछने के लिए कहें।

### समझदारी से काम लें...

अपराधी की आवाज़ ध्यान से सुनें। उसके बोलने के तरीके और पीछे से आने वाली आवाज़ पर ध्यान दें। इससे अपराधी तक पहुंचने में मदद मिल सकेगी। अगर हो सके तो उसी वक्त दूसरे फोन से पीड़ित से संपर्क करें। उसकी सुरक्षा सुनिश्चित होते ही पता लग जाएगा कि फोन ठगी के लिए है।

### मदद ज़रूर लें...

इस तरह के फोन आने पर घबराएं नहीं। उसके कहने पर फौरन कोई फैसला लेने से बचें। ठग कुछ भी करने के लिए कहता है तो उस समय उसको हां कह दें ताकि उसे लगे कि आप उसकी बात मान रहे हैं। लेकिन उसके बाद पुलिस और सायबर सेल की मदद लें।

### परिवार को बताएं...

अगर सायबर किडनैपिंग का शिकार बनाने की मंशा से ठग कॉल करता है तो फौरन इसकी जानकारी परिवार को दें ताकि वे भी सचेत हो जाएं। सबूत के लिए ठग की कॉल रिकॉर्ड करें या मैसेज का स्क्रीनशॉट ले लें।

# डिविलियर्स ने बताए करियर के पांच सबसे बेहतरीन खिलाड़ी, लिस्ट में कोहली नहीं

एजेंसियां। नयी दिल्ली




दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने शानदार क्रिकेट करियर में कई बड़े खिलाड़ियों के साथ और खिलाफ मुकाबला किया है. डिविलियर्स का करियर भले ही कई सुपरस्टार्स के बीच गुजरा हो, लेकिन कुछ खिलाड़ी उनके लिए हमेशा खास रहे. हाल ही में एक पॉडकास्ट शो 'बियर्ड बिफोर विकेट' पर उन्होंने उन पांच क्रिकेटरों के नाम बताए, जिन्हें वह अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में गिनते हैं. डिविलियर्स ने कहा, 'यह तय करना आसान नहीं है, क्योंकि मैंने अपने करियर में अनगिनत दिग्गजों के साथ क्रिकेट खेला है, लेकिन अगर मुझे चुनना पड़े, तो ये पांच नाम मेरे लिए सबसे खास हैं. आश्चर्य की बात यह है कि इस लिस्ट में पाकिस्तान का एक ऐसा खिलाड़ी भी है जो मैच फिक्सिंग के आरोप में सजा झेल चुका है. वहीं, डिविलियर्स अपने खास दोस्त विराट कोहली को इस लिस्ट में शामिल नहीं किया है, जो कि चौंकाने वाला है. डिविलियर्स कई मौकों पर कोहली की तारीफ कर चुके हैं और उन्हें दिग्गज बता चुके हैं, लेकिन पांच खिलाड़ियों की सूची में उन्होंने कोहली को नहीं रखा. इस सूची में भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान का एक-एक खिलाड़ी है. सचिन से लेकर शेन वॉर्न तक, इन पांच नामों ने डिविलियर्स की नजर में क्रिकेट जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ी है.

**1. सचिन तेंदुलकर**

डिविलियर्स ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को सबसे पहले चुना. उन्होंने कहा कि सचिन सिर्फ एक बल्लेबाज नहीं, बल्कि एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया. डिविलियर्स ने माना कि सचिन का खेल के प्रति समर्पण और तकनीक हर युवा के लिए प्रेरणा है.

**2. जैक कैलिस**

इसके बाद उन्होंने अपने देश के ही महान ऑलराउंडर जैक कैलिस का नाम लिया. डिविलियर्स ने कहा, 'कैलिस जैसे ऑलराउंडर को मैं आज तक नहीं देखा. वह बल्ले और गेंद दोनों से मैच का रुख पलट सकते थे.'

**3. एंड्र्यू फ्लिंटॉफ**

इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्र्यू फ्लिंटॉफ को डिविलियर्स ने तीसरे स्थान पर रखा. उन्होंने माना कि फ्लिंटॉफ का आत्मविश्वास और टीम को प्रेरित करने का तरीका उन्हें सबसे अलग बनाता था.

**4. शेन वॉर्न**

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न का नाम लेते हुए डिविलियर्स ने कहा, 'वॉर्न सिर्फ एक गेंदबाज नहीं, बल्कि पूरे मैच का माहौल बदलने वाले खिलाड़ी थे. उनकी गेंदबाजी का सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता था.'

**5. मोहम्मद आसिफ**

पांचवें नाम के तौर पर उन्होंने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आसिफ को चुना. डिविलियर्स ने कहा कि आसिफ की गेंदबाजी इतनी सटीक और खतरनाक होती थी कि बल्लेबाजों को हमेशा मुश्किल में डाल देती थी. आसिफ पर मैच फिक्सिंग के आरोप साल 2010 में लगे थे. अगस्त 2010 में इंग्लैंड दौरे पर पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान स्पॉट फिक्सिंग स्कैंडल सामने आया. उस समय मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद आमिर और कप्तान सलमान बट्ट पर आरोप लगे थे कि उन्होंने जानबूझकर नो-बॉल फेंकी. यह स्टिंग ऑपरेशन ब्रिटिश अखबार न्यूज ऑफ द वर्ल्ड ने किया था. इसके बाद आईसीसी ने तीनों खिलाड़ियों को निलंबित कर दिया और बाद में प्रतिबंध भी लगाया गया.

## यूएई कप्तान मुहम्मद वसीम ने तोड़ा रोहित के छक्कों का रिकॉर्ड



**नयी दिल्ली ।** शारजाह में सोमवार को खेले गए त्रिकोणीय श्रृंखला मुकाबले में यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की. वसीम ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर कप्तान सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया. यूएई की पारी के तीसरे ओवर में वसीम ने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब-उर-रहमान की गेंदों पर लगातार दो छक्के जड़कर यह उपलब्धि अपने नाम की. वसीम ने मैच में 37 गेंदों में 67 रनों की विस्फोटक पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी के दौरान 6 छक्के लगाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके. यूएई टीम 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 विकेट पर 150 रन ही बना सकी.

### टी20आई में बतौर कप्तान सर्वाधिक छक्के

110 – मुहम्मद वसीम (यूएई)
105 – रोहित शर्मा (भारत)
86 – इयोन मॉर्गन (इंग्लैंड)
82 – आरोन फिंच (ऑस्ट्रेलिया)
79 – कादोवाकी फ्लेमिंग (जापान)
69 – जोस बटलर (इंग्लैंड)

## एशिया कप सुपर4 में पहुंची भारत, चीन, मलेशिया और दक्षिण कोरिया

# 7 सितंबर को खिताबी भिड़ंत

शुभम संदेश। राजगीर



बिहार के राजगीर में खेले जा रहे हॉकी एशिया कप 2025 टूर्नामेंट के सुपर4 में पहुंचने वाली 4 टीमें कंफर्म हो गई हैं. पूल स्टेज खत्म हो गया है. पूल 'ए' से भारतीय हॉकी टीम और चीन हॉकी टीम ने टॉप 4 में जगह बनाई है. जबकि पूल 'बी' से मलेशिया और साउथ कोरिया ने अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया.पूल स्टेज के 12 मैचों के बाद अभी तक एशिया कप 2025 में कुल 101 गोल लग चुके हैं. सबसे ज्यादा व्यक्तिगत गोल अभी मलेशिया के अखीमुल्लाह अनवर के नाम हैं, जिन्होंने 9 गोल मारे हैं. दूसरे नंबर पर भारत के हरमनप्रीत सिंह हैं, वह 7 गोल दाग चुके हैं. हॉकी एशिया कप 2025 की चैंपियन टीम 7 सितंबर को मिलेगी, जब सुपर4 की टॉप 2 टीमें फाइनल में भिड़ेंगी. ये मैच शाम को 7:30 बजे से खेला जाएगा. जबकि सुपर4 में नीचे की 2 टीमों के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए 7 सितंबर को 5 बजे से मैच होगा.

**भारतीय हॉकी टीम**

भारत पूल स्टेज में टॉप पर रहा, टीम ने अपने तीनों मैच जीते. अंक तालिका में भारतीय हॉकी टीम के 9 पॉइंट्स थे. भारत ने चीन को 4-3, जापान को 3-2 और कजाकिस्तान को 15-0 के बड़े अंतर से हराया.चीन हॉकी टीम पूल ए से सुपर4 में पहुंचने वाली दूसरी टीम चीन है, जिसने भारत के खिलाफ पहले मैच में शिकस्त झेलने के बाद कजाकिस्तान (13-1) को बड़े अंतर से हराया. अपने आखिरी मैच में चीन ने जापान के साथ 2-2 से ड्रा खेला. जापान के भी 4 ही अंक थे, लेकिन गोल के आधार पर चीन आगे रही.

**मलेशिया हॉकी टीम**

पूल बी से मलेशिया अंक तालिका में नंबर-1 पर रही, जिसने अपने सभी तीनों मैच जीते. टीम के 9 अंक रहे. मालिया ने पहले मैच में बांग्लादेश (4-1), दूसरे मैच में साउथ कोरिया (4-1) और तीसरे मैच में चीनी ताइपे को 15-0 से हराया.

**साउथ कोरिया**

साउथ कोरिया ने पूल स्टेज में अपने 3 में से 2 मैच जीते, उन्होंने पहले चीनी ताइपे को 7-0 से हराया. दूसरे मैच में टीम मलेशिया से 1-4 से हार गई. तीसरे मुकाबले में साउथ कोरिया ने बांग्लादेश पर 5-1 से जीत दर्ज की.

### हॉकी एशिया कप 2025 सुपर4 शेड्यूल

3 सितंबर– मलेशिया बनाम चीन (5 बजे)
3 सितंबर– भारत बनाम साउथ कोरिया (7 :30 बजे)
4 सितंबर– साउथ कोरिया बनाम चीन (5 बजे)
4 सितंबर– मलेशिया बनाम भारत (7 :30 बजे)
6 सितंबर– साउथ कोरिया बनाम मलेशिया (5 बजे)
6 सितंबर– भारत बनाम चीन (7 :30 बजे)

लाइव प्रसारण किस चैनल पर होगा

एशिया कप 2025 का आधिकारिक ब्रॉडकास्टर सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क है. मैचों का लाइव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स 1 पर होगा.

हॉकी एशिया कप सुपर4 मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग किस ऐप पर होगी

मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप और वेबसाइट पर होगी. मैचों का पूरा शेड्यूल, टाइमिंग की जानकारी ऊपर दी गई है.

## भारत में होगा 2026 बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली बनेगा मेजबान



**नयी दिल्ली ।** भारत को एक बार फिर बैडमिंटन की दुनिया में बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है. बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा. इसका ऐलान पेरिस में चल रही मौजूदा विश्व चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान किया गया. इस मौके पर भारत के स्टार डबल्स जोड़ीदार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कांस्य पदक जीता, जो उनकी विश्व चैंपियनशिप में दूसरी पदक उपलब्धि है. बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ₹हम बीडब्ल्यूएफ का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने भारत को यह मेज़बानी सौंपी. हम भरोसा दिलाते हैं कि भारत भी पेरिस की तरह उत्कृष्टता और भव्यता के उसी स्तर को आगे बढ़ाएगा. हम पूरी बैडमिंटन फैमिली का दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं.₹

## टीम इंडिया के लिए खुशखबरी!

# सबसे बड़ा कांटा पैट कमिंस हो गए वनडे और टी20 सीरीज से बाहर




एजेंसियां। मेलबर्न


भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बड़ी खुशखबरी है. दुनिया के सबसे खतरनाक ऑलराउंडरों में शामिल पैट कमिंस भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नहीं दिखेंगे. ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली एशेज सीरीज को ध्यान में रखते हुए उनके रिहैबिलिटेशन की व्यवस्था की जा रही है.

ऑस्ट्रेलिया एक अक्टूबर से न्यूज़ीलैंड के साथ तीन टी20 मैच खेलेगा. उसके बाद वह भारत के खिलाफ तीन वनडे (19-25 अक्टूबर) और पांच टी20 मैच (29 अक्टूबर से आठ नवंबर) खेलेगा. ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, कमिंस को भारत (और न्यूजीलैंड) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना जाएगा और वह इस बीच रिहैबिलिटेशन पर रहेंगे.

**विराट कोहली और रोहित शर्मा लंबे समय बाद दिखेंगे मैदान पर :** उल्लेखनीय है कि इस दौरे पर लंबे समय बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की जोड़ी नीली जर्सी में दिखाई देगी. इससे पहले वे दोनों आखिरी बार इंटरनेशनल क्रिकेट के तौर पर ऑस्ट्रेलिया में ही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेलते नजर आए थे. कप्तान रोहित शर्मा ने आखिरी टेस्ट नहीं खेला था और खुद को प्लेइंग-11 से बाहर रखने का फैसला किया था. इसके बाद इंग्लैंड सीरीज से पहले आईपीएल 2025 के दौरान रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था, जबकि बाद में विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को छोड़ने का फैसला किया. इस तरह यह जोड़ी आईपीएल के बाद पहली बार कॉम्पिटिटिव क्रिकेट खेलते दिखाई देंगे. रोहित शर्मा ने हाल ही में फिटनेस टेस्ट भी पास कर लिया है.

# ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने लिया टी20 से संन्यास

एजेंसियां। मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. 35 वर्षीय स्टार्क बताया कि भारत के टेस्ट दौरे, एशेज और 2027 ओडीआई वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ये फैसला किया है. उन्होंने आखिरी टी20 भारत के खिलाफ जून, 2024 में खेला था.

मिचेल स्टार्क ने कहा, ₹टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी प्राथमिकता रही है. मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया, खासकर 2021 वर्ल्ड कप में. सिर्फ़ इसलिए नहीं कि हम खिताब जीते, बल्कि इसलिए क्योंकि हमारी टीम शानदार थी और उस दौरान हमने खूब मजे भी किए.

**बताई संन्यास की वजह :** अगले साल ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट क्रिकेट में व्यस्त शेड्यूल है. इसमें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज, साउथ अफ्रीका दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 मैचों की सीरीज शामिल है. जनवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया भारत दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी, जो आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से महत्वपूर्ण होगी. इसके बाद साउथ अफ्रीका, नामीबिया और ज़िम्बाब्वे में ओडीआई वर्ल्ड कप 2027 का आयोजन होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम डिफेंडिंग चैंपियन बनकर उतरेगी. स्टार्क ने टेस्ट और वनडे को प्राथमिकता देते हुए टी20 को अलविदा कहने का फैसला किया है.

मिचेल स्टार्क ने कहा, ₹भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज, एशेज और फिर 2027 में होने वाला ओडीआई वर्ल्ड कप. इन टूर्नामेंट में खुद को फिट रखने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए मुझे लगता है कि यही सही है.₹ उन्होंने ये भी कहा कि इससे 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए नई गेंदबाजी यूनिट को तैयारी के लिए पर्याप्त समय भी मिल जाएगा.

ऑस्ट्रेलिया चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहाः ₹स्टार्क को ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने टी20 करियर पर बेहद गर्व होना चाहिए. वह 2021 विश्व कप विजेता टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य थे. अच्छी बात ये है कि वह लंबे समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलने की योजना बनाए हुए हैं.₹

**मिचेल स्टार्क टी20 अंतर्राष्ट्रीय करियर**

स्टार्क ने पाकिस्तान के खिलाफ सितंबर, 2012 में अपना टी20 अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू मैच खेला था. उनका आखिरी टी20 भारत के खिलाफ है, जो उन्होंने 24 जून, 2024 को खेला था. 12 साल के करियर में मिचेल स्टार्क ने 65 अंतर्राष्ट्रीय टी20 मैच खेले, जिसमें उनके नाम 79 विकेट हैं.

# राशिद खान ने रचा इतिहास अफगान की यूएई पर आसान जीत



**शारजाह ।** अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को सोमवार रात 38 रनों से हराकर त्रिकोणीय सीरीज़ में अपनी पहली जीत दर्ज की. इस मैच में स्टार स्पिनर राशिद खान ने बड़ा कीर्तिमान रचते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए. 26 वर्षीय राशिद ने 3 विकेट लेकर अपना आंकड़ा 165 पर पहुँचा दिया और न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज़ टिम साउदी (164 विकेट) को पीछे छोड़ दिया. राशिद ने ईथन डिसूज़ा (12), आसिफ खान (1) और ध्रुव पाराशर (1) को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की. इससे पहले अफगानिस्तान ने बल्लेबाज़ी करते हुए 4 विकेट पर 188 रन बनाए. इब्राहिम जादरान (63 रन, 40 गेंद, 4 छक्के, 3 चौके) और सेदिकुल्लाह अतल (54 रन, 40 गेंद, 3 छक्के, 4 चौके) ने दूसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की. अतल का यह पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक था.

अंत में करीम जनत (23*, 10 गेंद, 2 चौके, 2 छक्के) और अजमतुल्लाह उमरज़ई (20*, 12 गेंद, 2 छक्के) ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर स्कोर को मज़बूती दी. यूएई के मुहम्मद रोहिद और सगीर खान ने 2-2 विकेट झटके. लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई ने कप्तान मुहम्मद वसीम (67 रन, 37 गेंद, 6 छक्के, 4 चौके) की आतिशी पारी से धमाकेदार शुरुआत की. उन्होंने 23वां टी20I अर्धशतक जमाया, लेकिन उनके आउट होते ही टीम की लय बिगड़ गई और निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 150 रन ही बना सकी. इस जीत के बाद अफगानिस्तान ने सीरीज़ में वापसी की. पाकिस्तान पहले ही दोनों मैच जीत चुका है और अब मंगलवार को अफगानिस्तान से भिड़ेगा. तीनों टीमों को दो-दो मैच खेलने हैं, जबकि शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को फाइनल में आमने-सामने होंगी.

## मेंटर बनने की अटकलों के बीच मनोज ने दिया बयान

# धौनी-गंभीर की जोड़ी देखने लायक होगी!

एजेंसियां। नयी दिल्ली




पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धौनी और मुख्य कोच गौतम गंभीर भविष्य में साथ काम करेंगे इसे लेकर दूर-दूर तक संभावनाएं नहीं दिख रही हैं. लेकिन चर्चा का बाजार गर्म है कि कैप्टन कूल के नाम से मशहूर धौनी 2026 टी20 विश्व कप को देखते हुए भारतीय ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हो सकते हैं. अभी तक ये सिर्फ अटकलें ही हैं क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) की ओर से इस बारे में कुछ भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

**पहले भी टीम के मेंटर रह चुके हैं धौनी :** धौनी इससे पहले भी भारतीय टीम के मेंटर रह चुके हैं. उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप के दौरान यह भूमिका निभाई थी जब टीम विराट कोहली की कप्तानी में खेलने उतरी थी और रवि शास्त्री टीम के कोच थे. धौनी भारत के सफल कप्तान हैं, उनके नेतृत्व में टीम ने 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था. इतना ही नहीं आईपीएल में भी उन्हें अपनी कप्तानी से सभी को प्रभावित किया और चेन्नई सुपर किंग्स को खिताब दिलाए हैं. धौनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था, लेकिन वह अभी भी आईपीएल में खेलते हैं.

### 2011 वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा रहे हैं धौनी-गंभीर

इन अटकलों के बाद से ही फैंस और क्रिकेट जगत में इसे लेकर चर्चा शुरू हो गई है. कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई टी20 विश्व कप के लिए धौनी के सामने मेंटर बनने का प्रस्ताव रख सकता है. यह वैश्विक टूर्नामेंट अगले साल भारत और श्रीलंका में होना है. धौनी और गंभीर 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य हैं, इन दोनों ने टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. इन चर्चाओं के बीच अब पूर्व भारतीय बल्लेबाज मनोज तिवारी ने भी इस पर अपनी राय रखी है. उनका कहना है कि अगर धौनी मेंटर बनते हैं तो गंभीर के साथ उनकी जोड़ी देखने लायक होगी. तिवारी ने कहा, क्या धौनी फोन भी उठाएंगे? उनसे बात करना मुश्किल है क्योंकि वह शायद ही कभी कॉल का जवाब देते हैं या मैसेज का जवाब भी देते हैं. असली सवाल यह है कि क्या वह इस भूमिका को स्वीकार करेंगे. लेकिन अगर वह ऐसा करते हैं, तो एक कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप में उनका अनुभव अमूल्य होगा. टीम में आने वाले युवा खिलाड़ी उनका बहुत सम्मान करते हैं.

**क्रिकेट**

## जब टीम सेलेक्सन को लेकर एमएस धौनी पर बोले थे इरफान पठान

# किसी के कमरे में हुक्का नहीं लगाता, इसलिए तो...

एजेंसियां। नयी दिल्ली




इरफान पठान का नाम भारत के महान ऑलराउंडर्स में लिया जाता है. इरफान ने अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों से टीम इंडिया के लिए मैच विनिंग योगदान दिया है. लेकिन, इरफान को अचानक टीम इंडिया से ड्रॉप कर दिया गया था. 2012 में इरफान ने भारत के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेला था, जिसमें उन्होंने पंजा खोला था. किसी को इस बात की जानकारी नहीं है कि अचानक पठान को क्यों टीम इंडिया से ड्रॉप किया गया था.यह सिर्फ उस वक्त सिलेक्टर्स ही जानते हैं कि क्यों पठान को ड्रॉप किया गया था. वहीं भारत के पूर्व कप्तान एमएस धौनी को भी इरफान पठान की परिस्थिति को सही से हैंडल न करने के लिए ब्लेम किया जाता है. अब इरफान का 5 साल पुराना एक इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने धौनी को लेकर बयान दिया.

**इरफान पठान ने अपने बयान में क्या कहा :** एक इंटरव्यू में इरफान पठान ने एमएस धौनी और अपने 2008 में प्रदर्शन को लेकर बात की थी. उन्होंने बताया था कि 2008 में ऑस्ट्रेलिया सीरीज पर मीडिया में एमएस धौनी का एक बयान सामने आया था, जिसमें माही ने कहा था कि इरफान अच्छी बॉलिंग नहीं कर रहा. इस बयान के बाद खुद इरफान पठान एमएस धौनी के पास इस बारे में बात करने गए थे. इरफान ने बताया कि धौनी ने उनसे कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है सब प्लान के मुताबिक जा रहा है. इसके आगे इरफान पठान ने अपने बयान में कहा, 'मुझे किसी के कमरे में हुक्का लगाने या इसके बारे में बात करने की आदत नहीं है. यह बात सब जानते हैं. कभी-कभी अगर आप इस बारे में न बोलें, तो यह बेहतर होता है. एक क्रिकेटर का काम मैदान पर प्रदर्शन करना होता है और मेरा ध्यान इसी पर था.'

**इरफान पठान का करियर :** 40 साल के इरफान पठान ने अपने करियर में कुल 29 टेस्ट, 120 वनडे और 24 टी20 मुकाबले खेले हैं. टेस्ट में उनके नाम 100 वनडे में 173 तो टी20 में 28 विकेट हैं. पठान ने टेस्ट में 1105, वनडे में 1544 तो टी20 में 172 रन बनाए थे. पठान ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 1 सेंचुरी और 11 हाफ सेंचुरी भी ठोकी हैं.

# न्यूज़ीलैंड टी20 सीरीज के लिए, मार्कस स्टॉइनिस की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

एजेंसियां। मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर मार्कस स्टॉइनिस की वापसी हुई है. उनके साथ मिच ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट और जेवियर बार्टलेट की भी टीम में वापसी हुई है, जिससे अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए स्टॉइनिस की दावेदारी मज़बूत हो गई है. 36 वर्षीय स्टॉइनिस पिछले एक साल से न तो सेंट्रल और न ही स्टेट कॉन्ट्रैक्ट में थे. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी बार नवंबर 2024 में खेला था. इस साल फरवरी में उन्होंने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन टी20 लीग्स में लगातार सक्रिय रहे. उन्होंने आईपीएल में पंजाब किंग्स और द हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स के लिए अहम भूमिकाएं निभाईं और दोनों टीमों को फाइनल तक पहुँचाने में योगदान दिया. हालांकि, विश्व कप टीम में जगह बनाना स्टॉइनिस के लिए आसान नहीं होगा. मिडिल ऑर्डर ऑलराउंडर की भूमिका के लिए कैमरन ग्रीन, टिम डेविड और मिच ओवेन भी दावेदार हैं. ग्रीन न्यूज़ीलैंड सीरीज में नहीं खेलेंगे क्योंकि वे घरेलू एशेज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड क्रिकेट पर ध्यान देंगे. वहीं ओवेन चोट (कन्कशन) से उबरने के बाद टीम में लौटे हैं.

मैथ्यू शॉर्ट भी चोट (साइड स्ट्रेन) से उबरकर टीम में वापसी कर रहे हैं. एलेक्स कैरी और आरोन हार्डी को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर चोटिल खिलाड़ियों की जगह मिली थी, लेकिन अब वे बाहर हो गए हैं. तेज़ गेंदबाज़ नाथन एलिस पितृत्व अवकाश के कारण इस दौरे से अनुपस्थित रहेंगे. इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के दो बड़े खिलाड़ी भी नहीं खेलेंगे—मिचेल स्टार्क, जिन्होंने टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है.

**ब्रीफ न्यूज**

## पुलिस ने 78 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर हुआ गिरफ्तार



संवाददाता । कटिहार

जिले के मुफ्फसिल थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक चार पहिया वाहन से 78 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार तस्कर की पहचान सुरजीत कुमार (24 वर्ष) पिता फंटुश मंडल ग्राम दिरा चॉंदपुर थाना पोठिया जिला कटिहार के रूप में हुई है. मुफ्फसिल थाना पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान मनिया रेलवे ओवरब्रिज के पास एक चार पहिया वाहन को रोका और तलाशी लेने पर 78 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक सुरजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार अभियुक्त के पास से बरामद सामानों में 78 लीटर विदेशी शराब और एक चार पहिया वाहन शामिल है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह शराब कहां से लाई गई थी और इसका आगे क्या करने का इरादा था.

## राज्य के 6 जिलों में हो सकती है हल्की बारिश, यलो अलर्ट जारी



संवाददाता । पटना

पिछले कुछ दिनों से बिहार में लोग उमस भरी गर्मी की मार झेल रहे है. बिहार में दिन-रात का तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है. इस बीच मौसम विभाग ने बुधवार को राज्य के 6 जिलों सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, भागलपुर और मुंगेर के लिए हल्की वर्षा और गरज-चमक का यलो अलर्ट जारी किया है. हालांकि, वर्षा की संभावना बेहद कम बताई गई है, और अगले 10 दिनों तक गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिलने के आसार हैं. मौसम विभाग के अनुसार 7 सितंबर तक अच्छी बारिश की कोई उम्मीद नहीं है, लेकिन 10 सितंबर के बाद मौसम का रुख बदल सकता है, इसके बाद कई हिस्सों में भारी वर्षा हो सकती है. यह पूर्वानुमान बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और चक्रवाती परिसंचरण पर आधारित है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, वर्तमान में मानसून ट्रफ दक्षिण बिहार पर केंद्रित है, लेकिन उत्तर बिहार में गतिविधियां कमजोर हैं.

### बिहार मंत्रिमंडल ने 49 एजेंडों पर लगाई मुहर

# राज्य के सात जिलों में जल्द खुलेंगे नए मेडिकल कॉलेज

संवाददाता । पटना



बिहार में चुनावी माहौल के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 49 प्रस्तावों पर मुहर लगी. इस बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और कल्याण योजनाओं को लेकर बड़े फैसले लिए गए, इसका सीधा लाभ लाखों छात्रों, कर्मचारियों और आम जनता पर पड़ेगा. बिहार सरकार ने मंगलवार की कैबिनेट बैठक में पंचायती तकनीकी लेखपाल और आईटी सहायकों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है. गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना को 241 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई. साथ ही राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों की छात्रवृत्ति भी बढ़ा दी गई है.

कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि मंत्रिमंडल के बड़े फैसलों में बिहार के सात जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने का फैसला भी शामिल है. बिहार कैबिनेट ने गांधी मैदान में की गई अपनी घोषणा के आलोक में किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिलों में नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने का प्रस्ताव स्वीकृत किया है. अरविंद चौधरी ने कहा कि बिहार गृहरक्षा वाहिनी के गृह रक्षकों का कर्तव्य भत्ता 774 रुपये प्रत्येक कार्य दिवस से बढ़ाकर बिहार सरकार में कार्यरत पुलिस के 1 दिन के न्यूनतम वेतन के अनुरूप 1121 रुपये करने का फैसला लिया गया है, जबकि ग्रामीण आवास सहायक एवं प्रखंड लेखपाल, लेखा सहायक के मूल मानदेय में 25 प्रतिशत ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक के मूल मानदेय में 20 प्रतिशत और राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी के मूल मानदेय में 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की स्वीकृति दी गई है. नीतीश कैबिनेट ने कला एवं संस्कृति विभाग में 25 पदों के सृजन को मंजूरी दी है. साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत 40 आवासीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कुल 1800 पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई है.

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल और संरचना निर्माण के लिए पुनपुन अंचल के डुमरी में 100 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 574 करोड़ 33 लाख 90125 रुपये भी मंजूर किए गए हैं, जबकि पटना में गंगा नदी के किनारे जेपी गंगा पथ के निर्माण कार्य के लिए 4,129 करोड़ 6 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है. अरविंद चौधरी ने बताया कि आतंकवाद निरोधक दस्ता में कार्यरत एवं प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को मूल वेतन का 30 प्रतिशत जोखिम भत्ता, जो अधिकतम 25 हजार होगा, उसकी भी स्वीकृति दी गई है. साथ ही बिहार अमीन संवर्ग के प्रोन्नति सौंपानों के लिए वेतन संरचना की भी मंजूरी मिली है. कैबिनेट की बैठक में बिहार के विधि कार्य, पटना और संलग्न कार्यालय में अनुसचिवीय कोटि के कुल 34 पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है. जबकि पटना उच्च न्यायालय के सभी समाचार-योग्य (रिपोर्टेबल) निर्णय को राजभाषा में अनुवाद किये जाने के लिए आशुलिपिक और कंप्यूटर ऑपरेटर सहित कुल 14 पदों के सृजन की भी मंजूरी मिली है. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के लागू होने के फलस्वरुप बिहार अभियोजन सेवा संवर्ग के विभिन्न कोटी एवं अधीनस्थ संवर्ग के 760 पदों की सृजन की स्वीकृति दी गई है.

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मादक पदार्थों एवं ड्रग्स से संबंधित मामलों के क्षेत्राधिकार का आर्थिक अपराध इकाई से और मद्य निषेध इकाई को अपराध इकाई से पृथक कर संयुक्त रूप से मद्य निषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के गठन करने और उसके संचालन के लिए विभिन्न कोटि के 88 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है. बिहार के सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, दंत महाविद्यालय, आयुर्वेदिक यूनानी और होम्योपैथी का एंट्रेंस कर रहे छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति 20 हजार रुपये से बढ़ाकर 27 हजार रुपये की गई है, जबकि भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी) और व्यावसायिक चिकित्सा (अकुपेशनल थेरेपी) का एंट्रेंस कर रहे छात्रों का 15 हजार रुपये से बढ़कर 20 हजार रुपये प्रति माह किया गया है.

## बक्सर में पास्ता खाने से पिता-पुत्र की मौत, तीन की हालत गंभीर

संवाददाता । पटना

बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र अन्तर्गत दहिवर गांव में बीती रात विषाक्त भोजन खाने से 35 वर्षीय पिता के साथ 5 वर्षीय मासूम की भी मौत हो गई है, जबकि उसकी पत्नी और दो बच्चों के अलावे तीन अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है. घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना प्रभारी संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं. ग्रामीणों के अनुसार परिवार के सातों सदस्यों ने पास्ता खाने के बाद दूध पिया, जिसके बाद सभी की हालत गम्भीर होती चली गयी. थोड़ी देर के बाद ही पिता और पुत्र की मौत हो गई, जबकि अन्य लोगों की हालत भी देखते ही देखते गंभीर हो गयी. दरअसल, दहिवर गांव के कुशवाहा टोला निवासी किशुन महतो (35) का 9 सदस्यीय संयुक्त परिवार है. बीती रात में दो सदस्यों को छोड़कर बच्चों समेत कुल सात सदस्यों ने एक साथ बैठकर भोजन किया, जिसके चंद मिनट बाद ही सबकी हालात बिगड़ती चली गयी. आनन-फानन में सभी को बक्सर सदर अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां किशुन महतो और उनके पुत्र अमित की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी, दो बच्चे समेत कुल पांच लोगों का इलाज चल रहा.

औद्योगिक थाना क्षेत्र के प्रभारी संजय कुमार ने मीडिया से बातचीत में मंगलवार को बताया कि 9 सदस्यों का संयुक्त परिवार था, जिसमें से 7 ने रात में भोजन किया था. दो लोग भोजन नहीं किये. पांच लोगों का इलाज चल रहा है. इस पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है कि भोजन विषाक्त कैसे बना. जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा. घटनास्थल पर पुलिस के कई वरीय अधिकारी भी पहुंच गए हैं. पुलिस भोजन न करने वाले दोनों सदस्यों की वजह तलाशने में लगी हुई है. जिले के सिविल सर्जन शिव प्रसाद चक्रवर्ती ने बताया कि प्रथम दृष्टया इसे फ़ूड पॉइजनिंग कहा जायेगा. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी.

## नीतीश कुमार ने दारोगा प्रसाद राय को उनकी जयंती पर किया नमन

**पटना** । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय दारोगा प्रसाद राय जी की जयंती के अवसर पर नया सचिवालय परिसर के समक्ष स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर मंगलवार को माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्व. दोरोगा प्रसाद राय को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए. पूर्व मंत्री और स्व. दारोगा प्रसाद राय के पुत्र चन्द्रिका राय एवं उनके परिजन, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. दारोगा प्रसाद राय जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, गीत एवं देश भक्ति गीत का गायन भी किया गया.

## नालंदा में 183 छात्राओं को लगाई गई वैक्सीन

**नालंदा** । नालंदा जिला टीकाकरण अधिकारी और इनर व्हील क्लब ऑफ़ बिहारशरीफ के संयुक्त प्रयास से मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में आज मंगलवार को बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाया गया. टीकाकरण पदाधिकारी ने बताया कि यह घातक बीमारी है, जिससे बचाव के लिए यह वैक्सीन अनूठी पहल के तहत दी गई.इस अवसर पर लगभग 183 छात्राओं को वैक्सीन दी गई है. इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि उनका उद्देश्य हर युवा पीढ़ी को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करना और इसके बचाव के उपाय बताना है.

## मुंगेर:पिकअप व ऑटो की आमने- सामने टक्कर में एक की मौत, चार लोग घायल

संवाददाता । मुंगेर

मुंगेर में मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे मुंगेर-लखीसराय राष्ट्रीय राजमार्ग-80 पर सुंदरपुर के पास पिकअप और सीएनजी ऑटो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में ऑटो सवार सात लोगों में से एक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही हेमजापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर थाने ले आई. घायलों को इलाज के लिए मुंगेर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के हुसैना निवासी अंजनी झा को मृत घोषित कर दिया. वहीं, ऑटो चालक भोला झा, सुलो पासवान, विनोद पासवान और गणेश यादव को गंभीर चोटें आई हैं. डॉक्टरों के मुताबिक, सुलो पासवान की हालत सबसे नाजुक बनी हुई है. घटना के संबंध में घायल गणेश यादव ने बताया कि वे सभी लोग कीर्तन मंडली से जुड़े हुए हैं.

## पितृपक्ष मेला की तैयारियां अंतिम चरण में, सीएम करेंगे समीक्षा

संवाददाता । पटना

मोक्षधाम नगरी गया जी में 6 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाले राजकीय पितृपक्ष मेला की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. पेयजल, आवासन, सफाई और बिजली सहित बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है. बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया समाहरणालय के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे. डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है. इसके लिए कुल 55 पिंडवेदी और तर्पण स्थल तैयार किए गए हैं, जिनमें 45 पिंडवेदी और 9 तर्पण स्थल गया जी में तथा एक पिंडवेदी पटना जिले के पुनपुन घाट में है. पितरों की मुक्ति के लिए गया जी में ब्रह्म सरोवर, रामशिला, वैतरणी, सूर्यकुंड सरोवर, प्रेतशिला, देवघाट, गजाधर घाट, अक्षयवट, सीताकुंड, गयासिर वेदी, फल्गु नदी, गया कूप वेदी और ब्राह्मणी घाट वेदी प्रमुख स्थल हैं.

**श्रद्धालुओं के लिए आवास और सुविधा :** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 64 सरकारी आवासन स्थल बनाए गए हैं, जिनमें 18 हजार तीर्थयात्रियों को निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था है. पर्यटन विभाग ने गया जी के गांधी मैदान में टेंट सिटी का निर्माण कराया है, जहां 2500 श्रद्धालुओं के ठहरने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है. साथ ही कम कीमत पर भोजन उपलब्ध कराने के लिए जीविका दीदी भोजनालय शुरू किया जा रहा है. गया जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है. विभिन्न शिफ्टों में पुलिस अधिकारियों और जवानों की तैनाती की गई है ताकि श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग मिल सके. पितृपक्ष मेला का उद्घाटन 6 सितंबर को शाम 4 बजे होगा.

**कारोबार**

## रिलायंस : बोनस शेयर के बाद पहली बार मिलेगा डिविडेंड

**नयी दिल्ली** । रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए शेयरधारकों को अंतिम डिविडेंड देने की मंजूरी हासिल कर ली है. कंपनी की सालाना आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 को हुई थी. एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, डिविडेंड पर ऑर्डिनरी रेजॉल्यूशन पास करने के लिए मतदान हुआ, जिसमें 99.9994% वोट इसके पक्ष में पड़े. रिलायंस बोर्ड ने अप्रैल 2025 में ही 55% डिविडेंड यानी प्रति शेयर 5.50 रुपये देने की सिफारिश की थी. यह कंपनी की पहली डिविडेंड घोषणा है, जो अक्टूबर 2024 में बोनस शेयर जारी करने के बाद की गई है. उस समय कंपनी ने 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी किए थे. जुलाई 2025 में कंपनी ने बताया था कि डिविडेंड पाने के लिए 14 अगस्त को रिकॉर्ड डेट तय की गई है. कंपनी ने कहा था कि एजीएम से मंजूरी मिलने के बाद डिविडेंड का भुगतान एजीएम के एक हफ्ते के भीतर कर दिया जाएगा. इसका मतलब है कि निवेशकों को इस हफ्ते (1 से 5 सितंबर) डिविडेंड का पैसा मिल जाएगा.

## भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी है बातचीत : गोयल

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहा है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं. जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे, तनाव कम कम होता जाएगा. केंद्रीय मंत्री गोयल ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 20वें वैश्विक स्थायित्व शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही. उनका यह बयान ट्रंप प्रशाासन के नई दिल्ली की रूसी तेल की निरंतर खरीद के जवाब में भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना करने के कुछ ही दिनों बाद आया है. गोयल ने कहा, हम बीटीए के लिए अमेरिका के साथ वार्ता कर रहे हैं. भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं. अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है. 27 अगस्त से 50 फीसदी शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी दल ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया है, जो 25 अगस्त से शुरू होने वाली थी. अभी तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है.

गोयल ने कहा कि भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है. भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि बातचीत अग्रिम चरण में है. उन्होंने यह भी बताया कि वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल इस समझौते पर यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए ब्रसेल्स में हैं. वाणिज्य मंत्री ने अपने संबोधन में प्रकृति का सम्मान करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की भारत की शाश्वत परंपरा का हवाला देते हुए पिछले 11 वर्षों में स्थायित्व के क्षेत्र में देश की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला.

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे उद्योग और स्टार्टअप देश के संरक्षण प्रयासों को मज़बूत कर सकते हैं और ऊर्जा दक्षता लक्ष्यों को आगे बढ़ा सकते हैं, जिससे विकसित भारत 2047 के विज़न में योगदान मिल सके. इसके अलावा गोयल ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर आयोजित बैठक में मोदी और शी जिनपिंग ने भारत-चीन सीमा मुद्दे के ₹निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य₹ समाधान की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की और वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता देते हुए व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया.

## जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पारदर्शी बनाएंगे: वित्त मंत्री

एजेंसी । चेन्नई



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार 'पूरी तरह' अर्थव्यवस्था को खुला और पारदर्शी बनाएंगे. इससे अनुपालन का बोझ और कम होगा और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा. केंद्रीय वित्त मंत्री आज तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं. इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं. सीतारमण ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, 56 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले गए हैं, जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है. उन्होंने कहा कि इनमें से 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, जिसमें 56 फीसदी खाते महिलाओं के पास हैं. वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक खाता सिर्फ एक पासबुक नहीं है, बल्कि ये अवसरों का पासपोर्ट है, जो ऋण, बचत, बीमा और सम्मान तक पहुंच को सक्षम बनाता है. सीतारमण ने कहा कि भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में भारी सुधार दर्ज किया है, जिसके परिणामस्वरूप एनपीए में कमी आई है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के लिए एक टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की है, जिसका स्पष्ट उद्देश्य नियमों को सरल बनाना, अनुपालन लागत कम करना एवं स्टार्टअप्स, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और उद्यमियों के लिए एक अधिक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है. उन्होंने कहा कि कल और परसों होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक के साथ अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की योजनाबद्ध शुरुआत आने वाले महीनों में एक पूरी तरह से खुली और पारदर्शी अर्थव्यवस्था स्थापित करेगी और अनुपालन बोझ में और कमी लाएगी, जिससे छोटे व्यवसायों के लिए फलने-फूलना आसान हो जाएगा.

## रिलायंस को होगा 20 अरब डॉलर का फायदा

**नयी दिल्ली** । मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आने वाले सालों में चीन की नई नीतियों और अपने कारोबार सुधारों से बड़ा फायदा उठा सकती है. मॉर्गन स्टेनली के विशेषज्ञों के अनुसार, चीन अब उद्योगों में बेकार की कड़ी प्रतिस्पर्धा और कम लाभ वाली रणनीतियों को बदल रहा है. इसे एंटी-इव्लेशन कहते हैं. इसका मतलब है कि कंपनियां अब स्मार्ट तरीके से काम करेंगी और बेवजह की प्रतिस्पर्धा से बचेंगी.

## 'अकाउंट एग्रीगेटर' इकोसिस्टम औपचारिक ऋण पहुंच में नए आयाम खोलेगा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली** । वित्त मंत्रालय 'अकाउंट एग्रीगेटर' परिवेश औपचारिक ऋण पहुंच में विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं व्यक्तिगत ऋण के लिए नए आयाम खोलने के लिए तैयार है. ये 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा में सार्थक योगदान देगा. वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि अकाउंट एग्रीगेटर (एए) फ्रेमवर्क आधिकारिक तौर पर 2 सितंबर, 2021 को लॉन्च किया गया, जिसने वित्तीय डेटा साझा करने के लिए एक सुरक्षित, सहमति-आधारित प्रणाली स्थापित की. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 2016 में 'एए' पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मास्टर दिशा-निर्देश जारी किए थे. मंत्रालय ने चौथी वर्षगांठ पर कहा कि एए पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विकसित हुआ है. बैंकिंग, प्रतिभूति, बीमा और पेंशन क्षेत्रों में इसे तेज़ी से अपनाया जा रहा है, जिससे भारत का डीपीआई मज़बूत हो रहा है. मंत्रालय के मुताबिक आज तक 112 वित्तीय संस्थान वित्तीय सूचना प्रदाता और वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) दोनों के रूप में सक्रिय हो चुके हैं, जबकि 56 केवल एफआईपी और 410 एफआईयू के रूप में सक्रिय हो चुके हैं. एए फ्रेमवर्क के जरिए अब 2.2 अरब से अधिक वित्तीय खाते सुरक्षित, सहमति-आधारित डेटा साझाकरण के लिए सक्षम हैं और 112.34 मिलियन उपयोगकर्ता पहले ही अपने खातों को लिंक कर चुके हैं.

**शेयर बाजार**

### कमजोर लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर फिसल कर 102.60 रु. पर पहुंच गए

# एनआईएस मैनेजमेंट की स्टॉक मार्केट में फीकी एंट्री

- इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 51.75 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं.

एजेंसी । नई दिल्ली

सिक्योरिटी और फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाली कंपनी एनआईएस मैनेजमेंट के शेयरों ने मंगलवार को स्टॉक मार्केट में सुस्त शुरुआत करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 111 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 2.70 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 108 रुपये के स्तर पर हुई. कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 102.60 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 8.40 रुपये यानी 7.48 प्रतिशत का नुकसान हो गया. एनआईएस मैनेजमेंट का 60.01 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 28 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 3.13 गुना सब्सक्राइब हो सका था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 9.15 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.10 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इस आईपीओ के तहत 51.75 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं. इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 7.44 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं. आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी.

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है. वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 16.14 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 18.38 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 18.67 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. इस दौरान कंपनी का राजस्व 8 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 405.33 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया. इस अवधि में कंपनी पर कर्ज में उतार-चढ़ाव होता रहा. वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी का कर्ज 87.22 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में बढ़ कर 91.11 करोड़ रुपये हो गया. हालांकि वित्त वर्ष 2024-25 के आखिर में कंपनी के कर्ज में मामूली कमी आई और ये घट कर 83.78 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया.

## रूस का उराल्स तेल भारत के लिए हुआ और सस्ता, ब्रेंट क्रूड से 4 डॉलर तक कम कीमत

एजेंसी । नयी दिल्ली

रूस का उराल्स क्रूड तेल भारत के लिए और सस्ता हो गया है. यह तेल अब ब्रेंट क्रूड से 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल सस्ता मिल रहा है. यह कीमत सितंबर के आखिर और अक्टूबर में लोड होने वाले तेल के लिए है. न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि यह जानकारी गोपनीय है. भारत 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस के तेल का बड़ा खरीदार बन गया. लेकिन, अमेरिका ने भारत पर इस व्यापार के लिए भारी टैरिफ लगा दिए हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और उनके अधिकारियों की आलोचना ने भारत को रूस और चीन के करीब ला दिया है.

**भारत-रूस के बीच खास रिश्ता :** चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और रूस का रिश्ता खास है. उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की. दोनों नेताओं ने आपसी रिश्तों को बेहतर करने का वादा किया. इस बीच, अमेरिका के व्हाइट हाउस सलाहकार पीटर नवारो ने भारत की कड़ी आलोचना की. जवाब में, भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि रूसी तेल की खरीद ने वैश्विक तेल की कीमतों को बढ़ने से रोका. उन्होंने यह बात 'द हिंदू' अखबार में लिखे अपने लेख में कही. भारतीय रिफाइनरियां रूसी तेल खरीद रही हैं. अगस्त की शुरुआत में कुछ समय के लिए खरीद रुकी थी. लेकिन अब सस्ता उराल्स तेल फिर से आकर्षक हो रहा है. पिछले हफ्ते यह तेल ब्रेंट से 2.50 डॉलर प्रति बैरल सस्ता था. जुलाई में यह छूट सिर्फ 1 डॉलर थी. दूसरी ओर, अमेरिकी तेल कुछ रिफाइनरियों ने प्रीमियम कीमत पर खरीदा, जो 3 डॉलर प्रति बैरल ज्यादा था. 27 अगस्त से 1 सितंबर तक भारतीय रिफाइनरियों ने 1.14 करोड़ बैरल रूसी तेल लिया. इसमें एक कार्गो अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित जहाज विक्टर कोनेत्स्की से शिप-टू-शिप ट्रांसफर के जरिए आया. उराल्स तेल रूस का प्रमुख तेल है, जो इसके पश्चिमी बंदरगाहों से भेजा जाता है.

## न्यूज अपडेट

### हॉलीवुड के मशहूर एक्टर ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की आयु में निधन

**टोरंटो ।** हॉलीवुड से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है. दिग्गज अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उनके एजेंट माइकल ग्रीन ने इस बात की पुष्टि की है. ग्राहम लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे. बीते कुछ महीनों से उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी और वह कनाडा के टोरंटो स्थित एक निजी अस्पताल में उपचाररत थे. तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली. उनके निधन से न केवल उनके परिवार और चाहने वाले बल्कि पूरा हॉलीवुड शोक की लहर में डूब गया है. ग्राहम ग्रीन का फिल्मी करियर कई दशकों तक फैला रहा.

### मथुरा : सीबीआई ने यूको बैंक की शाखा प्रमुख को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को मथुरा में यूको बैंक की कोतवाली रोड शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक प्रमुख गरिमा सिंह को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया. उन पर एक करोड़ रुपये के लोन की एवज में चार लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है. सीबीआई के अनुसार, शिकायतकर्ता की फर्म को बैंक से एक करोड़ रुपये का सीसी लोन स्वीकृत हुआ था, लेकिन 90 लाख रुपये ही जारी किए गए. शेष 10 लाख रुपये शाखा प्रमुख ने रोक लिए और अवैध लाभ लेने की नीयत से दबाव बनाया. जब शिकायतकर्ता का बेटा बैंक पहुंचा तो शाखा प्रमुख ने लोन की रकम जारी करने के बदले चार लाख रुपये रिश्वत मांगी. यह राशि कुल लोन का चार प्रतिशत बताई गई. सीबीआई ने मंगलवार को मामला दर्ज किया और जाल बिछाकर कार्रवाई की.

### आप विधायक हरमीत सिंह पठान माजरा पुलिस हिरासत से फरार हुए

**चंडीगढ़ ।** पंजाब में अपनी ही सरकार पर सवाल उठाने वाले सनौर के विधायक हरमीत सिंह पठान माजरा पुलिस की हिरासत से फरार हो गए.पठानमाजरा व उनके साथियों ने इस दौरान पुलिस पर फायरिंग की और एक पुलिस कर्मी पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया. पठानमाजरा को दुष्कर्म के एक पुराने केस के सिलसिले में हरियाणा के करनाल से गिरफ्तार कर पटियाला लाया जा रहा था. पठानमाजरा ने सोमवार को ही अपनी सरकार विरूद्ध आवाज उठाई थी. उन्होंने अपने क्षेत्र में जलभराव के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान पर हमला बोला था. इसके कुछ समय बाद ही पंजाब सरकार ने सनौर हलके में सभी थाना व चौकी प्रभारियों को बदल दिया और कई पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया.

### अलीगढ़ में अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार हुए

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जिले के जट्टारी पिशावा इलाके में खेतों में बनी अवैध हथियार फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है. इस दौरान पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर मौके से भारी मात्रा में हथियार एवं कच्चा माल बरामद किया है. दिल्ली के उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया के अनुसार, बरामदगी में 6 देशी कट्टे, 12 अधबने पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस, 5 खाली कारतूस, 13 बैरल, 44 छोटे बैरल, 12 पाइप, 3 बड़े बैरल पाइप और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली मशीनें शामिल हैं. इसके अलावा 250 से अधिक पिस्टल बनाने लायक कच्चा माल भी जब्त किया गया है.

### ऑनलाइन सट्टेबाजी: कांग्रेस विधायक वीरेंद्र के घर फिर से ईडी का छापा

**चित्रदुर्ग ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र पप्पी के घर पर फिर से मंगलवार को छापा मारा है. विधायक ईडी की हिरासत में पहले से ही हैं, जिन पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं. जानकारी के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विधायक वीरेन्द्र के चित्रदुर्ग के चल्लकेरे स्थित एक पुराने घर की तलाशी ली है. ईडी के अधिकारियों ने घर के अंदर मौजूद दस्तावेजों की जांच की है और नए सबूतों की तलाश कर रहे हैं. ईडी ने किले में खड़ी चार लग्जरी कारों की जानकारी की है. दरअसल, कांग्रेस के विधायक वीरेन्द्र के खिलाफ ईडी ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जांच कर रही है.

### ईडी की टीम ने चेन्नई में 10 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की

**चेन्नई ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को चेन्नई में 10 स्थानों पर छापेमारी की है. इस कार्रवाई के तहत तमिलनाडु के नगर प्रशासन मंत्री केएन नेहरू, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के परिसरों में तलाशी ली गई है. यह छापेमारी कथित वित्तीय अनियमितताओं और अनुपातहीन संपत्ति संचय की जांच के सिलसिले में की गई है. सूत्रों के अनुसार ईडी की टीमों ने अडयार, तेयनंपेट, सीआईटी कॉलोनी और एमआरसी नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संपत्तियों की तलाशी ली, जो कथित तौर पर मंत्री नेहरू के बेटे केएन अरुण और भाई केएन रवि चंद्रन से जुड़ी हुई थीं. अन्य स्थानों में नेहरू के भाइयों मणिवन्नन और रवि चंद्रन के चेन्नई और कोयंबतूर में आवास शामिल हैं.



# सूडान में भूस्खलन

## सूडान के पश्चिमी इलाके में 1,000 लोगों की मौत

### दारफुर का पूरा गांव तबाह



**एजेंसियां। दारफुर (सूडान)**

सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है. इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने मंगलवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ. रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है. इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है.

**गांव के लगभग सभी लोगों की मौत :** सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है. केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है. अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं. गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है. राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है. स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं.

**हजारों विस्थापित परिवारों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण :** मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है. यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किमी लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं. यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं.

### भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

# रॉकेट व सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत : मोदी



- इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है.



**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया. इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है. इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है.

**क्यों खास है विक्रम 3201 :** यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है. इसकी -55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है. इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट को संभालना है. इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे.

इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था. अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, Ada प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553B बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं. इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीएमओएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है.

**पहले ही हो चुका है स्पेस टेस्ट :** 'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवी-C60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है. इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है. इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था. यह 32-बिट आर्किटेक्चर पर आधारित है और ओपन-सोर्स टूलचेन को सपोर्ट करता है. इसके अलावा इसरो ने चार और स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी पेश किए हैं, ये सभी उपकरण भारत की आयात निर्भरता कम करेंगे.

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम :** स्पेस-ग्रेड प्रोसेसर आमतौर पर बाजार में उपलब्ध नहीं होते और इन्हें विदेशों से आयात करना पड़ता है. 'विक्रम 3201' के साथ भारत ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है. इससे सप्लाई चेन बाधाओं और आयात निर्भरता में कमी आएगी. इसरो ने इसके लिए पूरा सॉफ्टवेयर ईकोसिस्टम भी तैयार किया है, जिसमें एडीए कंपाइलर, असेंबलर, लिंकर्स, सिमुलेटर और डेवलपमेंट एनवायरनमेंट शामिल हैं. ईसरो के मुताबिक, जल्द ही सी कंपाइलर भी तैयार किया जाएगा.

**सेमिकॉन सम्मेलन में सेमीकंडक्टर पर फोकस :** तीन दिन चलने वाले सेमिकॉन इंडिया सम्मेलन में प्रोसेसर लॉन्च के साथ ही सरकार ने बताया कि देश में 5 नए सेमीकंडक्टर यूनिट्स का निर्माण हो रहा है. डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के तहत भारत अब वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत स्थान बनाने की ओर बढ़ रहा है.

## वायु सेना ने पाक एयरबेस के पास शुरू किया हवाई अभ्यास

- ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत-पाकिस्तान के तटीय इलाके में सैन्य अभ्यासों की हलचल तेज

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर जारी रहने के बीच अरब सागर में भारत-पाकिस्तान के तटीय इलाके में विभिन्न तरह के सैन्य अभ्यासों की हलचल तेज है. अब भारतीय वायु सेना ने मंगलवार से गुजरात और राजस्थान के पास अरब सागर में दो दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया है.

यह अभ्यास मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे से शुरू हुआ, जो 3 सितंबर को दोपहर 2 बजे तक चलेगा. हवाई अभ्यास का यह क्षेत्र पाकिस्तान के कराची तट से केवल 200 समुद्री मील की दूरी पर स्थित है, जो पाकिस्तान-नियंत्रित वायु क्षेत्र से 70 समुद्री मील के करीब है. भारतीय वायु सेना के अनुसार यह एक नियमित अभ्यास है और इसी के तहत पहले ही नोटम (एयरमैन को नोटिस) जारी किया गया था. नोटम या एयर मिशन को नोटिस एक प्रकार की सूचना है, जो विमानन क्षेत्र में किसी विशिष्ट स्थान या स्थिति से संबंधित आवश्यक जानकारी या चेतावनी देती है. इसका उद्देश्य उड़ान संचालन में शामिल लोगों को उन परिस्थितियों के बारे में सूचित करना है, जो मानक प्रकाशनों के माध्यम से वितरित करने के लिए पर्याप्त समय से पहले उपलब्ध नहीं हैं. नोटम का मतलब राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र प्रणाली के किसी भाग को प्रभावित करने वाली किसी भी असामान्य या असामान्य परिस्थितियों के बारे में जानकारी देना है.

### करियप्पा ग्राउंड में थल सैनिक शिविर का उद्घाटन, 1,546 एनसीसी कैडेट्स शामिल होंगे

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में मंगलवार को अतिरिक्त महानिदेशक (ए) एयर वाइस मार्शल पीवीएस नारायण ने अखिल भारतीय थल सैनिक शिविर (एआईटीएससी) का उद्घाटन किया. इसमें देशभर के 17 डिवीजन के 1500 से अधिक एनसीसी कैडेट भाग लेंगे. इस प्रशिक्षण शिविर में फायरिंग प्रतियोगिताएं, मानचित्र वाचन, बाधा प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, युद्ध क्राफ्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे. एनसीसी के मुताबिक यह एक प्रमुख शिविर है, जो अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है और कैडेटों को जिम्मेदार नागरिक और भविष्य के नेता के रूप में तैयार करता है. सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 17 एनसीसी निदेशालयों के 867 लड़के और 679 लड़कियों सहित कुल 1,546 कैडेट बारह दिवसीय थल सैनिक शिविर में भाग लेंगे. भाग लेने वाले कैडेट विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे बाधा प्रशिक्षण, मानचित्र वाचन और अन्य संस्थागत प्रशिक्षण प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे.

### नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नागपुर ।** महाराष्ट्र के नागपुर एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह आपातकालीन स्थिति में वापस नागपुर हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा. सीनियर एयरपोर्ट डायरेक्टर ने इसकी पुष्टि की है. नागपुर एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए फ्लाइट संख्या 6ई-812 ने जैसे ही उड़ान भरी तभी एक पक्षी विमान के अगले हिस्से से टकरा गया, जिससे इंजन में खराबी आ गई और विमान लड़खड़ाने लगा. इस विमान में कुल 272 यात्री सवार थे. इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वापस एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें विमान से सुरक्षित बाहर निकाल उतार लिया गया है.

## सुकमा में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या की

**सुकमा ।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला सुकमा के केरलापाल के ग्राम सिरसेटी के नंदापारा में दो ग्रामीणों की नक्सलियों ने मुखबिरी के आरोप में हत्या कर दी. साथ ही दो ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई है. उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. सुकमा एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार ने मंगलवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सोमवार रात 11 बजे ग्राम सिरसेटी के नंदापारा में बड़ी संख्या में नक्सली पहुंचे. नक्सलियों ने रात में गांव के दो ग्रामीण पदाम पोजा और पदाम देवेंद्र की हत्या कर दी और दो ग्रामीणों की पिटाई कर दी. घायल ग्रामीणों को गांव से लाने की तैयारी की जा रही है. इस इलाके में सड़क नहीं होने की वजह से इन ग्रामीणों को अभी तक केरलापाल लाया नहीं गया है. सुकमा के जिला पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा प्राप्त हुई है. जांच के लिए घटनास्थल पर टीम भेजी गई है. बस्तर पुलिस के अनुसार, साल 2025 में अब तक माओवादी हिंसा में कुल 32 लोगों की जान जा चुकी है. इस वर्ष अब तक नौ शिक्षादूतों की मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों द्वारा हत्या की जा चुकी है. इनमें सुकमा जिले के अर्जुन डोडी, कवासी सुक्का और राम-लक्ष्मण बादसे तथा बीजापुर जिले के विनोद मनडे, सुरेश मेट्टा, अशोक मुचाकी, बामन राम कश्यप, कुंजाम भीमा तथा लालू ताती शामिल हैं.

### केसीआर की बेटी कविता को पार्टी से किया निलंबित

**एजेंसी । हैदराबाद**



तेलंगाना की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी एमएलसी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है. बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं. उन पर 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने और संगठन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है. बीआरएस ने कहा है कि पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने एमएलसी कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया है. कविता को पार्टी से ऐसे समय में बर्खास्त किया गया है, जब बीआरएस पहले से ही अंदरूनी चुनौतियों का सामना कर रही है. बर्खास्तगी से एक दिन पहले कविता ने उस समय पार्टी के भीतर तूफान खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया. उन्होंने वरिष्ठ नेता टी. हरीश राव और पूर्व सांसद मेघा कृष्णा रेड्डी पर उनके पिता पर 'भ्रष्टाचार का ठप्पा' लगाने का आरोप लगाया और दावा किया कि हरीश राव और संतोष कुमार ने उन्हें हाशिये पर धकेलने की साजिश रची.

### मनोज जरांगे की बड़ी जीत

## मराठा आरक्षण देने को राजी हो गयी महाराष्ट्र सरकार

- कुनबी प्रमाण पत्र के लिए बनेगी कमेटी, खत्म किया अनशन

**एजेंसियां। मुंबई**

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने मंगलवार को कहा कि उनकी लंबे समय से चल रही मांग पूरी हो गई है. उन्होंने मुंबई में अपने हजारों समर्थकों से कहा कि हम जीत गए. महाराष्ट्र सरकार उनकी मांगों पर काम करने के लिए तैयार हो गई है. दरअसल बॉम्बे हाई कोर्ट ने जरांगे और उनके समर्थकों को मंगलवार दोपहर 3 बजे तक आजाद मैदान खाली करने का आदेश दिया था. कोर्ट ने चेतावनी दी थी कि अगर आदेश का पालन नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इस बीच, मनोज जरांगे ने अपना अनशन समाप्त करने की घोषणा कर दी.

**सरकार ने जरांगे की सभी मांगें मान ली :** मनोज जरांगे पाटिल मराठा समुदाय को ओबीसी वर्ग से आरक्षण देने की मांग को लेकर मुंबई के आजाद मैदान में बैठे थे. उनके अनशन का पांचवां दिन था. मनोज जरांगे ने तय किया कि जब तक आरक्षण नहीं दिया जाता और मेरी मांगें नहीं मानी जातीं, वह मुंबई नहीं छोड़ेंगे. ऐसे में मराठा उप-समिति के अध्यक्ष राधाकृष्ण विखे पाटिल ने मनोज जरांगे पाटिल से मुलाकात की. इस दौरान राधाकृष्ण विखे पाटिल ने जरांगे पाटिल को सरकार की ओर से तैयार किया गया मसौदा दिखाया. कहा कि सरकार ने मनोज जरांगे पाटिल की सभी मांगें मान ली हैं.



**जीआर जारी होते ही छोड़ देंगे मुंबई**

मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप-समिति के अन्य सदस्यों - शिवेन्द्रसिंह भोसले, उदय सामंत, माणिकराव कोकाटे ने दोपहर में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में जरांगे से मुलाकात की और समिति की ओर से अंतिम रूप दिए गए मसौदे पर उनके साथ चर्चा की. उप-समिति ने हैदराबाद गजट को लागू करने की जरांगे की मांग को स्वीकार कर लिया और कहा कि कुनबी रिकॉर्ड वाले मराठों को उचित जांच के बाद जाति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे.

**बयानबाजी**

### एससीओ सम्मेलन से बौखलाए डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो बोले

# भारत को रूस की नहीं, हमारी जरूरत होनी चाहिए

**एजेंसी । वाशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो इन दिनों भारत के खिलाफ अपने बड़बोले बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं. अब उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बैठक की आलोचना की है. नवारो ने मोदी को 'तानाशाहों के साथ गले मिलने वाला' बताया' और इसे एक 'शर्मनाक' कदम करार दिया. नवारो ने यह भी कहा कि भारत को रूस की नहीं बल्कि अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन की जरूरत है. पत्रकारों से बातचीत में नवारो ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को खुध को दो बड़े तानाशाहों के साथ जोड़ना समझ में नहीं आता. मोदी से उम्मीद है कि वह जल्द ही यह समझेंगे कि उन्हें रूस के बजाय अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन के साथ खड़ा होना चाहिए. नवारो का यह बयान तब सामने आया है, जब पीएम मोदी ने एससीओ के इतर चीन और रूस के साथ सीधे मजबूत संबंध दिखाने की कोशिश की. नवारो ने इस कदम को 'बेहद शर्मनाक' करार दिया और कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता का रुख समझ से बाहर है.

**50 फीसदी टैरिफ से बढ़ा व्यापार संबंधों में तनाव :** ट्रंप के व्यापार सलाहकार तबसे लगातार भारत की आलोचना कर रहे हैं, जबसे अमेरिका और भारत के बीच व्यापार में तनाव बढ़ा जा रहा है. ट्रंप प्रशासन ने भारतीय सामानों पर 50 फीसदी तक टैरिफ लगाया है, जिसमें 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीदने पर लागू किया गया है.

**एससीओ सम्मेलन में क्या बोले मोदी, पुतिन और जिनपिंग :** वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच बेहतर संपर्क के जरिए व्यापार और भरोसा बढ़ाने पर जोर दिया. सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के जरिए हो रहे अंतरराष्ट्रीय संवाद अब एक ऐसे नए यूरेशियाई सुरक्षा ढांचे की नींव रख रहे हैं, जो पुराने यूरोप-केंद्रित मॉडल की जगह ले सकते हैं. वहीं, चीन राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एससीओ के सदस्य देशों से आग्रह किया कि वह निष्पक्षता और न्याय सुनिश्चित करते हुए सभी मुद्दों का समाधान करें.

### ट्रंप की हत्या की कोशिश के आरोपी पर चलेगा केस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमे की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. आरोपी रयान राउथ मंगलवार को मुकदमे से पूर्व सुनवाई के दौरान अपनी पैरवी खुद करेगा. रयान पर पिछले साल फ्लोरिडा में ट्रंप की हत्या की कोशिश करने का आरोप है. अगर किसी वजह से कोई देरी नहीं हुई तो सोमवार को फोर्ट पियर्स की संघीय अदालत में इस मामले के लिए जूरी के चयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. जुलाई में अमेरिकी जिला जज एली कैनन ने राउथ को खुद की पैरवी करने की अनुमति दी थी.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).

आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.